Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 127
लखनऊ, मंगलवार, 25 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षण में योगदान पर भारत को गर्व : जयशंकर

## जंगलराज वाले महाकुंभ के बारे में बुरा बोल रहे: मोदी



भागलपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 19वीं किस्त जारी करने और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के दौरान।

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली

**बिहार में वर्ष** के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल फूंक दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार में लालू यादव के नेतृत्व वाली 'जंगल राज' सरकार पर हमला बोला। मोदी ने कहा कि वही लोग अब प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं।बिहार के भागलपुर जिले में एक समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने पार्टी या पूर्व मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर यह भी आरोप लगाया कि 'जंगल राज वाले हमारी विरासत और हमारी आस्था से नफरत करते हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'प्रयागराज में महाकुंभ भारत की एकता का सबसे बड़ा उत्सव है। इसमें पवित्र डुबकी लगाने वाले लोगों की संख्या यूरोप की जनसंख्या से अधिक है। बिहार से भी कई लोग तीर्थयात्रा पर गए हैं।'

मोदी ने कहा, 'लेकिन ये जंगल राज वाले महाकुंभ के बारे में बुरा बोल रहे हैं और अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। ये लोग अयोध्या में राम मंदिर के भी विरोधी थे। मैं जानता हूं कि बिहार उन्हें माफ नहीं करेगा।' हाल ही में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रसाद ने भारी भीड़ पर सवाल उठाते हुए कहा, 'कुंभ का क्या मतलब है? यह बकवास है।' देश भर में लगभग 100 मिलियन लाभार्थियों को लगभग 23,000 करोड़ रुपये वितरित करने वाले प्रधानमंत्री ने अपने 40 मिनट के भाषण की शुरुआत कुंभ और बिहार के साथ उसके संबंध के संदर्भ से की। मोदी ने कहा, मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं ऐसे समय में मंदार पर्वत के निकट हूं, जब प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। निकटवर्ती बांका जिले में स्थित 'मंदार पर्वत' पौराणिक समुद्र मंथन से जुड़ा है, जिससे एक कलश (कुंभ) में अमृत निकला था, जिसकी बूंदें प्रयागराज, नासिक, उज्जैन और हरिद्वार में गिरी थीं, जहां हर 12 साल में कुंभ मेला लगता है। मोदी ने चारा घोटाला मामलों में दोषी ठहराए गए प्रसाद पर भी कटाक्ष करते हुए कहा, 'चारा चुराने वाले लोग (शेष पृष्ठ 9)

## कुंभ के बारे में जैसी दृष्टि थी, वैसी सृष्टि नजर आई: मुख्यमंत्री

### विधानसभा में योगी बोले, अब नकल माफिया की तोड़ी जा रही कमर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** में सोमवार को मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए सपा सदस्यों को पेपर लीक पर धोया। बोले कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग रहा हो या अधीनस्थ सेवा चयन आयोग या उत्तर प्रदेश माध्यमिक व उच्च शिक्षा आयोग, आपके समय में इन सभी में धूल लग चुका था। इन आयोगों-बोर्डों की छवि किसी से छिपी नहीं थी। यह प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में कार्य करते थे, लेकिन आज पारदर्शी तरीके से न सिर्फ नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, बल्कि नकल माफिया की कमर भी तोड़ी जा रही है। युवाओं के जीवन से खिलवाड़ करने वालों की संपत्ति कुर्क, जब्त और आजीवन कारावास की सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने सपा सदस्यों से कहा कि कुम्भ के बारे में जैसी आपकी दृष्टि थी, वैसी सृष्टि नजर आई। हम लोग कुम्भ के संदेश को एकता के संदेश के रूप में देखते हैं। सत्य एक है, देखने की दृष्टि अलग-अलग हो सकती है। सनातन धर्म शाश्वत है और शाश्वत रहेगा। आपका विघटन करना, तोड़ना षडयंत्र बेनकाब साबित हुआ है और आगे भी होगा। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा कि कुम्भ के संदेश से सीखें। संदेश यही है कि साथ-साथ चलने से ही विकास होगा। सीएम ने चर्चा में भाग लेने वाले सदस्यों के प्रति आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 7.5 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। हमने एमएसएमई सेक्टर को आगे बढ़ाया। इससे दो करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। प्रदेश के अंदर 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने का परिणाम था कि 60 लाख नौजवानों को नौकरी मिली है। इसके अलावा अब नए बजट के जरिए आउटसोर्सिंग या संविदा कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाने की क्रांतिकारी घोषणा होने जा रही है। (शेष पृष्ठ 9)

## दिल्ली वालों का बकाया संपत्ति कर होगा माफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली नगर निगम** ने गृह कर माफी योजना की घोषणा की है, जिससे दिल्ली के निवासी वित्त वर्ष 2024-25 का जो लोग संपत्ति कर का भुगतान कर देंगे, उनका जितना भी पिछला बकाया कर होगा वह माफ कर दिया जाएगा। इसके अलावा 100 गज से 500 गज तक के जो घर हैं, उनका हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। 100 गज से नीचे जो भवन हैं, उनका मकान का हाउस टैक्स पूरी तरीके से माफ कर दिया जाएगा। रिहायशी मकान में जिनमें दुकानें चल रही है और उनका व्यावसायिक हाउस है, तो उसमें भी हाउस टैक्स माफ किया जाएगा जबकि 1,300 आवासीय सोसायटी को जो पहले किसी छूट के लिए योग्य नहीं थीं, अब 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि इस फैसले से हाउस टैक्स की आड़ में चल रहे भ्रष्टाचार की कमर टूटेगी, मंगलवार को एमसीडी सदन में वह इस प्रस्ताव को पास कर देंगे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, नेता दुर्गेश पाठक, महापौर महेश



आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह और दुर्गेश पाठक, मेयर महेश खिंची और सदन के नेता मुकेश गोयल ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

खींची और नेता सदन मुकेश गोयल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा से आम लोगों के फायदे और उनकी जिंदगी में आसान बनाने का काम किया है। खिंची ने कहा कि आप ने हमेशा अपना वादा पूरा किया है और हालिया फैसला गृह स्वामियों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। एमसीडी 12,000 संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की योजना पर भी आगे बढ़ रही है। इसके अलावा पिछले दो वर्षों में 8,000 कर्मचारियों को पहले ही स्थाई किया जा चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कर माफी योजना से न केवल मकान मालिकों को राहत मिलेगी, बल्कि कर संग्रह में पारदर्शिता भी आएगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। आप ने लगातार आम आदमी के कल्याण के लिए काम किया है और यह निर्णय उस प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इसे आप के नेतृत्व वाली एमसीडी का ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से हजारों परिवारों को राहत मिलेगी जो वर्षों से अत्यधिक गृह कर के बोझ तले दबे हुए हैं। आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि इस कदम से कर संग्रह में भ्रष्टाचार खत्म होगा क्योंकि कई मकान मालिकों को बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के कारण अधिकारियों द्वारा परेशान किया जाता था। (शेष पृष्ठ 9)

## 2020-21 से केदारनाथ मंदिर की आय दोगुनी से अधिक हुई



**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**एक आरटीआई** से पता चला है कि केदारनाथ मंदिर को चढ़ावे, दान और भक्तों को दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं से होने वाली आय मार्च 2021 से दोगुनी से अधिक हो गई है। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने नोएडा स्थित आरटीआई कार्यकर्ता अमित गुप्ता द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत दायर प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2020-21 में यह 22.04 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 52.9 करोड़ रुपये हो गई। वार्षिक ब्यौरा देते हुए समिति ने कहा कि उत्तराखंड में प्रसिद्ध हिमालयी मंदिर की आय 2020-21 में 22.04 करोड़ रुपये थी, यह कोविड-19 महामारी के मद्देनजर 2021-22 में घटकर 16.52 करोड़ रुपये रह गई, लेकिन 2022-23 में फिर बढ़कर 29.67 करोड़ रुपये और 2023-24 में 52.9 करोड़ रुपये हो गई। इस अवधि के दौरान मंदिर की आय में 2.3 गुना वृद्धि हुई। 2021 में भक्तों के लिए मंदिर को खोलने में देरी, अनिवार्य नकारात्मक आरटी-पीसीआर परीक्षण रिपोर्ट, मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या पर दैनिक सीमा, मास्क पहनने और सामाजिक दूरी के मानदंडों के अनुपालन जैसे प्रतिबंधों ने महामारी के दौरान तीर्थयात्रियों की आमद को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। हालाँकि, जैसे ही कोविड मामलों की संख्या में कमी आई और यात्रा मानदंडों में ढील दी गई, अगले वर्ष तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई, जिससे मंदिर की आय एक बार फिर बढ़ गई। मंदिर समिति ने कहा कि यह प्रवृत्ति 2023-24 में भी जारी रहेगी। मंदिर की आय श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे और दान से होती है, साथ ही हेलीकॉप्टर सेवाओं से आने वालों को दी (शेष पृष्ठ 9)

## प्रदूषण कम होने पर दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-2 हटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली-राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की वायु गुणवत्ता से जुड़े केंद्र के पैनल ने अनुकूल मौसम संबंधी स्थितियों के कारण प्रदूषण स्तर में गिरावट आने के बाद सोमवार को क्रमिक प्रतिक्रिया कार्ययोजना के चरण दो (ग्रैप-2) से संबंधित प्रतिबंधों को हटा दिया। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक शाम चार बजे 186 रहा, जो चरण दो के प्रतिबंधों को लागू करने के लिए जरूरी 300 अंक से काफी नीचे है। भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान का अनुमान है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम से खराब श्रेणी में रहेगा। एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बेहतर वायु गुणवत्ता का श्रेय वेंटिलेशन गुणांक और प्रदूषकों के फैलाव के लिए बहुत अनुकूल स्थितियों समेत अन्य कारकों को दिया। चरण 2 के प्रतिबंध हटने के साथ ही अब एनसीआर राज्यों से अंतरराज्यीय बसों के दिल्ली में प्रवेश की अनुमति मिल गई है। सर्दियों के दौरान, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्रैप के तहत प्रतिबंध लागू होते हैं, जो वायु गुणवत्ता को चार चरणों में वर्गीकृत करता है जिनमें चरण एक (खराब, वायु गुणवत्ता सूचकांक 201-300), चरण दो (बहुत खराब, वायु गुणवत्ता सूचकांक 301-400), चरण तीन (गंभीर, वायु गुणवत्ता सूचकांक 401-450), और चरण चार (अति गंभीर, वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 से ऊपर) शामिल हैं।

## सुरंग में फंसे लोगों के बचने की उम्मीद कम

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**तेलंगाना के** मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने सोमवार को कहा कि दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब बहुत कम है, हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 2023 में उत्तराखंड में सिल्कयारा बेंड-बरकोट सुरंग में फंसे निर्माण श्रमिकों को बचाने वाले रैट माइनर्स (हाथ से पर्वतीय क्षेत्रों की खुदाई करने में महारत रखने वाले व्यक्तियों) की एक टीम लोगों को निकालने के लिए बचाव दल के साथ सहयोग कर रही है।

मंत्री ने कहा कि फंसे हुए लोगों को बचाने में कम से कम तीन से चार दिन लगेंगे, क्योंकि दुर्घटना स्थल कीचड़ और मलबे से भरा हुआ है जिससे बचाव दल के लिए यह एक मुश्किल काम बन गया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो उनके बचने की संभावना बहुत, बहुत, बहुत, बहुत ही कम है क्योंकि मैं खुद उस आखिरी छोर तक गया था जो (दुर्घटना स्थल से) लगभग 50 मीटर दूर था। जब हमने तस्वीरें लीं तो (सुरंग का) अंत दिखाई दे रहा था और नौ मीटर के व्यास वाली सुरंग में लगभग 30 फुट में से 25 फुट तक



नागरकुरनूल के श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना स्थल, जहां सुरंग का एक हिस्सा ढह गया है। सुरंग में आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पीटीआई

कीचड़ जमा हो गया है। उन्होंने कहा, जब हमने उनके नाम पुकारे, तो कोई जवाब नहीं मिला... इसलिए, (उनके बचने की) कोई संभावना नहीं दिखती है। इस सुरंग में पिछले 48 घंटों से फंसे लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के मनोज कुमार और श्री निवास, जम्मू कश्मीर के सनी सिंह, पंजाब के गुरप्रीत सिंह और झारखंड के संदीप साहू, जेगता जेस, संतोष साहू और अनुज साहू के रूप में हुई है। इन आठ लोगों में से दो इंजीनियर, दो ऑपरेटर और चार मजदूर हैं।

कृष्ण राव ने कहा कि कई मशीनों की मदद से मलबा हटाने का काम जारी है। राव के अनुसार, सुरंग खोदने वाली मशीन (टीबीएम) का वजन कुछ सौ टन है, लेकिन सुरंग ढहने के बाद और पानी के तेज बहाव के कारण मशीन लगभग 200 मीटर तक बह गई। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन की आपूर्ति और पानी निकालने का काम लगातार किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर फंसे हुए लोगों के बचने की संभावना को लेकर निराशा जताते हुए कहा, अगर यह मान लें कि वे (फंसे हुए लोग) टीबीएम मशीन के निचले हिस्से में हैं, यह भी मान लें कि वह मशीन ऊपर है, तो हवा (ऑक्सीजन) कहां है? नीचे, ऑक्सीजन कैसे जाएगी? सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के साथ बचाव अभियान की देखरेख करने वाले राव ने कहा, सभी प्रकार के प्रयासों, सभी प्रकार के संगठनों (काम करने) के बावजूद, मलबा और अवरोधकों को हटाने में, मुझे लगता है कि... लोगों को निकालने में तीन-चार दिन से कम समय नहीं लगेगा। राव ने कहा कि मलबे को हटाने के लिए सुरंग में कन्वेयर बेल्ट को बहाल किया जा रहा है।

इस बीच, तेलंगाना के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना के संबंध में स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं और बचाव कार्यों में शामिल मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। सीएमओ ने रविवार देर रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि रेड्डी ने अधिकारियों को फंसे हुए लोगों को बचाने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ने का निर्देश दिया है, जबकि भारतीय सेना और नौसेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) एवं अन्य एजेंसियों के साथ बचाव अभियान में शामिल हो गई है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सुरंग में पानी घुसने से वहां जारी बचाव अभियान में बाधा आ रही है। पानी निकालने का काम जारी है जबकि सुरंग में ऑक्सीजन की आपूर्ति लगातार की जा रही है। पोस्ट में कहा गया है कि (शेष पृष्ठ 9)

## मोटापे के खिलाफ अभियान में भाग लेंगी हस्तियां, पीएम ने किया नामित

**पीटीआई।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ लड़ाई में मदद के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उद्योगपति आनंद महिंद्रा और अभिनेता मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रों के 10 लोगों को नामित किया। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से मोटापे से बचने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मैं मोटापे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और भोजन में तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कुछ लोगों को नामित करना चाहूंगा। मैं उनसे यह भी अनुरोध करता हूं कि वे भी आगे ऐसे 10 और लोगों को नामित करें ताकि हमारा आंदोलन बड़ा हो सके।

मोदी ने जिन अन्य हस्तियों को नामित किया है उनमें भोजपुरी गायक-अभिनेता निरहुआ, निशानेबाज मनु भाकर, भारोत्तोलक मीराबाई चानू, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, अभिनेता आर माधवन, गायिका श्रेया घोषाल और सामाजिक कार्यकर्ता एवं सांसद सुधा मूर्ति के नाम शामिल हैं। मोटापे के खिलाफ लड़ाई की जोरदार वकालत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से भोजन में कम तेल का उपयोग करने और 10 अन्य लोगों को यह चुनौती देने का आग्रह किया था। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर खुश हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के अभियान से जुड़ने के लिए 10 लोगों को नामित किया।



आनंद महिंद्रा



निशानेबाज मनु भाकर



उमर अब्दुल्ला



अभिनेता मोहनलाल

अब्दुल्ला ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी जीवनशैली से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, साथ ही चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां भी पैदा होती हैं। आज मैं मोटापे के खिलाफ प्रधानमंत्री के अभियान में शामिल होने के लिए इन 10 लोगों को नामित कर रहा हूं और उनसे इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए 10-10 और लोगों को नामित करने का अनुरोध कर रहा हूं। अब्दुल्ला द्वारा नामित लोगों में बायोकॉन की प्रबंध निदेशक किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति सज्जन जिंदल, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण (शेष पृष्ठ 9)

## बांग्लादेश में वायुसेना केंद्र पर हमला, फायरिंग में एक मरा

**भाषा।** ढाका

**दक्षिण-पूर्वी** तटीय शहर कॉक्स बाजार में बांग्लादेश की वायु सेना के अड्डे पर सोमवार को किए गए हमले का सुरक्षाकर्मियों ने माकूल जवाब दिया और इस दौरान एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) निदेशालय ने कहा कि उपद्रवियों ने दोपहर के समय कॉक्स बाजार के समिति पारा के पास वायु सेना अड्डे पर अचानक हमला कर दिया। आईएसपीआर के एक




बयान में कहा गया, बांग्लादेश वायु सेना इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। तटीय जिले के उपायुक्त मोहम्मद सलाहुद्दीन ने कहा, झड़प के दौरान 30 वर्षीय स्थानीय व्यापारी शिहाब कबीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि हमले के कारणों की गहन जांच की जाएगी। (शेष पृष्ठ 9)

# मुख्यमंत्री ने की सपा की खिंचाई, बोले-समाजवादी से सनातनी हो गए हैं नेता प्रतिपक्ष

## सीएम योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बजट सत्र के पांचवें दिन महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर चर्चा है। इसमें सत्ता पक्ष से जुड़े 98 और प्रतिपक्ष के 48 (कुल 146 सदस्यों) ने चर्चा में भाग लिया है। सीएम ने कहाकि नेता प्रतिपक्ष समाजवादी से सनातनी हो गए हैं। स्वभाव के विपरीत उन्होंने अपने सदस्यों को टोका भी। स्वागतयोग्य है कि आपने इस विषय को समझा और महत्व देकर सम्मान का भाव प्रकट किया। सीएम ने सपा के सोशल मीडिया सेल के हैंडल के जरिए उन पर प्रहार किया।

नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर सीएम ने जवाब देते हुए कहा कि जिन महापुरुषों ने भी भारत में जन्म लिया, मैं उन सभी को मानता हूं। मैं बुद्ध, जैन परंपरा (सभी तीर्थंकरों) को मानता हूं। हम लोग सनातन धर्म के साथ-साथ बौद्ध तीर्थस्थलों के पुनरोद्धार व सुंदरीकरण का कार्य कर रहे हैं। भारत के प्रति सम्मान का भाव रखने वाले और सनातन परंपरा में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका रखने वाले सभी पंथ-संप्रदाय (बौद्ध, जैन, सिख) का हम सम्मान करते हैं। पीएम मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया है। पहली बार गुरुवाणी का पाठ निरंतर मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दृश्य की चर्चा की। समाजवादी पार्टी के सदस्यों को इंगित करते हुए बोले कि आप संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे महानुभावों के प्रति आप लोगों का दृष्टिकोण क्या है, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के दृश्य देखकर इसका सहज अनुमान लगा सकते हैं। जो शोरशराबा, टिप्पणियां और राज्यपाल के प्रति व्यवहार किया जा रहा था, क्या वह संवैधानिक था। यदि ऐसा व्यवहार संवैधानिक है तो फिर असंवैधानिक क्या है। आप लोग भाषण बहुत देते हैं, लेकिन वास्तविक आचरण देखना है कि सपा सोशल मीडिया सेल का हैंडल देखिए। वह उनकी विचारधारा, आंतरिक शिष्टाचार, लोकतंत्र के प्रति उनके विचारों की अभिव्यक्ति का ऐसा माध्यम है, जिससे कोई भी सभ्य समाज लज्जा महसूस करता है। फिर भी आप दूसरों को उपदेश देते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की टिप्पणी से बात का आगाज किया। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा कि मानव का मानव होना उपलब्धि है, मानव का

### उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश और दुनिया में बनी नजीर

**योगी** आदित्यनाथ ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है। वहीं कानून के राज से किसको चिढ़ है यह तो हर व्यक्ति जानता है। सरकार की कार्य पद्धति, टेक्नोलॉजी का उपयोग, पारदर्शी व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण, पुलिस रिफॉर्म इन जैसे मुद्दों पर जो सतत मॉनिटरिंग के जो कार्य हुए हैं, आज उसके परिणाम हम सभी के सामने हैं। कोई संदेह नहीं, आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश में एक नजीर बनी हुई है। आपकी परेशानी को मैं समझ सकता हूं, लेकिन उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के बारे में हर व्यक्ति चर्चा कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष तीर्थ यात्री बन करके देश में कहीं घूम करके आएं। आप उत्तर प्रदेश के नाम पर जाइए, आपको सम्मान भी मिलेगा और लोग आपके सामने कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा भी करेंगे। प्रदेश की कानून व्यवस्था देश में एक मॉडल व्यवस्था बनी है।

### समाजवादी पार्टी के आचरण से सभ्य समाज हमेशा रहा है व्यथित

**योगी** ने संविधान के सम्मान और संरक्षण को लेकर समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों को जमकर आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, कांशीराम और अन्य दलित-पिछड़े महापुरुषों को समाजवादी पार्टी और विपक्ष की सरकारों ने कभी सम्मान नहीं दिया। सीएम योगी ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार ने संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के सम्मान में कई कार्य किए हैं, जिसमें पंच तीर्थों का निर्माण और अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना शामिल है। सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कृत्य को दुनिया ने अपनी आंखों से देखा है, उसको कहीं से भी क्लीन चिट मिल जाए फिर भी वे अपने पाप छुटकारा नहीं पा सकते हैं। समाजवादी पार्टी के इस आचरण से तो हर सभ्य समाज हमेशा व्यथित रहा है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आप समाजवादी कब से अंबेडकर को सम्मान देने लगे? आपने तो कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया था। 2012 में जब आपकी सरकार बनी थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कहा था कि अंबेडकर जी और अन्य सामाजिक न्याय के महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को तोड़कर मैरिज हॉल बना देंगे।

### जो मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए वे कहते थे कि यह वीआईपी कुम्भ हो गया

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जीरो पॉवर्टी की बात की। आप लोगों के कुछ रटेरटाए शब्द हैं, जिसे आप हमेशा बोलेंगे। जो मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए, वे कहते थे कि यह वीआईपी कुम्भ हो गया। आप लोगों ने गरीबी देखी नहीं, बल्कि गरीबी का उपहास करना जन्मसिद्ध अधिकार समझा है। गरीबों को जो अधिकार प्राप्त होने चाहिए थे, उन्हें ईमानदारी से आपने नहीं दिया। समाजवादी पार्टी की सरकार जब भी रही, गरीबों के लिए कोई स्कीम बन नहीं पाई।

तमाम योजनाएं ऐसी हैं, जो बताती हैं कि इसे काफी पहले लागू होनी चाहिए था। पीएम आवास योजना में देश में चार करोड़ गरीबों के आवास बने हैं। 2017 के बाद यूपी में 56 लाख गरीबों के आवास बनाए जा चुके हैं, लेकिन सपा सरकार ने ढाई वर्ष (2014 से मार्च 2017) तक कोई प्रस्ताव नहीं भेजा। क्योंकि गरीब उनकी प्राथमिकता में नहीं था।

### अगले तीन वर्ष के भीतर गरीबी मुक्त होगा यूपी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि महाकुम्भ का प्रसाद सब तक पहुंचना चाहिए। इसलिए हमने तय किया है कि अगले तीन वर्ष के भीतर यूपी गरीबी रेखा से पूरी तरह मुक्त हो। हम हर व्यक्ति का जीवन स्तर इतना उठाएंगे कि वह सम्मान से खुद को यूपीवासी कह सके। आपने (सपा) तो पहचान का संकट खड़ा कर दिया। 2017 के पहले की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। यूपी के नाम पर धर्मशाला में कमरा भी नहीं मिलता था। सपा ने यही पहचान दिलाई थी। आज महाकुम्भ व अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण के बाद प्रदेशवासी जहां भी जा रहे हैं, उन्हें सम्मान मिल रहा है। हमने यूपीवासियों को उनकी पहचान दी है। उत्तर प्रदेश के पास जो पहचान, ऊर्जा, प्रतिभा है, सरकार उन्हें अधिकार दिलाने का कार्य करेगी। इस योजना में सर्वे के पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। देश में लगभग 25 करोड़ व यूपी में पिछले पौने आठ वर्ष में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में मदद की है।

### अब नकल माफिया की तोड़ी जा रही कमर

**मुख्यमंत्री** ने सपा सदस्यों को पेपर लीक पर धोया। बोले कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग रहा हो या अधीनस्थ सेवा चयन आयोग या उत्तर प्रदेश माध्यमिक व उच्च शिक्षा आयोग, आपके समय में इन सभी में धूल लग चुका था। इन आयोगों-बोर्डों की छवि किसी से छिपी नहीं थी। यह प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में कार्य करते थे, लेकिन आज पारदर्शी तरीके से न सिर्फ नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, बल्कि नकल माफिया की कमर भी तोड़ी जा रही है। युवाओं के जीवन से खिलवाड़ करने वालों की संपत्ति कुर्क, जब्त और आजीवन कारावास की सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

### समय उत्तम कभी नहीं आता, समय को उत्तम बनाना पड़ता

**सीएम** ने नेता प्रतिपक्ष से पूछा कि आपके समय में यूपी क्यों पिछड़ा था। उन्होंने बताया कि एक चिंतक ने कहा कि समस्या के बारे में सोचने पर बहाने मिलते हैं, समाधान के बारे में सोचने पर रास्ते मिलते हैं, जिंदगी आसान नहीं है, बस खुद को मजबूत बनाना पड़ता है, समय उत्तम कभी नहीं आता, समय को उत्तम बनाना पड़ता है। डबल इंजन सरकार ने समय को उत्तम बनाया है। सीएम ने सपाइयों से कहा कि पांच वर्ष सफलतापूर्वक चलाने के बाद बहुमत से आए हैं और 2027 में फिर से आएंगे।

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के बयान पर भड़का विपक्ष

● दो घंटे ठप रही सदन की कार्यवाही, विधानसभा अध्यक्ष के आश्वासन के बाद शांत हुए सपा सदस्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधान सभा बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही पांचवें दिन सोमवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई। प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य समरपाल सिंह के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता के एक बयान का उल्लेख कर दिया तो सपाई वेल में आ गए। विधान सभा अध्यक्ष द्वारा उक्त वक्तव्य को कार्यवाही से बाहर करने के आश्वासन के साथ सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी। विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा के सदस्य समरपाल सिंह के प्रश्न का उत्तर दे रहे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा सदस्य को इंगित कर स्व. मुलायम सिंह यादव के एक चर्चित बयान का उल्लेख कर दिया। इसके बाद सपा के सदस्य वेल में आ गए। स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के कई बार समझाने के बावजूद सपा के सदस्य नहीं माने। वह नारेबाजी करते रहे। इसके बाद दोपहर 12.10 बजे सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके उपरांत विपक्षी दल के सदस्य वेल में धरने पर बैठ गए। दोबारा से दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सपा के सदस्य संग्राम सिंह यादव ने कहा कि हमारे जिन नेताजी (मुलायम सिंह यादव) को देश में अहम योगदान के लिए पद्मविभूषण दिया गया। भाजपा की और हमारी पार्टी की विचारधारा अलग है। फिर भी भाजपा की सरकार ने यह पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। संग्राम सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा को अपनी विचारधारा का डिप्टी सीएम बनाना चाहिए। इस पर भाजपा के विधायकों ने विरोध करना शुरू कर दिया। अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्ता पक्ष के विधायकों को बैठने के लिए कहा और विपक्ष को ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से रोका, जिससे कोई आहत न हो। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि देश में चार पुरस्कार हैं। दूसरा प्रतिष्ठित पुरस्कार पद्मविभूषण है। भारत सरकार ने नेता जी को यही पुरस्कार दिया है। उनका सम्मान सदन के अंदर के साथ बाहर भी है। हम सब उनका सम्मान करते हैं। इसके उपरांत विपक्ष की ओर से नेता जी के लिए उपयोग में लाये गए शब्दों को कार्यवाही से बाहर करने का आग्रह किया गया। इस पर पीठ से विधान सभा अध्यक्ष महाना ने आश्वासन दिया। उस प्रसंग को कार्यवाही से बाहर किए जाने के आश्वासन के बाद विधान सभा की कार्यवाही आगे बढ़ी। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। राज्यपाल के अभिभाषण पर डॉ. नीरज बोरा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में जारी चर्चा में शामिल होते हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि लेखपाल के स्तर पर बड़ी समस्या आ रही है। राजभर और गोंड समाज के जाति प्रमाण पत्र बनाने में लेखपाल रुकावट पैदा कर रहे हैं। वे प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे हैं। भर और राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी के सदस्य उमाशंकर सिंह घर पर रहकर विधान सभा की कार्यवाही से ऑनलाइन जुड़े। वह बीमार थे। अब स्वस्थ हैं लेकिन चिकित्सकों के कहने पर वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि वह जल्द स्वस्थ होकर इसी सदन की कार्यवाही में शामिल होंगे। पूरा सदन उनके दीर्घायु होने की कामना करता है। उमाशंकर सिंह ने पूरे सदन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इसके अलावा विधायक टी. राम के बेटे का निधन होने पर उन्हें भी सदन की कार्यवाही से ऑनलाइन जोड़ा गया। पीठ से अध्यक्ष महाना ने उनके बेटे के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि ऐसे दुख की घड़ी सब उनके साथ हैं।

## गंगा, संगम, नदियां व कुम्भ सबका हैः माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने विधान सभा में सोमवार को सरकार को खूब घेरा। उन्होंने सरकार को कई सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने 2024 में अपने अभिभाषण में कहा था कि कुम्भ 2025 कीर्तिमान स्थापित करेगा। वर्तमान सत्र में राज्यपाल ने अभिभाषण में कुम्भ की घटना पर शोक व्यक्त किया। ऐसा क्यों हुआ। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि कुम्भ किसी एक का नहीं है। यह सबका है। एक वर्ग को कुम्भ क्षेत्र में जाने से रोका गया। यह ठीक नहीं है। गंगा, संगम, नदियां और कुम्भ सबका है। सत्ताधारी दल के संकल्प पत्र में इसे विश्व स्तरीय बनाने का वादा किया था। आपकी सरकार कुम्भ को विश्व स्तरीय क्यों नहीं बना पाई। माता प्रसाद पांडेय ने आपराधिक घटनाओं के आंकड़े रखते हुए सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को बदलाव के लिए कई सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि दरोगाओं और सिपाहियों की संख्या बढ़ी है। इसके बावजूद विवेचना नहीं हो पा रही है। भर्ती परीक्षा पेपर लीक को रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कठोर कार्रवाई करने की कोशिश की लेकिन फिर भी पेपर लीक नहीं रुक रहा है। उहोंने कहा कि सरकार कहती है कि इतना निवेश हुआ। प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। अगर ऐसा हुआ तो हमारे प्रदेश के युवा दूसरे राज्यों में नौकरी और रोजगार के लिए क्यों जा रहे हैं। पांडेय ने काला नमक चावल पर भी बात रखी।प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल के निर्देश पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्थान पर डॉ. भीमराव राम जी आम्बेडकर किया गया। राज्यपाल रामनाईक के कहने पर यह संशोधन हुआ था। वर्तमान सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में डॉ. भीमराव अंबेडकर लिखा गया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पहले हम नियम से चलते हैं। बाद में परम्परा से चलते हैं। हम अम्बेडकर का पूरा सम्मान करते हैं।

## विधान परिषद की कार्यवाही

# बिजली के निजीकरण पर अफवाहें फैला रहा विपक्षः एके शर्मा

● प्रदेश में निजीकरण की प्रक्रिया पहली बार 1993 में शुरू की गयी

उच्च सदन में ऊर्जा मंत्री का बयान, संवैधानिक व्यवस्था के तहत विद्युत कार्मिकों के हितों का रखा जा रहा पूरा ध्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को विधान परिषद में निजीकरण के सवाल पर विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि उप्र में पहली बार सन 1993 में निजीकरण की प्रक्रिया नोयडा में शुरू की गयी थी और सन 2010 में टोरेंट को भी फ्रेन्चाइजी मिली। ये दोनों कार्य विपक्ष की सरकार के दौरान हुए। लेकिन अब विपक्ष बिजली के निजीकरण या पीपी माडल पर भ्रामक अफवाहें फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। फिर भी जनता का विश्वास सरकार के साथ ही है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत किसी भी विद्युत कार्मिक का अहित नहीं होने जा रहा। सभी के हितों का पूरा ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो विद्युत वितरण कंपनियां अच्छा कार्य कर रही हैं, उनके कार्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। जहां समस्या आ रही है जैसे कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों में ऐसी व्यवस्था बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने पड़ेगे, उस पर कार्य किया जायेगा।

ऊर्जा मंत्री ने भ्रष्टाचार के मामलों पर कहा कि विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए थर्ड पार्टी जांच की व्यवस्था पहली बार शुरू की गयी है। पहले इस प्रकार की व्यवस्था नहीं थी। कार्यों के साथ-साथ गुणवत्ता की भी जांच चलती रहती है।

यह पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक पद्धति से कराई जाती है। भ्रष्टाचार पर 10 जूनियर इंजीनियर तथा 01 सहायक इंजीनियर को चार्जशीट दिया गया और 02 जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त भी किया गया है तथा इसमें संलिप्त एक कार्यदायी संस्था को एक वर्ष के लिए वैन भी कर दिया गया है।

## समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगीः केशव प्रसाद मौर्य



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय कालिदास मार्ग पर सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बजट में डिजिटल साक्षरता और सशक्तिकरण पर दिया गया दूरदर्शी ध्यानः डॉ. राजेश्वर सिंह

● सरोजनीनगर विधायक ने यूपी के ऐतिहासिक और विकासोन्मुखी बजट की सराहना की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान सभा में सोमवार को अपने संबोधन के दौरान, सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी के नेतृत्व की सराहना की, जिन्होंने राज्य के इतिहास का सबसे समावेशी और विकासोन्मुखी बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने 8.8 लाख करोड़ के बजट को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह बजट 79,000 करोड़ के राजस्व अधिशेष और 2.97 प्रतिशत के नियंत्रित वित्तीय घाटे के साथ वित्तीय अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

डॉ. सिंह ने विपक्ष द्वारा अंग्रेजी भाषा के विरोध को गलत ठहराते हुए कहा कि अंग्रेजी वैश्विक शिक्षा और रोजगार के लिए एक महत्वपूर्ण सेतु है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करने से युवाओं को बेहतर नौकरियां, अधिक वेतन और विश्व की शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बजट में डिजिटल साक्षरता को दिए गए महत्वपूर्ण स्थान की सराहना की। उन्होंने कहा कि 18,000 से



अधिक स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएं और 880 स्कूलों में आईसीटी लैब्स स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, 49 लाख टैबलेट्स का वितरण एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे प्रदेश का युवा डिजिटल भविष्य के लिए तैयार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि स्वामी विवेकानंद योजना के तहत 2 करोड़ टैबलेट्स वितरित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के युवा डिजिटल रूप से सशक्त बनेंगे। डॉ. सिंह ने युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर बात करते हुए कहा कि 2030 तक 8.5 करोड़ वर्तमान नौकरियां समाप्त हो जाएंगी, लेकिन 9.5 करोड़ नई नौकरियां डिजिटल अर्थव्यवस्था में उपलब्ध होंगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ब्लॉकचेन, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में रोजगार की भारी संभावनाएं हैं और युवाओं को डिजिटल कौशल से लैस करना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. सिंह ने अपने क्षेत्र सरोजनी नगर में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राणा बहादुर सिंह डिजिटल सशक्तिकरण केंद्र की स्थापना की गई है, जहां युवाओं को निशुल्क डिजिटल शिक्षा दी जा रही है। इसके अलावा, 30 से अधिक स्कूलों में डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं, जिससे 20,000 से अधिक बच्चों को लाभ मिला है। उन्होंने 1,000 मेधावी छात्रों को टैबलेट, लैपटॉप और साइकिल वितरित किए हैं, ताकि वे डिजिटल साक्षरता की ओर अग्रसर हो सकें। अपने भाषण के अंत में, डॉ. सिंह ने दोहराया कि तकनीक जाति-निरपेक्ष और लिंग-निरपेक्ष होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने बच्चों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना चाहिए, उनका चरित्र निर्माण करना चाहिए और उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करना चाहिए, न कि उन्हें जातिगत राजनीति में उलझाना चाहिए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी द्वारा प्रस्तुत बजट और शलभ मणि त्रिपाठी द्वारा लाए गए प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश की अविरत प्रगति की घोषणा है। उन्होंने इसे राज्य के भविष्य को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम बताया।

# भाजपा सरकार ने किया कुंभ को राजनीतिक इवेंट बनाने का काम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि महाकुंभ संतो, धर्माचार्यों और आम जनता का श्रद्धा का धार्मिक आयोजन है। लेकिन भाजपा सरकार इसे राजनीतिक इवेन्ट बनाने का काम किया। भाजपा सरकार महाकुंभ के सुचारू आयोजन में फेल रही है। न तो भीड़ का मैनेजमेंट कर पायी, न श्रद्धालुओं के यातायात की व्यवस्था कर पायी और न स्नान के लिए साफ पानी उपलब्ध करा पायी। संगम में गंगा जल को लेकर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनजीटी की रिपोर्ट भाजपा सरकार की नाकामी का दस्तावेज है। गंगा जी की सफाई के नाम पर हजारों करोड़ का बजट आया। बजट साफ हो गया लेकिन गंगा नदी साफ नहीं हो पायी। सपा के राज्य मुख्यालय पर सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ के आयोजन के लिए स्थायी और बुनियादी ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है। इसलिए जिस तरह की भी सलाह की आवश्यकता हो समाजवादी पार्टी देने के लिए तैयार है। केन्द्र सरकार को प्रयागराज का किला उत्तर प्रदेश सरकार को दे देना चाहिए। कुंभ के आयोजन के लिए केन्द्र और यूपी सरकार को मिलकर दो लाख करोड़ रूपये का कार्पस फण्ड बनाना चाहिए। इसमें एक लाख करोड़ रूपये राज्य सरकार दे और एक लाख करोड़ केन्द्र सरकार दे। जिससे कार्पस फण्ड के एक लाख करोड़ रूपये से स्थायी बुनियादी ढ़ांचा तैयार हो सके और एक लाख करोड़ रूपये से कुंभ में आने जाने वाले गरीब श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था, सुविधाओं का विकास किया जाय ताकि महाकुंभ में फिर कभी इस तरह की घटनाएं न हो और ऐसे हालात न पैदा हो जैसे इस बार हुए है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम अमूल्य गुप्ता से बदलकर अमूल्य कुमार गुप्ता पुत्र किशुन प्रसाद पता फ्लैट 506, आनंदस्वर्ण रेसीडेंसी तिलक नगर कानपुर भविष्य के लिए कर लिया है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम Dhinesh Nihalani से बदलकर Dinesh Nihalani कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। फ्लैट न. 1302-A, दिलबाग रोज गार्डन, फजलगंज आर के नगर कानपुर 208012

HDFC BANK We understand your world | कानूनी प्रकोष्ठ, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, वर्धन खंड गोमती नगर एक्स., लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 | कब्जा सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **एचडीएफसी बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार को एक मांग सूचना जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था। विवरण निम्नानुसार दिया गया :-

| ग्राहक का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण | |
|---|---|---|
| 1. मेसर्स वान्या कंस्ट्रक्शन इसके प्रोपराईटर श्रीमती प्रेमवती मिश्रा (उधारकर्ता) के माध्यम से 2. श्री संकटा प्रसाद मिश्रा पुत्र नरेंद्र देव मिश्रा (स्वर्गीय प्रेमावती मिश्रा के कानूनी उत्तराधिकारी) श्री संकटा प्रसाद मिश्रा (स्वर्गीय प्रेमवती मिश्रा के सह-उधारकर्ता और कानूनी उत्तराधिकारी) 3. श्री मानवेन्द्र मिश्र पुत्र श्री संकटा प्रसाद मिश्रा (स्वर्गीय प्रेमावती मिश्रा के कानूनी उत्तराधिकारी) | सम्पत्ति कः सम्पत्ति / प्लॉट जिसका भूमि क्षेत्रफल 400.00 वर्ग मी., खसरा नं. 355 मिन का शेष भाग, गांव बस्तीखास, परगना बस्तीपुरव, तहसील और जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश (स्वर्गीय प्रेमवती मिश्रा के स्वामित्व वाली संपत्ति उनके कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से)। निम्नानुसार सीमाः - पूर्वः सड़क नगर पालिका, उत्तरः कच्चा रास्ता 16 फीट चौड़ा, पश्चिमः खसरा संख्या 355 की बची हुई भूमि, दक्षिणः चारदीवारी<br>सम्पत्ति खः सम्पत्ति / प्लॉट जिसका भूमि क्षेत्रफल 175.77 वर्ग मी., खसरा नं. 355 मिन का शेष, गांव बस्तीखास, परगना बस्तीपुरव, तहसील और जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश (स्वर्गीय प्रेमवती मिश्रा के स्वामित्व वाली संपत्ति उनके कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से)। निम्नानुसार सीमाः - पूर्वः मुस्तरी की भूमि, उत्तरः कच्चा रास्ता 16 फीट चौड़ा, पश्चिमः रीना देव की भूमि, दक्षिणः चारदीवारी | 13(2) नोटिस तिथिः 03.12.2024<br>नोटिस राशि रु. 24,03,520.00<br>कब्जा की तिथिः 21.02.2025<br>स्थानः बस्ती |

कर्जदार(रों) राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार(रों) तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियो के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा ऊपर वर्णित दिनांकों को लिया है। विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **एचडीएफसी बैंक लि.,** के ऊपर वर्णित प्रभार वास्ते राशि और ब्याज साथ में खर्चे एवं प्रभार इत्यादि सहित वसूली घटाकर, यदि कोई हो, के अधीन होगा। कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

तिथिः 21.02.2025, प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लि.

# पहले दिन ढाई लाख से अधिक छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

## माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



### यूपी बोर्ड परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में सोमवार से शुरू हुई उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षाएं पहले दिन सुचारू रूप से सम्पन्न हो गयीं। परीक्षा के पहले दिन ही पूरे प्रदेश में 272624 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित पाये गये। वहीं 9 छात्र नकल के आरोप में धरे गये। जबकि दूसरे के स्थान परीक्षा देते हुए 14 साल्वरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गयी है। लखनऊ में 127 केंद्र बनाए गए हैं। सभी सेंटरों में दो शिफ्ट में परीक्षाएं सम्पन्न हुई। पहली पाली में हिंदी का पेपर सुबह 8.30 से शुरू हुआ, जो 11.30 बजे खत्म हुआ। दूसरी पाली की परीक्षा 2.30 बजे से शुरू हुई। आज परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली सुबह 8:30 से 11:45 तक और द्वितीय पाली दोपहर 2:00 से 5:15 तक आयोजित की गई। प्रथम पाली में हाईस्कूल के छात्रों की हिंदी एवं प्रारंभिक हिंदी तथा इंटरमीडिएट के सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। द्वितीय पाली में हाईस्कूल के हेल्थकेयर तथा इंटरमीडिएट के हिंदी एवं सामान्य हिंदी विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई।

सुबह माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने जुबली इंटर कॉलेज में स्टूडेंट को टीका लगाया। मुंह मीठा कराया और पुष्प बरसाकर स्वागत किया। मंत्री ने कंट्रोल रूम का जायजा भी लिया। इधर लखनऊ डीएम विशाख जी अय्यर राजकीय जुबली इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां बोर्ड परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमीना रोड स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के पहले दिन सुबह की पॉली में हाईस्कूल की परीक्षा के लिए कुल 2636826 पंजीकृत थे। जिसमें 2474862 छात्रों ने परीक्षा दी।वहीं 161964 छात्र अनुपस्थित मिले। इसी तरह इंटर की परीक्षा के लिए 2512217 छात्र पंजीकृत थे। परीक्षा के दौरान 2401357 उपस्थित रहे। वहीं 110860 अनुपस्थित मिले। लखनऊ में एग्जाम देकर सेंटर से बाहर निकले स्टूडेंट्स ने कहा- टीचर्स ने जो पढ़ाया था वही पेपर में भी आया। पंडित राम चंद्र शुक्ल और गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी वाले प्रश्न देख दिल खुश हो गया। सुभाष चन्द्र बोस के चरित्र चित्रण जैसे प्रश्नों का उत्तर लिखते-लिखते कॉन्फिडेंस बढ़ गया। जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों के जरिए परीक्षा केंद्रों की सख्त निगरानी की जा रही है। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा के दौरान सुचिता और अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। डीएम विशाख जी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि वे लगातार भ्रमणशील रहकर अपने-अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करें और किसी भी गड़बड़ी की तुरंत रिपोर्ट करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को देखा और यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा नकल-विहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो।

### यहां मिले नकलची और साल्वर

**प्रथम** पाली में हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान फर्रूखाबाद में 6, प्रतापगढ़ में 1 व इंटर की परीक्षा में बिजनौर और मीरजापुर में एक-एक नकलची धरे गये। जबकि पहली पाली में फर्रूखाबाद से 8, गाजीपुर से 4, कन्नौज, जौनपुर, प्रतापगढ़ व फिरोजाबाद से एक-एक साल्वर धरे गये। जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गयी है।

### सचिव ने की अपील, तनाव मुक्त होकर दें परीक्षा

**बोर्ड** परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों से अपील की है कि परीक्षा का तनाव बिल्कुल न लें तथा सहज होकर परीक्षा में सम्मिलित हों। यदि विद्यालय द्वारा किसी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र नहीं दिया जा रहा है या विषय, वर्ग एवं जेण्डर के त्रुटिपूर्ण अंकन हो जाने के कारण परीक्षा में सम्मिलित होने में विद्यालय या किसी अन्य स्तर से बाधा उत्पन्न की जा रही है या कोई अन्य समस्या आ रही हो तो परिषद कार्यालय में 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नम्बर 1800-180-5310 एवं 1800-180-5312 पर सम्पर्क करें। आपकी समस्या / जिज्ञासा का निश्चित एवं तत्काल समाधान किया जायेगा। यदि कोई भी संस्था या व्यक्ति किसी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से रोकने में संलिप्त एवं दोषी पाया जायेगा तो परिषद द्वारा दृष्टांतजनक कार्रवाई की जायेगी।

### महानिदेशक ने भी किया निरीक्षण

**महानिदेशक** स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जनपद लखनऊ के कंट्रोल रूम तथा राजकीय जुबली इण्टर कॉलेज, रा.बा.इं. कॉलेज नरही एवं नवजीवन इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सुगमतापूर्वक परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



### अपर मुख्य सचिव ने किया केन्द्रों का दौरा

**अपर** मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने लखनऊ के राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज एवं ब्राइटवे इंटर कॉलेज, अलीगंज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी सुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। इसके उपरांत उन्होंने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का जायजा लिया। इस अवसर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ महेंद्र देव, अपर निदेशक (राजकीय) माध्यमिक शिक्षा अजय द्विवेदी, प्रभारी कंट्रोल रूम विवेक नौटियाल उपस्थित रहे।

# महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर बरती जाए विशेष सतर्कता: डीजीपी

- महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस प्रमुख ने अफसरों को किया अलर्ट, दिए विस्तृत निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** प्रशांत कुमार ने महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रभावी व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कांवड़िये छोटे व बड़े समूहों में पैदल, विभिन्न वाहनों से शिव मंदिरों में जलाभिषेक हेतु जाते है, उनके आवागमन के मार्गो पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा सुरक्षा व यातायात व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस प्रवन्ध सुनिश्चित की जाए। जलाभिषेक हेतु प्रस्तावित धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाए, आवश्यकतानुसार एण्टी-सेबोटॉज चेकिंग करायी जाए। भीड़ प्रबन्धन हेतु पर्याप्त ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग किया जाए। क्यूआरटी टीमों को स्ट्रेटेजिक प्वाइंट पर तैयारी हालत में रखा जाए। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना / चौकी प्रभारियों, बीट कर्मियों तथा पीआरवी कर्मियों को कॉवड़ यात्रियों की सुरक्षा तथा सकुशल कांवड़ यात्रा हेतु ब्रीफ कर दिया जाए। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कांवड़ मार्गो पर थोड़ी-थोड़ी दूर पर पुलिस पिकेट / गश्त की व्यवस्था की जाए। वैकल्पिक मार्गो का चिन्हीकरण करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था समय से पूर्ण करा लिया जाए और तद्नुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से रात्रि में किसी भी कॉवड़िया के साथ कोई मार्ग दुर्घटना न हो सके, इस हेतु विशेष पुलिस प्रबन्ध किया जाए। समस्त थाना क्षेत्रों में शान्ति समितियों तथा महाशिवरात्रि कार्यक्रम के आयोजकों, शिविर प्रबन्धकों, भण्डारा प्रबन्धकों आदि के साथ जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गोष्ठी कर कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराने हेतु योजना बना ली जाए। सभी शिव मन्दिरों, जनपद में पड़ने वाले मार्गो, संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर विशेष सतर्कता बरती जाय। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। नदी घाटों पर गोताखोर/ बोट उपकरण आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी का अधिष्ठापन किया जाए। समस्त धार्मिक स्थलों एवं उसके आस-पास चेकिंग हेतु प्रात:कालीन पोस्टर पार्टी का गठन कर नियमित चेकिंग करायी जाए। महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत भारी संख्या में श्रद्धालु सभी प्रदेशों से आ रहे हैं, जो प्रयागराज के साथ-साथ अन्य धार्मिक जनपदों यथा अयोध्या, वाराणसी, मिर्जापुर आदि में भी दर्शन हेतु जा रहे हैं अत: प्रदेश के सभी जनपदों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। डीजीपी ने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मो की मॉनीटरिंग करते हुए खबरों पर सर्तक दृष्टि रखा जाए तथा भ्रामक/ आपत्तिजनक पोस्टों एवं अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुए वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा अफवाहों का तत्काल खण्डन किया जाए।

# मंदिरों के आस-पास सभी व्यवस्थाएं करें दुरुस्त: नगर आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महाशिव** रात्रि पर्व पर नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को मनकामेश्वर, बुद्धेश्वरन, कोनेश्वर सहित अन्य मंदिरों के आस पास साफ सफाई, पेयजल की आपूर्ति, आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, नगर आयुक्त द्वारा प्रमुख मंदिर मार्गो में स्ट्रीट लाइटों को जांच कर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के आदेश दिए गए।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सफाई से लेकर पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था तक हर पहलू पर खास ध्यान दिया जाएगा। साथ ही अतिक्रमण हटाने और आवारा पशुओं की समस्या को भी ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सफ ाई और चूना छिड़काव जोनल अधिकारी और जोनल सेनेटरी अधिकारियों को महाशिवरात्रि पर्व के लिए प्रमुख मंदिरों जैसे मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर मंदिर, कोनेश्वर मंदिर और अन्य मंदिरों के आस.पास सफ ाई, चूना छिड़काव और कूड़ा निष्कासन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। मुख्य अभियंता (विभागीय-यांत्रिक) को मंदिरों के आस-पास, मुख्य मार्गो और पहुंच मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण करके सभी प्रकाश बिंदुओं को सुनिश्चित रूप से प्रज्जवलित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियंत्रण विभाग को मार्गो पर आवश्यक सड़क मरम्मत, पैच वर्क और मलवा उठाने की व्यवस्था समय से पहले सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। अपर नगर आयुक्तों को अपने संबंधित जोन का नियमित भ्रमण करके सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर लागू करने का निर्देश दिया गया है ताकि महाशिवरात्रि के पर्व पर कोई परेशानी न हो। महाप्रबंधक (जलकल) को मंदिरों के पास पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ सीवर की सफाई और खुले मेन होल की मरम्मत करने की व्यवस्था करनी होगी।

### आवारा पशु मंदिरों के करीब न भटकें

**पशु** कल्याण अधिकारी को कैटल कैचिंग दस्ता तैनात करने और यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है कि कोई भी आवारा पशु मंदिरों और उनके आसपास न घूमे। जोनल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण हटवाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

## 'बियांड द बैज' में पूर्व डीजीपी ओपी सिंह ने साझा किए अपने जीवन के अनुभव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** पुलिस के पॉडकास्ट 'बियान्ड द बैज' के पांचवे एपीसोड में पूर्व डीजीपी ओपी सिंह ने महाकुंभ सहित अपने जीवन से जुड़े अनुभव और विचार साझा दिए।

महाकुंभ पर चर्चा के दौरान ओपी सिंह द्वारा बताया गया कि रिटायरमेंट के बाद यह उनका पहला कुंभ है। वर्ष 1977 में उन्होंने सर्वप्रथम कुंभ का एक छात्र के रूप में भ्रमण किया था, तत्समय वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक कर रहे थे, तत्पश्चात 1989 के कुंभ में एक पुलिस अधिकारी के रूप में कुंभ को नजदीक से देखा। तब वह एसपी सिटी इलाहाबाद के पद पर नियुक्त थे, इसके उपरांत वर्ष 1995 के कुंभ के दौरान बतौर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इलाहाबाद के रूप में उनके द्वारा न केवल कुंभ को नजदीक से देखा गया बल्कि भीड़ एवं यातायात प्रबंधन की योजनाओं को बनाकर उनको लागू किया गया । 2019 के कुंभ में उन्होंने डीजीपी के रूप में कुंभ से संबंधित समस्त कार्यवाहियों एवं व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करके कुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराया गया था । इनके द्वारा बताया गया कि कुंभ का अनुभव प्रत्येक पुलिस अधिकारी के लिए बहुत ही जरूरी है एवं एक विद्यार्थी और एक पुलिस अधिकारी के रूप में कुंभ से उनका बहुत पुराना नाता रहा है। ओपी सिंह द्वारा सिविल सर्विस में आने के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि मैं बिहार का रहने वाला हूं और उस समय वहां की सोशियो इकोनामिक स्थिति अच्छी नहीं थी, जिस कारण बिहार के अधिकांश मेधावी छात्र की पहली रुचि सिविल सर्विस हुआ करती थी, जिस कारण मै भी शुरू से ही सिविल सर्विस में जाने के लिए प्रेरित था।

## एसजीपीजीआई में चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसजीपीजीआई** के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के वायरोलॉजी रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी (वीआरडीएल)द्वारा डायग्नोस्टिक वायरोलॉजी- फंडामेंटल लैबोरेटरी टेक्निक्स एंड प्रैक्टिसेस विषय पर सोमवार से चार दिवसीय हैंड्स-ऑन राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में पूरे देश से 20 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिन्हें 10 राज्यों से चयनित किया गया है। प्रतिभागियों में वायरोलॉजिस्ट और अनुसंधान वैज्ञानिक शामिल हैं, जो कोविड-19, इन्फ्लूएंजा और वायरल हैमरेजिक फीवर जैसी वायरल बीमारियों के प्रकोप की स्थिति में डायग्नोस्टिक परीक्षण करने में संलग्न हैं। कार्यशाला का उद्घाटन प्रो. अमिता अग्रवाल (प्रमुख, क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी) द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अमिता जैन (डीन, केजीएमयू) उपस्थित रहीं। कार्यशाला के प्रथम दिन सीएमई का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स ने अपने व्याख्यान दिए। प्रो. अमिता जैन ने वायरल हैमरेजिक फीवर , इसके कारक एजेंट्स और समय पर निदान न होने की स्थिति में इसके वैश्विक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

## लोहिया में डॉ. सचिन की स्मृति में शुरू हुआ यूनिटी कप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ.** राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरएमएलआईएमएस) में सोमवार को यूनिटी कप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ, जो स्व. डॉ. सचिन अवस्थी की स्मृति में आयोजित किया गया था। डॉ. सचिन आरएमएलआईएमएस में ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विकास में एक अग्रणी और महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन निदेशक प्रो. (डॉ.) सीएम सिंह ने किया, जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी क्षमता का भी प्रदर्शन किया। उद्घाटन मैच में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. अजय, डॉ. विक्रम, डॉ. भुवन, डॉ. अन्शुमान, डॉ. दिनकर, डॉ. आलोक, डॉ. संजीत, डॉ. विकास, डॉ. विनीत, और कई अन्य फैकल्टी सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। यूनिटी कप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में आरएमएलआईएमएस के विभिन्न विभागों की टीमें एक दूसरे के साथ मैचों की श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट के 20 अप्रैल को अंतिम मैच और पुरस्कार समारोह के साथ समापन होगा।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हत्या** के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी विकास कुमार मिश्रा को सत्र अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मलिहाबाद के ग्राम अनीपुर का रहने वाला है। एडीजे दिनेश कुमार मिश्र ने इस पर 11 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोका है। 26 फरवरी 2016 को इस घटना की एफआईआर मृतक अनुज पांडेय के भाई अतुल पांडेय ने थाना तालकटोरा में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमके सिंह व अरुण पांडेय के मुताबिक उस रोज सुबह आरोपी विकास घर के नीचे आकर अनुज को आवाज लगाई। अनुज घर से बाहर निकलकर आरोपी के साथ सामने पार्क में गया। तभी वहां चार पहिया वाहन से आए कुछ लोगों से अनुज की कहा सुनी होने लगी। इतने में अनुज को गोली मार दी गई। इसके बाद हमलावर असलहा लहराते हुए भाग गए। अनुज को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर 27 को होगी सुनवाई

**लखनऊ (विसं)।** दुराचार के मामले में निरुद्ध कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की नियमित जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। सोमवार को पीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से जमानत याचिका के विरोध में हलफ़नामा दाखिल किया गया। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने इसके पश्चात अभियुक्त पक्ष को इस जवाबी हलफ़नामें पर अपना जवाब देने के लिए समय प्रदान किया। बीते 29 जनवरी को हाईकोर्ट ने इनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। लिहाजा उन्हें जेल जाना पड़ा। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के विरुद्ध सीतापुर के कोतवाली नगर में दुष्कर्म करने, धमकाने व सदोष परिरोध करने के मामले में एफ़आईआर दर्ज कराई गई है। पीड़िता का आरोप है कि कांग्रेस सांसद ने शादी का झांसा व राजनीतिक करियर में मदद का लालच देकर चार वर्ष तक शारीरिक शोषण किया।

## बीबीएयू के छात्रावासों में वाशिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एमओयू




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को बीबीएयू एवं एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. द्विवेदी, कुलसचिव प्रो. यूवी किरण, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नरेंद्र कुमार एवं एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के श्री नवीन सिंह उपस्थित रहे। इस समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पुरुष एवं महिला छात्रावासों और विश्वविद्यालय अतिथिगृह में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से एक-एक वाशिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसी के साथ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में अपने विद्यार्थियों के लिए इस तरह की शुरुआत करने वाला प्रथम सरकारी विश्वविद्यालय है। कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी ने चर्चा के दौरान कहा कि इस समझौते से छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को अत्यंत लाभ मिलेगा। साथ ही अतिथिगृह में ठहरने वाले अतिथियों भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

## बबूल के जंगल में झूल रहे जर्जर तार इकलौते स्टाफ के सहारे हजारों उपभोक्ता

- गर्मियों की तैयारी को लेकर गंभीर नहीं अफसर उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ी

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**बिजली** विभाग की लापरवाही गर्मियों में उपभोक्ताओं को भारी पड़ सकती हैं। गौतम खेड़ा में जंगल से गुजरी जर्जर लाइन के पेड़ों पर झूलते तार हजारों उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मुहैया कराने की राह में बाधा बन रहे हैं। जबकि इकलौते कर्मचारी के भरोसे चल रही दो फीडर की लाइन उपभोक्ताओं का दर्द बढ़ा रही है। मोहनलालगंज में गौतम खेड़ा के घने जंगल से गुजरी लगभग एक किलोमीटर की विद्युत लाइन के जर्जर तार बबूल के पेड़ों पर झूल रहे हैं। जिसकी वजह से अक्सर इस लाइन में फॉल्ट आती रहती हैं। लाइन कंटीले घने जंगल में होने की वजह से विद्युत कर्मियों को मामूली फॉल्ट दुरुस्त करने में भी पसीने छूट जाते हैं। लिहाजा जबरौली सेवाखेड़ा परसपुर थट्टा और गौतम खेड़ा समेत आसपास के कई गांव के हजारों उपभोक्ताओं को बिजली संकट का दंश झेलना पड़ता है। लेकिन अनगिनत शिकायतों के बावजूद भी जंगल से गुजरी इस लाइन को अब तक दुरुस्त नही कराया जा सका है। यही नही फत्तेखेड़ा और यूपीएएल सेकेंड फीडर के हजारों घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी इकलौते स्टाफ के भरोसे छोड़ रखी गई है। सहयोगी संविदाकर्मी का 9 जनवरी को निधन होने के बाद से अब तक इन दोनों महत्वपूर्ण फीडर पर दूसरे संविदाकर्मी की तैनाती नही की गई है। जिससे लाइन में फॉल्ट दुरुस्त करने से लेकर राजस्व वसूली तक के सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एसडीओ आशुतोष वर्मा ने बताया गौतम खेड़ा जंगल में जल्द ही टीम जुटाकर लाइन दुरुस्त कराई जाएगी। जबकि फत्तेखेड़ा फीडर के लिए अतिरिक्त स्टाफ को लगाया जा रहा है।

## राजस्वकर्मियों की लापरवाही से हेल्पलेस साबित हो रही तहसील की हेल्पडेस्क

- हेल्पडेस्क पर शिकायत और ऑनलाइन आवेदन के बाद भी न्याय के लिए भटक रहे किसान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**राजस्वकर्मियों** की लापरवाही के आगे तहसील की हेल्पडेस्क भी हेल्पलेस साबित हो रही है। लिहाजा हेल्पडेस्क पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद दर्जनों किसानों को खतौनी की गड़बड़ी दुरुस्त कराने के लिए भटकना पड़ रहा है। लेकिन लेखपाल और कानूनगो की रिपोर्ट नही आने से आवेदनों का वक्त पर निदान नही हो पा रहा है। मोहनलालगंज के बदले खेड़ा निवासी किसान श्रवण कुमार तिवारी का खतौनी में गलत हिस्सा दर्ज कर दिया गया। खतौनी में यह गड़बड़ी रियल टाइम खतौनी बनाते समय तहसील से की गई। मामले की जानकारी मिलने पर श्रवण कुमार तिवारी ने पूरे मामले की शिकायत तहसील अधिकारियों से की। जिस पर उन्हें राजस्व परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी गई। बेटे मोहित ने बताया गांव में पिता के नाम दर्ज सभी गाटे में सही हिस्सा अंकित कराने के लिए 20 जनवरी को उन्होंने ऑनलाइन आवेदन कर दिया। लेकिन तहसील के अनगिनत चक्कर काटने के बावजूद एक माह बाद भी उनकी खतौनी पर सही हिस्सा दर्ज नही किया गया है। मोहित ने बताया उनके आवेदन एक माह से लेखपाल के ही पास अटके पड़े हैं। बार बार कहने के बावजूद लेखपाल कभी वेबसाइट नही चलने तो कभी लैपटॉप नही होने का बहाना बनाकर दौड़ा रहे हैं। जबकि तहसील से भी एक माह से पेंडिंग आवेदनों के निस्तारण को लेकर कोई कार्रवाई नही की गई है। यह एक मामला तो बानगी मात्र है तहसील की हेल्पडेस्क पर ऐसी दर्जनों शिकायतें प्रतिदिन दर्ज की जा रही हैं। लेकिन लेखपाल और कानूनगो की रिपोर्ट वक्त पर नही आने से हेल्पडेस्क की शिकायतों का निराकरण लटक रहा है। जिससे पीड़ित किसानों को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया हेल्पडेस्क पर दर्ज की जा रही अंश निर्धारण में गड़बड़ी की शिकायतों का तहसीलदार स्वयं निराकरण करा रहे हैं। जबकि खतौनी में नाम की गड़बड़ी से सम्बन्धित मामलों को एसडीएम कोर्ट में दर्ज कर सुनवाई के बाद निस्तारित किया जा रहा है।

## तत्कालीन सीओ रामपुर को वापस दारोगा बनाने का आदेश खारिज

- 35 लाख रुपए रिश्वत लेने के वीडियो पर हुई थी कार्रवाई, हाईकोर्ट ने पुन: जांच के दिए आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**रामपुर** में सीओ सिटी के पद पर तैनात रहे विद्या किशोर को राहत देते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनके खिलाफ शासन द्वारा पारित पदावनति के आदेश को निरस्त कर दिया है। उन्हें गैंगरेप के एक मामले में 35 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में 11 अगस्त 2023 को उनके मूल पद सब-इंस्पेक्टर के पद पर पदावनत कर दिया गया था। पीठ ने मामले को जांच अधिकारी के पास वापस भेजते हुए आरोप पत्र के आगे की जांच फिर करने का आदेश दिया है। साथ ही उक्त कार्यवाही को चार माह में पूरा भी करने को कहा है।

जस्टिस आलोक माथुर की एकलपीठ ने यह आदेश विद्या किशोर की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उस पर रामपुर का सीओ सिटी रहने के दौरान आरोप लगा था कि गैंगरेप की एक शिकायत मिलने के बावजूद उसने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में जिले में नए एसपी की तैनाती के पश्चात इस मामले में एफआईआर दर्ज हुई। एसआईटी ने मामले की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि उसने 35 लाख रुपए की रिश्वत ली थी। इस रिश्वत के लेनदेन की एक विडियो क्लिप भी सामने आई। कहा गया कि याचिकाकर्ता को उक्त वीडियो क्लिप के आधार पर दंडित किया गया। जबकि आरोप पत्र के साथ उसे कथित वीडियो क्लिप की सीडी नहीं उपलब्ध कराई गई। यह भी कहा गया कि 11 अगस्त 2023 को दंडादेश पारित करने से काफी पहले ही सरकार के ट्विटर हैंडल पर दंड की बात कही गई। पीठ ने इस पर कहा कि मात्र ट्विटर पर पूर्व से दंड की जानकारी देने मात्र से दंडादेश को निरस्त नहीं किया जा सकता। लेकिन उसे कथित वीडियो की सीडी नहीं देना त्रुटि थी।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025



# सदन से भ्रम फैलाने वाली आतिशी माफी मांगे : सचदेवा

## बोले, आम आदमी पार्टी के नेता सत्ता में रहकर जो करते थे अब विपक्ष में भी आकर वही कर रहे हैं

● कहा, राष्ट्रपिता, बाबा साहेब, शहीद भगत सिंह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी की फोटो को कोई भी देख सकता है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यालय में लगी महापुरुषों की फोटो।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है की सत्ता में रहते भी पूर्व सीएम आतिशी एवं अन्य आम आदमी पार्टी के नेता विधानसभा परिसर से झूठ एवं भ्रम फैलाते थे और अब विपक्ष में आने पर भी वही कृत्य कर रहे हैं।

सचदेवा ने कहा है की गत विधानसभा चुनाव में सिख बहुल क्षेत्रों एवं दलित आबादी विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इससे बौखलाई आतिशी ने सोमवार को विधानसभा परिसर से झूठ फैलाने की कोशिश की। सचदेवा ने कहा कि मुख्य मंत्री एवं सभी मंत्रियों के कक्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहेब अम्बेडकर, शहीद भगत सिंह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें लगी हुई हैं जो कोई भी जा कर देख सकता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर आप नेताओं का व्यवहार निंदनीय है। आतिशी आज महान नेताओ के चित्रों के हटाये जाने को लेकर फैलाये झूठे ब्यानों के लिए दिल्ली वालों से माफी मांगे।

वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जंगपुरा में करीबी मात देने वाले भाजपा विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी पर तीखा हमला किया है। उन्होंने आतिशी को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से भी बड़ा झूठा करार देते हुए उन्हें अपना मानसिक इलाज कराने की सलाह दे डाली।

मारवाह ने कहा कि आतिशी की दिमागी हालत ठीक नहीं है। सीएम ऑफिस से किसी भी महापुरुष की फोटो नहीं हटाई गई है। मुझे लगता है कि अरविंद केजरीवाल ही बस झूठ बोलते हैं, लेकिन आतिशी तो उनसे भी बड़ी झूठी है। आतिशी ने आज विजेंद्र गुप्ता को स्पीकर बनने की बधाई देते हुए आरोप लगाया कि सीएम ऑफिस से बाबा साहेब आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीर हटा दी गई है और उसकी जगह पीएम मोदी ने अपनी फोटो लगवा दी है। आग्रह किया था। आतिशी नेकहा कि बीजेपी की मानसिकता दलित और सिख विरोधी है। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा की मानसिकता दलित और सिख विरोधी है।

अरविंद केजरीवाल ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए तस्वीर नहीं हटाने का अनुरोध किया। आप प्रमुख ने एक्स पर कहा कि नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की फोटो हटाकर प्रधान मंत्री मोदी की फोटो लगा दी। ये सही नहीं है। इससे बाबा साहेब के करोड़ो अनुयायियों को ठेस पहुँची है। मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप प्रधान मंत्री की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो तो मत हटाइए। उनकी फोटो लगी रहने दीजिए। इस बीच विवादद बढ़ने पर दिल्ली भाजपा ने एक तस्वीर जारी की जिसमें भगत सिंह और आंबेडकर दोनों की तस्वीर है, बस उनका स्थान बदल दिया गया है।

# विजेंद्र गुप्ता बने विस अध्यक्ष



● बोले, विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी पूरी करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रेखा गुप्ता सरकार ने शपथ ग्रहण कर ली है। भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया है। यह पल एक नाटकीय बदलाव सा है, क्योंकि इन्हीं विजेद्र को मार्शलों द्वारा सदन से कई बार जबरन बाहर किया गया था। आज वही नेता उसी सदन में स्पीकर बनकर लौटै हैं। चुनाव के बाद मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष नए विधानसभा अध्यक्ष को उनके आसन तक ले गए।

छात्र जीवन से राजनीति शुरू करने वाले विजेंद्र गुप्ता तीसरी बार विधायक बने हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष रहे विजेंद्र ने निगम पार्षद से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तक का सफर तय किया है। वे रोहिणी वार्ड से तीन बाद पार्षद रहे और वर्ष 2015 में रोहिणी सीट से विधायक बने। उस चुनाव में भाजपा सिर्फ तीन सीटें ही जीत सकी थी। वह दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। विजेंद्र दिल्ली में भाजपा का बड़ा वैश्य चेहरा हैं। संगठन के साथ संघ में भी उनकी मजबूत पकड़ है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने रोहिणी सीट से निर्वाचित विधायक के चुनाव के लिए दो प्रस्ताव पेश किए। एक प्रस्ताव मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने और दूसरा कैबिनेट मंत्री रविंदर इंद्राज ने पेश किया। इन प्रस्तावों का समर्थन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और प्रवेश वर्मा ने किया। इन प्रस्तावों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। चुनाव प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने कराया।

## अरविंदर लवली ने प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ ली

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक अरविंदर सिंह लवली ने सोमवार को नवगठित दिल्ली विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। विधानसभा की बैठक शुरू होने से पहले, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राज निवास में लवली को पद की शपथ दिलाई। लवली सदन के वरिष्ठतम विधायकों में से एक हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी।

# दिल्ली सरकार मंगलवार को सदन में पेश करेगी कैग रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● भाजपा आरोप लगाती रही है कि आप सरकार ने कैग रिपोर्ट को रोककर रखा था

दिल्ली सरकार मंगलवार को विधानसभा में पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के प्रदर्शन पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 14 लंबित रिपोर्ट पेश करने वाली है। भाजपा विधायकों के अनुसार, दिल्ली की नवगठित आठवीं विधानसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन रिपोर्ट पेश की जाएगी। भाजपा आरोप लगाती रही है कि आप सरकार ने कैग रिपोर्ट रोक रखी थी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि नई सरकार के पहले सत्र में रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएंगी। कैग की लंबित रिपोर्ट में राज्य के वित्त, सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे, वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण, शराब विनियमन और दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज की समीक्षा शामिल है। भाजपा ने आप के कार्यकाल के दौरान बार-बार इन रिपोर्ट को जारी करने की मांग की थी। पार्टी ने सरकार को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने के लिए अदालत का रुख किया था। भाजपा ने आप सरकार पर कथित भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए जानबूझकर ऑडिट में देरी करने का आरोप लगाया था। विधानसभा चुनावों के दौरान यह मुद्दा गहरा गया था, जिसमें भाजपा ने वित्तीय कुप्रबंधन के निष्कर्षों को दबाने के प्रयास के रूप में देरी को उजागर किया था।

जांच के दायरे में आई एक अहम रिपोर्ट मुख्यमंत्री के 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सरकारी आवास के मरम्मत कार्य से जुड़ी है, जिसे भाजपा ने शीश महल करार दिया। ऑडिट में कथित तौर पर परियोजना की योजना, निविदा और क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। साल 2020 में शुरू में 7.61 करोड़ रुपए मंजूर किए गए, अप्रैल 2022 तक लागत बढ़कर 33.66 करोड़ रुपए हो गई। इस तरह इसमें 342 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पूर्व में इन रिपोर्ट के सार्वजनिक न किए जाने पर चिंता जताई थी और पिछले साल दिसंबर में विधानसभा से विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया था।

## विधानसभा में नई सरकार का नया आगाज







दिल्ली विधानसभा में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार का पहला दिन कुछ इस तरह से शुरू हुआ। विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कुछ इस तरह स्वागत किया गया। वहीं सदन परिसर में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कुछ लोगों के साथ गर्मजोशी के साथ मिले। जबकि कुछ विधायक इस अवसर पर सेल्फी लेने से नहीं चूके। सभी फोटो : रंजन डिमरी

# आम आदमी पार्टी के विधायकों ने सीएम कार्यालय के बाहर किया विरोध-प्रदर्शन

● हंगामा महिलाओं को 2,500 रुपये देने के वादे को पूरा करने की मांग को लेकर था : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायकों ने सोमवार को विपक्ष की नेता आतिशी की अगुवाई में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपए देने के वादे को पूरा करने की मांग को लेकर किया गया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आतिशी ने मीडिया से बातचीत में कहा, उन्होंने दो दिन पहले सीएम से मिलने का समय मांगा था, लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। इसलिए आप विधायक विस परिसर में उनके दफ्तर के बाहर हैं। वे उनसे प्रधानमंत्री मोदी के वादे पर बात करना चाहते हैं जिसमें कहा गया था कि पहली कैबिनेट बैठक के बाद महिलाओं को 2,500 रुपए दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री का वादा अब झूठा साबित हो रहा है। सीएम ने उन्हें कोई आश्वासन नहीं दिया और केवल इतना कहा कि वह आठ मार्च तक अपना वादा पूरा करने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

# अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत पर फैसला आज

पायनिर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश पारित करेगी। उनके खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में दिल्ली पुलिस के दल पर हाल में हुए हमले के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को खान को गिरफ्तारी से एक दिन के लिए संरक्षण प्रदान किया तथा अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलें 25 फरवरी को सुनी जाएंगी। दिल्ली पुलिस ने खान से पूछताछ करने और यह पता लगाने के लिए उनकी हिरासत मांगी है कि क्या वह भी कथित हमले के समय घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और गवाहों के बयान भी अदालत के रिकॉर्ड पर रखे।

न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर कुछ स्पष्टीकरण चाहिए, जिसके बाद वह आदेश पारित करेंगे। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी को हुई घटना के संबंध में ओखला से विधायक खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व किया और हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी और भगोड़े अपराधी को हिरासत से भागने में मदद की।

## पहाड़गंज में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज इलाके में 23 वर्षीय एक युवक ने अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि यह घटना रविवार रात को हुई। मृतक की पहचान जस्मीत उर्फ जश्न के रूप में हुई है। जस्मीत शराब पीकर अक्सर अपने माता-पिता से झगड़ा करता था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक ने नशे की हालत में 22 फरवरी की शाम मां से झगड़ा कर हमला करने की कोशिश की। विवाद बढ़ता देख माता-पिता गाजियाबाद बेटी के घर चले गए और घर को बाहर से बंद कर दिया। पड़ोसियों ने 23 को बताया कि किसी ने घर में घुसने की कोशिश की है। रिश्तेदार तेजिंदर जब पहुंचे तो वहां जस्मीत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

# आईजीआई पर महिला 11 करोड़ के ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● खाद्य सामग्री, चावल के पैकेटों में छिपाए थे मादक पदार्थ

सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को बताया कि 20 वर्षीय एक महिला को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खाद्य सामग्री और चावल के पैकेटों में छिपाए गए 11 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को 21 को बैंकॉक से आने पर रोका था।

सीमा शुल्क विभाग एक अधिकारी ने बताया कि काले ट्रॉली बैग की जांच के दौरान, खाद्य सामग्री और चावल के आठ पैकेट बरामद किए गए। इनमें हरे रंग का मादक पदार्थ था, जिसके गांजा या मारिजुआना होने का संदेह है। बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन 11,284 ग्राम था। जब्त सामग्री पर किए गए डायग्नोस्टिक परीक्षण से प्रथम दृष्टया यह पुष्टि हुई है कि यह गांजा या मारिजुआना है। जब्त पदार्थ का अनुमानित अवैध बाजार मूल्य लगभग 11.28 करोड़ रुपए है। महिला नोएडा की रहने वाली महिला यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और मादक पदार्थ जब्त कर लिया गया है।

## हत्या के मामले में पुलिस ने किशोर को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हत्या के एक मामले में पिछले पांच महीने से फरार किशोर को धरा है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को चाकू मारने और दो अन्य को घायल करने का मामला 29-30 सितंबर, 2024 की मध्य रात्रि का है। पीड़ित अनुराग, रिंकू और आकाश क्लब से बाइक पर घर लौट रहे थे, तभी उनका सामना किशोरों के एक समूह से हुआ।

उन्होंने बताया कि विवाद उस समय हिंसक हमले में बदल गया जब आरोपियों ने झिलमिल मेट्रो स्टेशन के निकट चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में अनुराग की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अनुराग पर चाकू के 13 वार किए गए और उसकी मौत हो गई, जबकि रिंकू को गंभीर चोटें आईं और उसका इलाज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपी यूनिवर्सिटी में अनुगूंज का शानदार आग़ाज़



**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव और 24वें वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'अनुगूंज' की शुरुआत द्वारका कैंपस में धूमधाम के साथ हुई। प्रसिद्ध अभिनेता विंदू दारा सिंह, अभिनेत्री ईशिता चौहान और अभिनेता रोहित चौधरी ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. महेश वर्मा ने कहा कि अनुगूंज विश्वविद्यालय का महाकुंभ है, जहां अगले तीन दिनों में 1 लाख से अधिक छात्र भाग लेने वाले हैं। युवाओं का उत्साह और ऊर्जा हमें आगे बढ़ने और अपने विश्वविद्यालय के क्षितिज को विस्तारित करने के लिए प्रेरित करती है।

### रेस्तरां में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में सोमवार को एक रेस्तरां में आग लग गई, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा, हमें सुबह 9.53 बजे लाजपत नगर के एक रेस्तरां में आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजीं। सुबह 10.35 बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना की विस्तृत जांच के लिए पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### टाटा पावर की रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने की पहल

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं ने हरित ऊर्जा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के विलेज कस्टमर ग्रुप द्वारा अब तक 450 ग्रामीण उपभोक्ताओं की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। साथ ही, लगभग 200 उपभोक्ताओं से इस संबंध में सकारात्मक चर्चा जारी है। सौर ऊर्जा को अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आर्य समाज मंदिर, ममूरपुर गांव, नरेला में एक भव्य पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10 गांवों के 50 उपभोक्ताओं को पंखों और शॉल के साथ सम्मानित किया। समारोह में वे उपभोक्ता शामिल थे जिन्होंने अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच रूफटॉप सोलर सिस्टम अपनाया।

# चिड़ियाघर में पेड़ों की कटाई की जांच शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



फाइल फोटो।

दिल्ली सरकार के वन विभाग ने शहर के चिड़ियाघर में 100 से अधिक पेड़ों के काटे जाने की शिकायतों की जांच शुरू कर दी है। एक स्रोत से प्राप्त जीपीएस मैप कैमरा चित्रों से पता चला है कि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में पिछले महीने कई सूखे और हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया। यह एकमात्र चिड़ियाघर है, जिसका प्रबंधन सीधे तौर पर केंद्र द्वारा किया जाता है।

चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने दावा किया कि केवल सूखे पेड़ हटाए गए और जीवित पेड़ों की केवल छंटाई की गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने कहा हमें पेड़ों की कटाई की शिकायतें मिली हैं और हम इसकी जांच कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि पेड़ों की छंटाई की गई, लेकिन अगर कोई अवैध गतिविधि पाई गई, तो हम नोटिस जारी करेंगे और उचित कार्वाई करेंगे। दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति वृक्ष अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी वृक्ष को काट या हटा नहीं सकता। यदि किसी पेड़ से जान-माल या यातायात को खतरा पैदा होता है, तो भूस्वामी के लिए उसे हटाने के 24 घंटे के भीतर वन अधिकारी को सूचित करना अनिवार्य होता है।

## 31 करोड़ के घोटाले में प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 31 करोड़ रुपए के दक्षिण दिल्ली संपत्ति सौदा घोटाला के में कथित धोखाधड़ी के लिए एक प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू) ए. गुगुलोथ ने कहा कि आरोपी रविंदर बैंसला ने अपनी कंपनी बैंसला हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से खुद संपत्ति के मालिक अशोक कुमार के प्रतिनिधि के रूप में गलत तरीके से पेश किया। उसके खिलाफ अनुराग बाजपेई के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई।

# गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी को पुलिस हिरासत में भेजा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पुलिस को जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई के साथियों के भी हत्या में शामिल होने का संदेह

दिल्ली की एक अदालत ने कथित गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी को पिछले साल सितंबर में दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में दो बाइक सवार हमलावरों द्वारा 35 वर्षीय जिम मालिक की हत्या से संबंधित मामले में सोमवार को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुज कुमार सिंह ने जोया खान को पुलिस हिरासत में भेजा। इससे पहले जांच अधिकारी ने कहा कि बड़ी साजिश का पता लगाने और मामले में उसकी भूमिका स्थापित करने के लिए उसकी हिरासत की जरूरत है। पुलिस को हाशिम बाबा के अलावा जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथियों के भी हत्या में शामिल होने का संदेह है।

पुलिस ने अदालत को बताया कि वह अपराध में प्रयुक्त हथियारों को बरामद करना चाहती है, तथा दावा किया कि सभी आरोपी ऐप-आधारित एन्क्रिप्टेड कॉल के माध्यम से एक-दूसरे के संपर्क में थे। पीड़ित नादिर शाह के खिलाफ पहले भी डकैती और हत्या के प्रयास जैसे आपराधिक मामले दर्ज थे।

# मीरज़ापुर में 3,07,896 किसानों को प्राप्त हुआ किसान निधि योजना का लाभ

संवाददाता। मीरज़ापुर

**सोमवार** को बरकछा के राजीव गांधी दक्षिण परिसर सेमिनार हॉल में कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान निधि योजना की 19वीं किस्त वितरण कार्यक्रम, किसान सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि मीरज़ापुर की लोकप्रिय सांसद अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने महामना मदन मोहन मालवीय जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, कृषि वैज्ञानिक राम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उप कृषि निदेशक विकेश पटेल, कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान डॉ एसके गोयल, डॉ जेपी राय, प्रोफेसर गुरु प्रसाद सिंह मौजूद रहे।




बता दें कि भागलपुर बिहार से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संजीव प्रसारण द्वारा मिर्जापुर के किसानों को 3 लाख 7 हजार 896 कृषकों के खाते में 19वीं किस्त के रूप में कुल 61 करोड़ 57 लाख 92 हजार कि धनराशि हस्तान्तरित किया। माननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी ने किसान भाई बहनों को किसान सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

केन्द्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आज बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के 06 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में किसान सम्मानों का आयोजन किया गया है और स्वयं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के कोने-कोने में हमारे किसान भाइयों एवं बहनों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन अलग-अलग स्थान पर हो रहा है और भारत सरकार माननीय प्रधानमंत्री के मंत्रिमंडल में जितने भी मंत्री हैं सभी देश के किसी न किसी कोने में उपस्थित हैं और इसीलिए मैंने सोचा इस अवसर पर अपने क्षेत्र में रहना सबसे उपयुक्त होगा।

मैं अपने किसान भाइयों एवं बहनों के बीच हूं क्योंकि आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी होगी और यह एक ऐसी योजना है कि किसानों को सीधे तौर पर सरकार के माध्यम से आर्थिक सहायता देने की और इससे पहले अनेक सरकार आई गई लेकिन इस योजना जिससे सीधे तौर पर हम किसान को आर्थिक सहायता दे रहे हैं, ताकि वह अपनी खेती संबंधी छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए कहीं से भी ऋण लेने के लिए परेशान न हो यह अपने आप में ऐसी पहली योजना है कि सीधे तौर पर किसान भाइयों को लाभान्वित किया जा रहा है 2019 में जब इस योजना का शुभारंभ हुआ उसके बाद से 6 वर्ष पूर्ण होने तक 11 करोड़ के लगभग किसान जिनका हमारी सरकार ने 03.86 लाख करोड रुपए पूरे देश भर में प्रदान किया गया है और यह धनराशि सीधे हमारे किसान भाइयों एवं बहनों के खाते में हस्तांतरित की गई है और जब 19वीं किस्त जारी होगी तो हमारे 9 करोड़ 76 लाख किसानों के खाते में एक क्लिक पर उनके खाते में 22000 करोड़ रूपया पहुंचाने जा रहा है।

# तीर्थराज प्रयागराज में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री ने लगाई आस्था की डुबकी

- मंत्री नन्दी ने प्रदेश सरकार की ओर से किया स्वागत
- अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने भी किया संगम स्नान

संवाददाता। महाकुंभ नगर





**महाराष्ट्र** के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज महाकुंभ के पावन अवसर पर सपरिवार त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। जीवनदायिनी मोक्षदायिनी एवं पुण्य सलिला मां गंगा मां यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में स्नान कर उन्होंने महाकुंभ की आध्यात्मिक चेतना का अनुभव किया। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने तीर्थराज प्रयागराज आगमन पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का स्वागत किया और उन्हें कुंभ कलश प्रदान कर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर एकनाथ शिंदे ने महाकुंभ 2025 को विश्व का सबसे बड़ा आयोजन बताते हुए कहा कि प्रयागराज पवित्र भूमि है यहां सभी समान हैं। कोई बड़ा छोटा नहीं सभी को एक जैसा सम्मान मिलता है। यहां श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं।

जिससे यह महाकुंभ दिव्य और भव्य बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ 2025 का आयोजन न केवल सनातन परंपरा को सुदृढ़ कर रहा है बल्कि वसुधैव कुटुंबकम के भाव को भी सशक्त कर रहा है। प्रयागराज में जुटे संत श्रद्धालु और साधकों के माध्यम से यह आयोजन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को विश्वभर में एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है।

# त्यौहारों में खलल डालने वालों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई

**बीजपुर, सोनभद्र।** रविवार को स्थानीय थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में शिवरात्रि, होलिका दहन एवं होली पर्व के मद्देनजर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक श्री मिश्र ने उपस्थित जन समुदाय से गत वर्षों में थाना क्षेत्र में सम्पन्न हुए उक्त त्यौहारों के बारे में जानकारियां हासिल करने के उपरांत लोगों को आश्वस्त किया कि यदि त्योहार के दौरान कोई भी अराजक तत्व खलल डालने की कोशिश करेगा तो पुलिस उसके खिलाफ विधीक कार्यवाई करने में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में कुल 63 स्थानों पर होलिका दहन होता है। शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जरहाँ में स्थित अजीरेश्वर धाम में लगने वाले विशाल मेला को देखते हुए एक तरफ जहां मेले में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की टुकड़ियां वहाँ के अलावा अन्य शिव मंदिरों पर तैनात रहेंगी वहीं दूसरी तरफबीजपुर रेनुकूट मार्ग पर बीजपुर से बखरिहवाँ तक बस के अलावा अन्य भारी वाहनों का प्रवेश सुबह से शाम तक बिल्कुल वर्जित रहेगा। होलिका दहन व होली पर्व पर वाद्ययंत्रों का प्रयोग सीमित स्वर में ही बजाने की अनुमति दी जाएगी। 24 फरवरी से विभिन्न बोर्डों तथा स्नातक व स्नाकोत्तर कक्षाओं की होने वाली परीक्षाओं के दृष्टिगत परीक्षार्थियों का ध्यान विशेष रूप से देते हुए घरों में भी टी वी लाउडस्पीकर डीजे व अन्य वाद्ययन्त्रों को बजाने मे भी विशेष सावधानियां बरतें।

बैठक में उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव ग्राम प्रधान के पी पाल बद्रीनाथ विनोद भारती मुख्तार अहमद इंद्रदेव सिंह सुरेंद्र प्रसाद अग्रहरी के साथ ही विभिन्न ग्राम सभाओं के अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित थे।

# अंबेडकर नगर विकास एवं विरासत महोत्सव 2025 में किया गया हेल्दी बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन

- मुसहर समुदाय के दो बच्चों को दिया गया स्वस्थ होने का प्रमाण पत्रः जिलाधिकारी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**विकास** एवं विरासत महोत्सव-2025 के अवसर पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रत्येक विकास खंड से ऑनलाइन पंजीकरण के द्वारा सूचीबद्ध बच्चों का हेल्दी बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, अपर उप जिलाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिमाह आंगनबाडी केन्द्र पर पंजीकृत 0 से 6 वर्ष के समस्त बच्चों का वजन एवं उनकी लम्बाई,ऊँचाई ली जाती है। वजन एवं लम्बाई,ऊँचाई लेकर भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पोषण ट्रैकर ऐप पर फीड किया जाता है। चिन्हांकित कुपोषित अर्थात सैम , मैम बच्चों का वीएचएसएनडी सत्र पर ए0एन0एम0 के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए गम्भीर प्रकृति के सैम बच्चों को जिला चिकित्सालय में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र में 14 दिन तक निरन्तर डाक्टर की निगरानी में स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज किया जाता है तथा उनके पोषण हेतु पौष्टिक आहार भी मुहैया कराया जाता है जिससे बच्चों में कुपोषण दूर हो सके।

आई0सी0डी0एस0 विभाग द्वारा माह जून 2024 में चलाये गये सम्भव अभियान एवं माह सितम्बर 2024 में पोषण अभियान के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा चिन्हांकित 06 वर्ष तक के सभी 1639 सैम बच्चों का ई-कवच पोर्टल पर फीड कराते हुए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निरन्तर उनके ग्रोथ का फालोअप किया गया और उन्हें दी जाने वाली 6 प्रकार की दवायें एमाक्सलीन, एल्बेन्डाजोल, मल्टीबिटामिन, फोलिक एसिड, आइरन सीरप एवं पैरासिटामॉल आवश्यक दवायें भी दी गयी, जिसका परिणाम रहा कि सैम श्रेणी के सभी बच्चे कुपोषण से बाहर आये। माह सितम्बर 2024 में चलाये गये पोषण अभियान में ऐसे बच्चे जिनका सरकारी अस्पताल में जन्म हुआ, जिनके समस्त टीके लगे, और निरन्तर आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपस्थित रहे उनमें से स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा कराते हुए हेल्दी बेबी पुरस्कार का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, बच्चों के अभिभवक को उत्साहवर्धन हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इसका सुखद परिणाम यह रहा कि आम जनमानस में अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी।

## क्विक न्यूज

### यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ

**बीजपुर, सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित न्याय पंचायत जरहाँ परिक्षेत्र में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं तीन परीक्षा केंद्रों पर सोमवार से निर्धारित समयानुसार प्रारंभ हो गई। प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी की परीक्षा शिवम संकल्प इंटरमीडिएट कालेज बखरीहवां में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 458 थे। जिसमें 422 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह जानकारी स्टेटिक मजिस्ट्रेट विकास कुमार दुबे व वहाँ के केंद्र व्यस्थापक विनोद शुक्ला ने संयुक्त रूप से दी। प्रभावती इंटरमीडिएट कॉलेज जरहाँ सेंटर में हाईस्कूल के कुल पंजीकृत परीक्षार्थीयों की संख्या 393 थी।जिसमें 369 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 24 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।यह जानकारी केंद्र व्यस्थापक सचिन कुमार सिंह ने दी।इसी कड़ी में अम्बेडकर इंटरमीडिएट कॉलेज रजमिलान सेंटर में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 120 थी। जिसमें 114 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे। वहां पर 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह जानकारी केंद्र व्यस्थापक इंद्रेश कुमार यादव ने दी।द्वितीय पाली में तीनो परीक्षा केन्द्रों पर हिन्दी व सामान्य हिन्दी की परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पन्न की गई।

### महिलाओं को पुलिस द्वारा किया गया जागरूक

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्र्तगत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला व बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।इसी क्रम में जनपद सोनभद्र में विभिन्न थानों पर नियुक्त महिला कांस्टेबल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्यसेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

# डीएम प्रयागराज रविन्द्र कुमार मांदड़ ने भीड़ प्रबंधन के लिए तय किए नए मानक

संवाददाता। प्रयागराज

**महाकुंभ** अपने चरम पर है और हर दिन करोड़ों श्रद्धालु संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर लोगों का आना प्रशासन के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं लेकिन अब तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। कुशल प्रबंधन और अनुशासनिक कड़े नियमों के चलते अब तक यह आयोजन एक मिसाल बना हुआ है। जिले की कमान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ जो न सिर्फ खुद हर व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं बल्कि प्रशासनिक टीम को भी पूरी तरह सक्रिय रखे हुए हैं।

महाकुंभ का आयोजन जितना धार्मिक आस्था से जुड़ा है उतना ही प्रशासनिक दक्षता और टीम वर्क की परीक्षा भी है। भीड़ नियंत्रण यातायात प्रबंधन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सहायता को प्रभावी तरीके से लागू करना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। रविन्द्र कुमार माँदड़ जो पहले भी अपनी प्रशासनिक निपुणता के लिए प्रधानमंत्री से सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इस चुनौती को पूरी संजीदगी से संभाल रहे हैं।

बीते चालीस दिनों से वह प्रतिदिन लगभग 22 घंटे तक काम कर रहे हैं ताकि हर छोटी बड़ी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। प्रयागराज रेलवे स्टेशन जो इस दौरान सबसे व्यस्त स्थानों में से एक बन गया है वहां भीड़ को सुव्यवस्थित रखने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। सटीक दिशानिर्देश अलग अलग निकासी मार्ग रियल टाइम संचार व्यवस्था और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती के चलते श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इसके अलावा पूरे शहर में अस्थायी चिकित्सा केंद्र आपातकालीन सेवाएं खाने पीने की सुव्यवस्था और रहने की उचित व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा पर्याप्त संख्या में स्वच्छता केंद्र स्थापित किए गए हैं। रविन्द्र कुमार माँदड़ खुद इन व्यवस्थाओं का लगातार जायजा ले रहे हैं और जहां जरूरत पड़ रही है वहां तुरंत फैसले लेकर सुधार भी कर रहे हैं। महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन को सफल बनाने में सिर्फ एक व्यक्ति की मेहनत ही नहीं बल्कि एक मजबूत टीम की भूमिका भी अहम होती है।

पुलिस बल सफाई कर्मचारी चिकित्सा दल स्वयंसेवक और अन्य प्रशासनिक अधिकारी हर कोई अपने हिस्से की ज़िम्मेदारी निभा रहा है। हर किसी का एक ही लक्ष्य है कि श्रद्धालु यहां से एक सकारात्मक और सुरक्षित अनुभव लेकर लौटें।

## स्वदेश मिल्क कंपनी के एमडी ने नई एमसीसी का किया शुभारंभ

**बसखारी, अम्बेडकर नगर।** कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर पीयूष उपाध्याय के कर-कमलों द्वारा नई एम.सी.सी का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसमें किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर देव बिक्रम उपाध्याय एवं मिल्क प्रोक्योरमेंट हेड पवन वीर सिंह ने किसानों को कंपनी की नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वदेश मिल्क कंपनी वर्तमान में लगभग 1300 गांवों में किसानों के साथ मिलकर कार्य कर रही है और प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दूध एकत्रित कर रही है। इसके साथ ही, कंपनी किसानों को पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, आवश्यक दवाएं एवं समय-समय पर पशु चिकित्सकों की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगी। साथ ही, उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार प्रदान कर किसानों की आय एवं पशुपालन को सशक्त बनाएगी। स्वदेश मिल्क कंपनी पूर्वांचल में अत्यंत तीव्र गति से प्रगति कर रही है।

## ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवन बोध विषय पर संगोष्ठी 4 मार्च को



**सोनभद्र।** ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवनबोध' विषय पर 4 मार्च 2025 को होने वाले संगोष्ठी को लेकर आयोजन समिति की एक बैठक जनपद मुख्यालय स्थित एक होटल में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक अभियान काशीकथा के संयोजक डॉ अवधेश दीक्षित ने कहा कि गुप्तकाशी के धार्मिकता की यह परम पावन अनुभूति है, 4 मार्च को आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी में धार्मिक आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचारक सिद्धपीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या के संत आचार्य श्री मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज जी ने मुख्य अतिथि के रूप में आतिथ्य स्वीकार करते हुए अपना समय प्रदान किया है। कार्यक्रम के आयोजक आलोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि नगर स्थित ज्योति इंटरनेशनल होटल में ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवन बोध' शीर्षक संगोष्ठी कार्यक्रम में उद्बोधन, विंध्य कन्या पीजी कॉलेज में बेटियों को पुरस्कार वितरण व 251 कन्याओं के साथ सामूहिक सहभोज कार्यक्रम के उपरांत महाराज जी सहस्त्र शिवलिंग मऊकला, विजयगढ़ दुर्ग, बाबा मछंदर नाथ, अमला धाम भी जाएंगे। इन स्थलों के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम नगर स्थित सर्किट हाउस में करेंगे।

# अलीनगर पुलिस ने भारी मात्रा में बरामद की शराब, पकड़े 15 तस्कर



**चन्दौली।** अलीनगर पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त करवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। चेकिंग के दौरान दोनों टीम ने तीन टेम्पू में लदे 15 बैग से 228.75 लीटर शराब के साथ 15 तस्करों को गिरफ्तार किया। शराब तस्करी के लिए सभी तस्करों ने नए और ब्रांडेड बैग का इस्तेमाल किया। ताकि पुलिस को आसानी से चकमा दिया जा सके।

मिली जानकारी के अनुसार अलीनगर पुलिस को मुखबीर द्वारा मिली कि 15 शराब तस्कर तीन टेम्पू में 15 पिट्ठू बैग लादकर बिहार की तरफ जा रहे है । तभी अलीनगर इंस्पेक्टर विनोद मिश्रा ने अपने हमराहियों के साथ अलीनगर थाने के गेट के पास चेकिंग करने लगे । तभी तीन टेम्पू आती दिखाई दी । जब रोक कर चेक किया गया तो 15 बैग में भारी मात्रा शराब बरामद किया ।

गौरतलब हो कि बिहार में शराब बंदी के कारण शराब तस्कर की सक्रियता काफी बढ़ गयी है। तस्करी के लिए आरोपियों द्वारा तरह तरह के हथकंडे भी अपनाए जाते हैं। ऐसा ही कुछ मामला अलीनगर पुलिस के हाथ लगा है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाराणसी नंबर के तीन ऑटो से 15 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से नए और ब्रांडेड बैगों में ले जाए जा रही अवैध शराब के खेप बरामद की है। शराब की अनुमानित कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है।

वहीं सूत्रों की माने तो पकड़े गए शराब तस्कर ट्रेन में चढ़ने के फिराक में थे। इसी बीच अलीनगर पुलिस और एसओजी टीम ने इन्हें धर दबोचा। पकड़े गए शराब तस्करों में तीन युवक वह है जो अपने ऑटो में शराब की खेप के साथ शराब तस्करों को बैठाकर उनके बताए गए रेलवे स्टेशन या स्थान तक छोड़ते हैं।

वहीं पकड़े गए 12 लोग बिहार के पटना के रहने वाले हैं। यह सभी शराब की खेप पटना ले जाने के फिराक में लगे थे। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

इतना ही नहीं सूत्र की माने तो शराब तस्करों का सिंडिकेट एक खास तरह के कोड से चलाया जा रहा है। सिंडिकेट की शराब काले रंग के ब्रांडेड पिट्ठू बैग में भरकर ले जाया जाता है। ताकि शराब तस्करों के बैग को कोई चेक ना करे और शराब तस्करी का यह खेल लगातार जारी रहे। हालांकि क्षेत्राधिकार पीडीडीयू नगर आशुतोष ने बताया कि चेकिंग के दौरान लगभग 228 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपए है। तस्करों के अपराधिक इतिहास के बारे में भी जांच की जा रही है।

# धर्म नगरी चित्रकूट में 26 फरवरी को होगा पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेले का शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट

**52वां** राष्ट्रीय रामायण मेला आगामी 26 फरवरी से शुरू होगा। सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कार्यक्रम का शुभारंभ करेगें। भव्य सांस्कृतिक और प्रभु श्रीराम पर आधारित आयोजन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगें।




सोमवार को राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया व महामंत्री डा करुणा शंकर द्विवेदी ने पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा की मौजूदगी में पत्रकारो से रूबरू होकर बताया कि 52वां राष्ट्रीय रामायण मेला महाशिवरात्रि से प्रारंभ होगा। यह देश के अग्रणी समारोह में अपना स्थान रखता है। उप्र के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मेले का शुभारंभ करेगें। मेले के आयोजन के 51 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस बार भव्यता देने के लिए उच्च स्तरीय कलाकार आमंत्रित किए गए हैं। आनंद दृष्टिबोध, रस संचार, भारतीयता एवं एकात्मकता के विकास के मूल मंत्र को ध्यान में रखकर मेला में विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध रामायण के अधिकारी, विद्वान, कथा व्यास एवं उच्च स्तरीय सांस्कृतिक दल व कलाकार, संत, मनीषी, महान विभूतियां शिरकत करेगें।

रायपुर के पदमश्री भारतीय बंधु की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगें। इसके अलावा प्रेम प्रकाश दुबे मुम्बई, प्रयागराज की पूर्णिमा के लोकनृत्य, एनके आर्ट एण्ड परफार्मिंग आर्ट नई दिल्ली नृत्य गायिका, रामाधीन आर्या, महोबा के लखनलाल यादव, मीना गुना, दशरथ सिंह, जया अरोडा, अजय मिश्रा मुम्बई, ललित मिश्रा, डा विनीता सिंह, प्रवीण सिंह आदि अनेक कलाकार समा बांधेंगें। साथ ही हैदराबाद की डा पुट्टपर्ति नागपदमिनी, विशाखापटनम के डा एस शेषारत्नम, कोचीन की डा एनजी देवकी, डा राजीव हरि कौशिक गुवाहटी, अरुण पाठक रींवा, रमेशचन्द्र तिवारी खंडवा, कालिका प्रसाद सेमवाल रुद्र प्रयाग, जगलपुर के प्रो त्रिभुवन, पटना के डा अनिल सुलभ, भागलपुर की डा आशा तिवारी ओझा, डा अवधेश शुक्ल वर्द्धा, अल्का पांडेय लखनऊ, डा जंग बहादुर पांडेय रांची, डा कमलेश थापक चित्रकूट, कथा व्यास विष्णु कुमार तिवारी, पं रामलोचन तिवारी, सीताराम शरण रामायणी, मानस किंकर राम प्रताप शुक्ल, कृष्णमणि चतुर्वेदी के रामकथा पर आधारित व्याख्यानो से वातावरण भक्तिमय होगा।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री से रामायण मेले में आगमन के लिए आग्रह किया है। उन्होंने भरोसा दिया है कि पांच दिवसीय मेले के दौरान आने का प्रयास करेंगें। कहा कि मेला को भव्य दिव्य बनाने की तैयारियां की गई है। चित्रकूट में राष्ट्रीय रामायण मेला वृहद आयोजन है। इस मौके पर राजाबाबू पांडेय, शिवमंगल प्रसाद मिश्रा, यूसुफ कलीमुद्दीन बेग, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, धनश्याम अवस्थी, रामप्रकाश श्रीवास्तव, लाला आदि मौजूद रहे।

## युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही डबल इंजन सरकारः अनुज यादव



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के रानीपुर खाकी में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने ग्रामीणों को सपा की उपब्धियां बताते हुए अखिलेश यादव की सरकार बनाने में सहयोग मांगा। चौपाल में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि देश की धन संपत्ति लूटने वाले अंग्रेजों को हमारे पुरखों ने भगाया था। इसी प्रकार समाजवादी लोग संविधान विरोधी, आरक्षण विरोधी, दलित, पिछड़ा, आदिवासी और महिला विरोधी भाजपा को भगाने का काम करेंगे। वहीं अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने बताया कि सपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख सुविधाओं सहित किसानों के लिए हर न्याय पंचायत पर मंडिया बनाने, किसानों को उचित मूल्य पर खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता था। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में देश का कर्ज लगातार बढ़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होता जा रहा है। पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार और नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं।

## मेलोनी का भाषण

### दक्षिणपंथ का उभार

**जार्जिया** मेलोनी के हालिया भाषण ने दक्षिणपंथ के उभार का संकेत दिया है, हालांकि इससे उसके विरोधाभास भी प्रकट हुए हैं। इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने हाल ही में अमेरिका में 'कंजरवेटिव पालिटिकल एक्शन कान्फ्रेंस'-सीपीएसी में अपने भाषण से सुर्खियां बटोरीं। वीडियो लिंक के माध्यम से बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि वैश्विक दक्षिण को अनुचित रूप से लोकतंत्र के लिए खतरे की तरह पेश किया जाता है, जबकि वामपंथ को अनावश्यक वैधता प्राप्त है। अपने भाषण में उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप, अर्जेन्टाइना के जेवियर मिलेई तथा भारत के नरेन्द्र मोदी जैसे व्यक्तियों के बीच समानान्तर रेखा खींचते हुए तर्क दिया कि जब वामपंथ ने 1990 के दशक में वैश्विक नेटवर्क बनाया तो उसका उत्सव मनाया गया, लेकिन आज दक्षिणपंथ की इसी कारण निन्दा की जा रही है। हालांकि, मेलोनी का तर्क दुनिया भर में कंजरवेटिव आंदोलनों की परेशानियां अभिव्यक्त करता है, पर इसमें तार्किक कमियां तथा चयनित तर्क शामिल हैं। मेलोनी ने दक्षिणपंथी नेताओं को उत्पीड़ित वंचित लोगों के रूप में पेश किया जो सशक्त वामपंथी अवस्थापना के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन यथार्थ ज्यादा जटिल है। ट्रंप, मिलेई और मोदी जैसे नेताओं के उभार से स्पष्ट होता है कि कंजरवेटिव राजनीति वंचितों का आंदोलन न होकर दुनिया के अनेक हिस्सों में प्रभुत्वशाली शक्ति बन गई है। ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं, नरेन्द्र मोदी तीन कार्यकाल से भारत के प्रधानमंत्री हैं तथा मिलेई हाल ही में अर्जेन्टाइना के राष्ट्रपति बने हैं। इससे स्पष्ट होता है कि व्यवस्थित रूप से उत्पीड़ित होने के बजाय दक्षिणपंथ लगातार शक्तिशाली होता जा रहा है। इसके साथ ही मेलोनी ने जोर दिया कि दुनिया अब यह विश्वास नहीं करती है कि वामपंथ के 'झूठ' अति-सरलीकरण हैं।



वर्तमान समय में राजनीतिक परिदृश्य अत्यधिक विभाजित है तथा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में दक्षिणपंथी और वामपंथी पार्टियां विजय प्राप्त कर रही हैं। जहां कंजरवेटिव आंदोलनों ने गति पकड़ी है, वहीं उदारवादी व प्रगतिशील राजनीति का काफी प्रभाव बना हुआ है। यह अवधारणा भ्रामक है कि लोगों ने वामपंथ को पूरी तरह खारिज कर दिया है क्योंकि इसमें ब्राजील, जर्मनी तथा स्पेन में वामपंथी झुकाव वाले नेताओं की चुनावी विजय को अनदेखा किया गया है। ट्रंप का कार्यकाल अभूतपूर्व रूप से अनेक झूठों से घिरा था, जिसमें कोविड-19 वैश्विक महामारी को कमतर आंकने के साथ चुनावी धोखाधड़ी के दावे शामिल हैं। यदि वैश्विक दक्षिणपंथ स्वयं को सच्चाई से जुड़ा आंदोलन मानता है तो ट्रंप जैसे व्यक्तित्व के साथ जुड़ाव उसके दावे पर गंभीर सवाल खड़े करता है। दक्षिणपंथ को लोकतंत्र के लिए खतरे की तरह पेश करने के तर्क में यह तथ्य अनदेखा किया गया है कि कंजरवेटिव आंदोलनों के भीतर व्याप्त तानाशाही प्रवृत्तियों के प्रति चिन्तायें वास्तविक हैं। ट्रंप द्वारा 2020 में अमेरिकी चुनाव के परिणाम स्वीकार करने से इनकार तथा बाद में कैपिटाल पर दंगा लोकतांत्रिक संस्थानों पर सीधा हमला था। इसी प्रकार मिलेई की आलोचना हो रही है कि उन्होंने प्रमुख सरकारी संस्थानों के खिलाफ आक्रामक टिप्पणियां की हैं। वास्तव में मेलोनी का भाषण आधुनिक दक्षिणपंथ की मुख्य भावना प्रकट करता है, लेकिन यह उनके चयनित तर्कों तथा आंतरिक विरोधाभासों को भी स्पष्ट करता है। हालांकि, यह सच है कि दक्षिणपंथी आंदोलनों ने जनता के बड़े हिस्से को आकर्षित किया है, पर इससे ये सरोकार निरर्थक नहीं सिद्ध होते हैं कि दक्षिणपंथ की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा पूर्ण रूप से निश्चित नहीं है। दुनिया की जनता किसी समय वामपंथ के बजाय दक्षिणपंथ को पसंद कर सकती है, पर इसका यह अर्थ नहीं है कि दक्षिणपंथ के साथ सब कुछ 'सही' है और वामपंथ को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

# त्रिपुरा में अगर का आर्थिक महत्व

त्रिपुरा भारत में अगर के गढ़ के रूप में विकसित हो रहा है। देश भर के किसान इसे उगाने पर ध्यान दे रहे हैं, लेकिन इसके लिए नियामक नीतियों को सहज बनाना जरूरी है।



**वी के बहुगुणा**
(लेखक, पर्यावरण विशेषज्ञ हैं)



अगर के वृक्ष को वैज्ञानिक रूप से 'एक्वीलेरिया मैलासेंसिस' कहा जाता है। यह मुख्यतः भारत के पूर्वोत्तर राज्यों असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में पाया जाता है। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला एक समय अगर पेड़ों से भरी थी और इसीलिए त्रिपुरा के शाही परिवार ने इसे यह नाम दिया था। यह म्यांमार, सुमात्रा, लाओस, मलेशिया, सिंगापुर, बोर्नियो और फिलीपीन्स में भी पाया जाता है। भारी मांग और अवैध व्यापार के कारण यह वृद्ध प्रजाति अत्यधिक संकटग्रस्त मानी गई है और इसे 'इंटरनेशनल यूनियन आफ कंजरवेशन आफ नेचर'-आईयूसीएन की लाल सूची में स्थान मिला है। भारत में अगर के 15 करोड़ वृक्ष हैं और राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन तथा संरक्षण के लिए मंच प्रदान करने के कारण यह त्रिपुरा में निजी जमीनों पर भी उगाया जा रहा है।

अब अन्य राज्यों के किसान भी त्रिपुरा तथा पूर्वोत्तर राज्यों से इसके पौधे ले जाकर उपयुक्त स्थानों पर उगा रहे हैं। मैंने अगर वृक्षों की आर्थिक और परिस्थितिकीय संभावनाओं के अध्ययन के लिए त्रिपुरा की यात्रा की। पिछले दस साल में त्रिपुरा में अगर वृक्षों के प्रबंधन का ढांचा मजबूत हुआ है और उत्तरी त्रिपुरा का धर्मनगर क्षेत्र अब अगर वृक्षों की पूर्ण संभावना तथा मूल्य संवर्धन प्राप्त करने का केन्द्र बन गया है। पहले वन विभाग डिस्टिलेशन इकाइयों पर छापा मार कर उनको नष्ट कर देता था, पर अब उनको यथासंभव प्रोत्साहन दिया जा रहा है जिससे अगर प्लांटेशन को बहुत महत्व मिला है। अब किसान इसकी आर्थिक संभावनाओं को समझ गए हैं जिससे उनकी आय कई गुना बढ़ जाती है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार व खासकर मध्यपूर्व में अगर के तेल व उसकी लकड़ी की भारी मांग के कारण इसे बड़े स्तर पर बढ़ावा मिल रहा है। अगर लकड़ी के बाजार पर पहले असम के एक परिवार का एकाधिकार था जिसका कारण त्रिपुरा और असम में पेड़ों की अवैध कटान था, पर अब सरकार ने किसानों और व्यापारियों के सहयोग से इसे बड़े नीतिगत कदम के रूप में बढ़ावा दिया है। त्रिपुरा न केवल देश में अगर के संरक्षण, बल्कि उसमें खोजी मूल्य संवर्धन के दृष्टिकोण से पूरे देश का नेतृत्व कर रहा है। पिछले सात साल में राज्य सरकार और वन विभाग के नीतिगत समर्थन से अगर का प्रसार हुआ है। मार्केटिंग तथा मूल्य संवर्धन के कारण जल्द ही इसका संरक्षण आसान हो जाएगा, यह घर-घर पहुंच जाएगा तथा किसानों की इससे भारी आमदनी होगी।

अगर पेड़ों की अर्थव्यवस्था तथा भारत सरकार और राज्यों की सरकारों द्वारा उसके विस्तार के कदमों पर गौर करें तो अनेक चीजें स्पष्ट होती हैं। प्रत्येक अगर पेड़ पर लगभग सात साल की आयु के बाद फ्यूसेरियम, लैसियोडिप्लोडिया, पेनीसीलियम तथा एस्परजिलस जैसे फफूंदों का आक्रमण होता है। इससे अगले 5 से 6 साल तक गोंद प्राप्त किया जाता है। गोंद प्राप्त करने के लिए पेड़ को काट कर उसका डिस्टिलेशन किया जाता है।

आईएफएस अधिकारी तथा त्रिपुरा में अगर परियोजना के प्रमुख प्रवीण अग्रवाल के अनुसार इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 20,000 रुपये का 20 से 25 मिली. तेल तथा 80,000 रुपये की लकड़ी की चिप्पियां मिलती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक लीटर अगर के तेल की कीमत लगभग 10 लाख रुपये तथा लकड़ी की चिप्पियों की कीमत एक लाख

> **उपयुक्त संरचनात्मक ढांचे तथा सहायक नियामक नीतिगत ढांचे से भारत में अगर बिजनेस अगले दस से बारह साल में 15 हजार से बीस हजार करोड़ तक पहुंच सकता है। मैंने भारत सरकार में अगरवुड एंड रेड सैंडर्स बोर्ड गठित करने का सुझाव दिया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन दो प्रजातियों को प्रोत्साहित करेगा।**

रुपये प्रति किलो है। किसान को एक हेक्टर में लगे लगभग 500 पेड़ों से प्रति वर्ष 16-20 लाख की आमदनी हो सकती है जो पंद्रह साल में 2 करोड़ होती है। इसलिए अगर एक 'गोल्डेन ग्रीन ट्री' तथा प्रकृति का आश्चर्यजनक उपहार है। भारत में इसे बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने तथा नीतिगत प्रोत्साहन की जरूरत है। इससे किसान बड़े पैमाने पर इसकी खेती को प्रेरित होंगे। त्रिपुरा सरकार ने सुगंध उद्योग में इसके विविधीकरण को प्रोत्साहित किया है जिनको अगर के गोंद से तैयार किया जाता है।

मध्यपूर्व के देशों में अगर तेल का सीधे उपयोग किया जाता है, पर सुगंध और अगरबत्ती उत्पादन के लिए कुछ मूल्य संवर्धन के माध्यम से त्रिपुरा में प्रयास हुए हैं जिससे सुगंध की गुणवत्ता बहुत बढ़ जाती है। एक और प्रयोग के रूप में वन विभाग ने सार्वजनिक-निजी साझेदारी के रूप में एक परियोजना शुरू की है जिसका उद्देश्य अगरतला के निकट रसायनों के माध्यम से अगर प्लांटेशन को 'इनोकुलेट' करना है जिसमें नौ सप्लायर फर्में भाग ले रही हैं। इसके शुरुआती परिणाम उत्साहवर्धक हैं। धार्मिक उद्देश्य से चिप्पियों को खुशबू के लिए जलाने के लिए बौद्धों व अन्य धार्मिक समूहों को बेच दिया जाता है।

त्रिपुरा की यात्रा के दौरान अगरतला में महाकाल ज्योर्तिलिंग उज्जैन मंदिर के वरिष्ठ पुजारी से हुई। वे वन विभाग के सहयोग से किसानों को अगर वृक्ष उगाने के लिए 5 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं ताकि उज्जैन के महाकाल मंदिर में प्रयोग के लिए अगर का पाउडर प्राप्त हो सके। बड़ौदा के शाही परिवार ने उनको इस निवेश के लिए फाइनेंस किया है। ऐसे में सवाल है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्या किया जाना चाहिए। अगर का वृक्ष 'कन्वेंशन आन इंटरनेशनल ट्रेड आन इंडैजर्ड स्पीसीज़'-साइट्स के अंतर्गत आता है। इसलिए अगर उत्पादों की बिक्री और निर्यात पर अंतराष्ट्रीय प्रोटोकाल लागू होते हैं। हाल ही में भारत सरकार ने राज्यों के लिए कोटा निर्धारित करने के साथ उसमें वृद्धि भी की है। लेकिन अगर वृद्ध को हर परिवार का पेड़ बनाने के लिए सरकार को बहुत कुछ करना होगा। एक व्यापारी ने बताया कि भारत की तुलना में लाओस सरकार कुछ ही दिनों में अगर व्यापार की अनुमति दे देती है और उसकी नीतियां ज्यादा किसान-हितैषी हैं।

भारत में अब भी हर चरण पर नौकरशाही प्रक्रियाओं के कारण काफी कागजी खानापूरी करनी होती है जिससे किसान और उद्यमी हतोत्साहित होते हैं। इसे दूर करने के साथ ही सरकार को देश के उपयुक्त कृषि-पर्यावरणीय क्षेत्रों में अगर पौधरोपण को प्रोत्साहित करने के प्रयास करने चाहिए। इसके लिए उसे ग्राहक-हितैषी बिजनेस परिवेश बनाना चाहिए। लाओस की तरह डीएफओ कार्यालय को आनलाइन अनुमति देनी चाहिए। इसके साथ ही भारत सरकार तथा साइट्स कार्यालय को भी आनलाइन अनुमति के लिए संपर्क किया जाना चाहिए।


उपयुक्त संरचनात्मक ढांचे तथा सहायक नियामक नीतिगत ढांचे से भारत में अगर बिजनेस अगले दस से बारह साल के अंतराल में 15,000 से 20,000 करोड़ तक पहुंच सकता है। मैंने स्वयं भारत सरकार में अगरवुड एंड रेड सैंडर्स बोर्ड गठित करने का सुझाव दिया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन दो प्रजातियों को प्रोत्साहित करेगा। इससे किसानों की आय दोगुनी होने में सहायता मिलेगी जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीसीसीएफ बैठक में की है।

इन परिस्थितियों को देखते हुए समय आ गया है कि केन्द्र और राज्य सरकारें परस्पर विचार-विमर्श कर ऐसी नीतियां बनाएं जिनसे अगरवुड व रेड सैंडर्स के लिए राष्ट्रीय बोर्ड का गठन संभव हो। इसे वाणिज्य मंत्रालय के आधीन रखा जाना चाहिए।

# महाकुंभ पर एक कश्मीरी युवक के विचार

> **"इस अनुभव ने मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे आस्था और एकता की शक्ति में मेरा विश्वास और मजबूत हुआ। महाकुंभ मेले में बिताया गया मेरा समय जीवन बदलने वाला अनुभव था।"**

**जहनज़ीब अलाकाबंद**
(लेखक, एक एक्टिविस्ट हैं)



एक कश्मीरी मुस्लिम के रूप में, मैंने महाकुंभ मेले के बारे में सुना था, लेकिन कभी इसका अनुभव करने की कल्पना नहीं की थी। 2025 में, मेरे मित्र युवराज श्रीवास्तव ने मुझे प्रयागराज में इस कार्यक्रम को देखने के लिए आमंत्रित किया, और जो दो दिवसीय यात्रा थी, वह एक अविस्मरणीय सप्ताह में बदल गई। सभा की आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता ने मुझे गहराई से प्रभावित किया, और मैं वापस नहीं जाना चाहता था।

हालांकि पिछली प्रतिबद्धताओं ने मुझे घर लौटने के लिए मजबूर किया। कुंभ मेला प्राचीन अनुष्ठानों और आधुनिक तकनीक का एक अनूठा मिश्रण था। इस आयोजन ने लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित किया और एक दुर्लभ ब्रह्मांडीय संरेखण के कारण विशेष रूप से महत्वपूर्ण था। यह केवल एक धार्मिक आयोजन से अधिक था; यह सभी संस्कृतियों के लिए सीखने, जुड़ने और सम्मान का अनुभव था। मैं परंपरा और नवाचार के सहज संयोजन से प्रभावित हुआ, जैसे भीड़ को प्रबंधित करने और स्थिरता के प्रयासों के लिए एआई का उपयोग किया जाना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास प्रभावशाली थे। सफाई, सुरक्षा और आतिथ्य शीर्ष पायदान पर थे। मैं तीर्थयात्रियों के लिए एक अस्थायी शहर के निर्माण से विशेष रूप से प्रभावित हुआ, जिसमें 150,000 टेंट, चिकित्सा शिविर और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा थी। जब मैं बीमार पड़ा, तो मुझे बिना किसी शुल्क के तुरंत उपचार मिला।

विद्या कुंभ परियोजना एक उल्लेखनीय पहल थी, जिसके तहत 15,000 सफाई कर्मचारियों के बच्चों को



मुफ्त शिक्षा प्रदान की गई। इससे प्रशासन की इस आयोजन और कर्मचारियों के परिवारों की भलाई के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है। एक कश्मीरी मुस्लिम के रूप में, तीर्थयात्रियों ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया और एकता और भाईचारे की भावना स्पष्ट थी।

इस अनुभव ने मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे आस्था और एकता की शक्ति में मेरा विश्वास और मजबूत हुआ। महाकुंभ मेले में बिताया गया मेरा समय जीवन बदलने वाला अनुभव था। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, मैं अपने समुदाय के भीतर आध्यात्मिकता, एकता और मानवता की सेवा के पाठों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस आयोजन की सफलता प्रभावी लोक प्रशासन का एक मॉडल है, जो दिखाता है कि कैसे बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजन प्रगति को अपनाते हुए परंपरा का सम्मान कर सकते हैं।

वास्तव में, महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम नहीं है; यह एकता, समावेशिता और आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक है। हर बारह साल में एक बार आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन में जाति, पंथ, राष्ट्रीयता और सामाजिक स्थिति की बाधाओं को पार करते हुए दुनिया भर से लाखों लोग आते हैं। तपस्वियों और आध्यात्मिक साधकों से लेकर विद्वानों, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों तक, हर कोई दिव्य आशीर्वाद, ज्ञान और आत्म-खोज की खोज में एक साथ आता है। अपने मूल में, महाकुंभ वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत का प्रतीक है- दुनिया एक परिवार है। यह एक ऐसा वातावरण विकसित करता है जहाँ विविध पृष्ठभूमि के लोग सद्भाव में सह-अस्तित्व में रहते हैं, प्रार्थना, ज्ञान और अनुभव साझा करते हैं।

पवित्र नदियां परंपराओं का मिश्रण बन जाती हैं, जहाँ आस्था मतभेदों से परे मानवता को एकजुट करती है। यह एक ऐसा स्थान है जहां अमीर और गरीब, विद्वान और अनपढ़, भक्ति और आत्मनिरीक्षण में डूबे हुए एक साथ खड़े होते हैं। अपने आध्यात्मिक महत्व से परे, महाकुंभ महाकुंभ सभी के लिए है - यह समावेशिता, आस्था और एकजुटता की असीम भावना का एक स्थायी प्रमाण है जो मानवता को परिभाषित करता है।

## आप की बात

### बिलकुल सही बयान

**दुनिया** के राजनीतिक मंच पर विचारधाराओं की लड़ाई हमेशा से रही है, लेकिन जब निष्पक्षता की दुहाई देने वाले स्वयं पक्षपात का शिकार हो जाएं, तो सवाल उठना लाज़मी है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने हाल ही में इसी विडंबना पर करारा प्रहार किया। उनका कहना बिल्कुल सटीक है— जब मैं, ट्रंप और मोदी मिलकर बात करते हैं, तो इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है, लेकिन जब वामपंथी नेता एकजुट होते हैं, तो उसे प्रगति का प्रतीक मान लिया जाता है। यह बयान सिर्फ एक विचार नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति की कटु सच्चाई को बेनकाब करता है। यह दोहरा मापदंड क्यों? क्या लोकतंत्र का अर्थ सिर्फ एक विचारधारा की स्वीकृति है? क्या दूसरी विचारधारा के नेताओं को संवाद और सहयोग का अधिकार नहीं? अगर लोकतंत्र सबका है, तो फिर इस भेदभाव की दीवार क्यों? आज के समय में, जब दुनिया बहुध्रुवीय हो रही है, तब यह आवश्यक है कि सभी विचारों को बराबरी से सुना जाए। मोदी, ट्रंप और मेलोनी जैसे नेता अपने-अपने राष्ट्रों के जनादेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके संवाद और सहयोग को लोकतंत्र के लिए खतरा बताने वाले वही लोग हैं, जो अपनी विचारधारा के लोगों के गठजोड़ पर तालियां बजाते हैं। यह समय है कि हम इस पाखंड को पहचाने। लोकतंत्र सिर्फ एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए है।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### थरूर ने सही कहा!

**कांग्रेस** ने पार्टी लाइन के विरूद्ध माने गए बयानों के कारण अपने वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को पार्टी से किनारे कर दिया है। ऐसा थरूर खुद समझ रहे हैं। क्योंकि उन्होंने राष्ट्रहित में मोदी-ट्रम्प की बातचीत की तारीफ़ की। दूसरे उन्होंने केरल सरकार की नीतियों को भी सराहा, जबकि कांग्रेस ने दोनों ही मामलों में आलोचनात्म रुख अपनाया। पार्टी में तवज्जो नहीं मिलने पर शशि थरूर ने मेरे पास दूसरा विकल्प भी है, कहकर पार्टी को इशारा किया. उन्होंने एक उद्धरण भी कोट किया कि जहां लोगों को अज्ञानता में खुशी मिलती है वहां बुद्धिमानी दिखाना मूर्खता है। उनकी बात सही है। यूं भले ही मंच पर राजनीतिक पार्टियां अभिव्यक्ति की आजादी की बात करती हैं परन्तु जब कोई सदस्य खुलकर बोलना चाहता है तो या तो उसे पार्टी से किनारे कर दिया जाता है या फिर पार्टी उसके बोलों से किनारा कर लेती है. सही मायने में देखा जाए तो विपक्ष का काम केवल सत्ता के कामों की आलोचना ही करना नहीं होता है बल्कि देशहित में उसके अच्छे कामों की सराहना करना भी उसका फर्ज होता है। 1971 में बांग्ला देश पर विजय पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को विपक्ष के नेता अटल जी ने दुर्गा कहकर उनकी सराहना की थी। अगर शशि थरूर ने पीएम मोदी और केरल सरकार द्वारा राष्ट्रहित/जनहित किये कामों को सराहा तो कुछ गलत नहीं किया।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### सराहनीय पहल

**छतरपुर** के बागेश्वर धाम में देश के प्रधानमंत्री के द्वारा हाल ही में कैंसर हॉस्पिटल की नींव रखी गई है जिसको बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा बनवाया जा रहा है। यह निश्चित रूप से एक सराहनीय जनहितकारी कार्य है। देखा जाए तो बुंदेलखंड की धरती पर जहां भूख और गरीबी है, यहां पर कैंसर अस्पताल का निर्माण क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धि एक बड़ी बात है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ के सफल आयोजन का जिक्र करते हुए भारत की समृद्ध सभ्यता, संस्कृति ,वेद, उपनिषद और ज्ञान पर जनता से साथ संवाद किया और विज्ञान के महत्व को भी समझाया है। धार्मिक गुरुओं के एवं धार्मिक संस्थाओं के द्वारा जनता के लिए गुरुकुल, आध्यात्मिक केंद्र और शिक्षा मंदिर का निर्माण कराया जाता रहा है। भारत की इसी समृद्ध परंपरा को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री अब आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समय के साथ चलते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने परिपक्वता और गंभीरता के साथ ज्ञान एवं भक्ति प्रवचनों से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी एवं रचनात्मक योगदान देने का बीड़ा उठाया लिया है, जिसके लिए बधाई के पात्र हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### मानकविहीन औषधि तंत्र

**अमानक** औषधि तंत्र लोगों के लिए जानलेवा है। अब तक कई बार दवाओं की टेस्टिंग में दवाएं फैल हुई है मगर आनन-फानन की कार्रवाई से नतीजे स्थायी नहीं रहें हैं। हाल ही में औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा दवाओं की टेस्टिंग की गई, जिसके रिपोर्ट चौंकाने वाले सामने आए हैं। सामान्य रूप से निर्धारित स्टेरॉयड और कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाओं सहित करीब 84 दवाओं की गुणवत्ता मानक स्तर में फेल रही है।हर महीने बाजार में बेची जा रही गैर-मानक गुणवत्ता वाली दवाओं की टेस्टिंग करने वाली एजेंसी सीडीएससीओ ने इस बारे में अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में कांगो बुखार की दस्तक, महिला की मौत के बाद जारी दिसंबर 2024 के अपने नवीनतम आंकड़ों के अनुसार उन्होंने विभिन्न फर्मों द्वारा निर्मित दवाओं के 84 बैचों को गैर-मानक गुणवत्ता वाली पाई गई। इसमें एसिडिटी, हाई कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और जीवाणु संक्रमण जैसी सामान्य स्थितियों के लिए निर्धारित कुछ दवाएं शामिल हैं। इन हालातों में लोगों को चाहिए कि वें जांच परख करके ही दवाओं का सेवन करें।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भण्डाफोड़

● चोरी की 22 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं

संवाददाता। अमेठी





**जिले** की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 22 मोटरसाइकिलों के साथ सात अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार करने में भी सफलता पाई है जिला बनने के बाद चोरी की मोटरसाइकिलो की दूसरी बड़ी बरामदगी है।

पत्रकारों को जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने बताया कि उ0नि0 विवेक कुमार सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह एवं प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम उ0नि0 श्री अनूप सिंह मय हमराह की संयुक्त टीम द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान टिकरिया तिराहा अमेठी के पास टिकरिया सीमेन्ट फैक्ट्ररी की तरफ से आ रहे 03 मोटरसाइकिलों पर सवार 04 संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछा गया तो चारों व्यक्तियों ने अपना-अपना नाम जुनैद पुत्र अख्तर निवासी ग्राम नया का पुरवा मजरे खैरापुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 38 वर्ष,अरमान पुत्र गुरखू उर्फ मुस्तकीम निवासी नारा अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब 37 वर्ष, मुसर्रफ अली उर्फ ननकू पुत्र सत्तार जोकर निवासी मदीना मस्जिद हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी उम्र करीब 30 वर्ष व मोईन खान पुत्र मुन्नर खांन निवासी निहालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष बताया तथा मोटरसाइकिलों के कागजात मांगने पर दिखा न सके।

पूछने पर आपाची मोटरसाइकिल यूपी 42 एडी 9786 को जगदीशपुर थानाक्षेत्र से, हीरो होण्डा स्लेण्डर प्लस यूपी 44 के 5776 को थानाक्षेत्र गोसाईगंज लखनऊ कमिश्नरेट से व पैशन प्रो बिना नम्बर प्लेट को थानाक्षेत्र अमेठी से चोरी करना बताया । अभियुक्तों की निशानदेही पर बेलखौर रोड पर बंद पड़ी फैक्ट्री के अन्दर से 19 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी व मोटरसाइकिलों की निगरानी करते हुए 03 अभियुक्त सुरजीत कुमार पुत्र रामेसुर निवासी ग्राम लाला का पुरवा मजरे डुडेरी थाना कमरौली जनपद अमेठी, मो पट्टन पुत्र सफाउल्लाह निवासी ग्राम पूरे परवानी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी व रफीक अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम कोछित थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को मौके से गिरफ्तार किया गया । चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी के आधार पर सभी अभियुक्तों को समय करीब 04.35 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया।

## ग्रैंड चिल्ड्रन वीक फेस्टिवल का हुआ समापन



**गोंडा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित ग्रैंड चिल्ड्रन वीक फेस्टिवल का समापन सोमवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ ट्रेजरी ऑफिसर गोंडा श्यामलाल जायसवाल ने फीता काटकर समापन समारोह को शुरू कराया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा व्यवसाई और समाज सेवी जसपाल सिंह सलूजा, ए0पी0एस0ग्लोब पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अजय सिंह, पेंशनर कल्याण परिषद के अध्यक्ष केबी सिंह व अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में ट्रेज़री अफसर श्री जायसवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने काल की शैक्षिक पद्धति की याद दिलाते हुए उसकी सराहना की।

# कायस्थ महासभा की बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

संवाददाता। संतकबीरनगर



**अखिल** भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इन्द्रसेन श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्ती मण्डल प्रभारी रतन श्रीवास्तव की देखरेख में अ.भा.कायस्थ महासभा की संतकबीरनगर जिला इकाई का पुनर्गठन करते हुए पवन श्रीवास्तव 'सबा' को जिलाध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। जिला कार्यकारिणी में कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ सर्जन डॉ. ए.के. श्रीवास्तव व डेण्टल सर्जन डॉ. संजीव श्रीवास्तव, शोभित प्रकाश श्रीवास्तव को जिला महासचिव व राहुल श्रीवास्तव को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की।

इसी क्रम में जनपद के एक होटल परिसर में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह भव्यता रूप में किया गया। जिले के प्रख्यात न्यूरो सर्जन बंधवा डॉ0 एन0एन0 श्रीवास्तव ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को आम कायस्थ जनमानस में पहुंचकर सबकी मदद करने तथा कायस्थ एकता को बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लगभग दो दशक से भगवान श्री चित्रगुप्त जी मंदिर के निर्माण में सफ्लता नहीं मिल सकी, इस लक्ष्य को पूरा करना ही हमारा लक्ष्य है।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने उनके ऊपर विश्वास करने के लिए सभी चित्रांश परिवार व समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने सभी अभिभावकों, अग्रजों व वरिष्ठों का सम्मान करते हुए पूरे समाज को एकजुट करके सामूहिकता की भावना से भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर के निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके लिए पद नहीं बल्कि समाज के प्रति दायित्व और उसके प्रति जुनून महत्वपूर्ण है। हम सभी मिलकर मंदिर के लक्ष्य को पूरा करेंगे तभी हमारा और संगठन से जुड़े सभी लोगों का सम्मान होगा।

# अभियोजन कार्यों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को दिलायें सजाः डीएम



**गोंडा।** सोमवार को डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिये हैं कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। डीएम ने कहा कि अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाए कि वह एक नजीर बनें। यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शतप्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन के कार्य को गंभीरता से लें। सभी सम्बन्धित विभाग के द्वारा अपने शासकीय कार्यों के साथ साथ अभियोजन के कार्यों में गंभीरता दिखायें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन अजीत कुमार मिश्र, जिला औषधि निरीक्षक समस्त शासकीय अधिवक्ता व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर डीएम-एसपी ने परखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता। रायबरेली



**जिलाधिकारी** हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा जनपद में यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज शामिल है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 07 जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 109 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करे जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए गए।

## पीएम किसान सम्मान निधि के विमोचन का लाइव प्रसारण

**शिवगढ़, रायबरेली।** सोमवार को दोपहर 2 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का विमोचन किया। जिसका क्षेत्र के किसानों को लाइव प्रसारण दिखाया गया। कृषि विभाग द्वारा शिवगढ ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के विमोचन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। पीएम किसान सम्मानित की 19वी किस्त के रूप में 2000 रुपए खाते आते ही कृषकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति के आभार प्रकट किया। लाइव प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित शिवगढ खण्ड विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा,एड़ीओ एग्रीकल्चर दिलीप सोनी, कृषि विभाग से शिवगढ़ राजकीय बीज भण्डार प्रभारी शिव शंकर वर्मा, आदि रहे।

## परीक्षा देकर लौट रहा छात्र वाहन की टक्कर से घायल

**ऊंचाहार।** हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर घर वापस लौट रहे बाइक सवार दो छात्र चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गये, दोनों घायलों को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गोपापुर गाँव निवासी मंजीत 15 वर्ष व उसका साथी छात्र शिवा 15 वर्ष निवासी लल्ला सिंह का कोट मजरे पयागपुर नदौरा हाईस्कूल के छात्र है।सोमवार की सुबह दोनों छात्र अरखा स्थित विद्यालय में बोर्ड एग्जाम देकर घर वापस लौट रहे थे, बताते है कि इसी दौरान अरखा प्लाई फैक्ट्री के पास लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर प्रयागराज की ओर जा रहे चार पहिया वाहन ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी, घटना में दोनों छात्र सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा घायल छात्रों को सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया है।

## क्विक न्यूज

### पुलिस अधीक्षक ने सौंपे बरामद हुए मोबाइल फोन



**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के आदेशानुसार रायबरेली की सर्विस लांस टीम व विभिन्न थानों की टीम के द्वारा बरामद किए गए खो और गिर गए मोबाइल अलग अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले लोगो के मोबाइल फोन हुए बरामद जिनकी कीमत लगभग 28 लाख 95000 हजार बताई जा रही है इस बडी कार्यवाही का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने किरण बहुउद्देशीय हाल में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी गई जानकारी पर बताया कि जिन लोगों का मोबाइल हो गया था या फिर कहीं रखकर भूल गए थे जिसकी जिसकी खोजबीन के लिए पुलिस टीम को निर्देशित किया गया और ऑनलाइन फिर या फिर पुलिस के द्वारा जारी किया गया अप के माध्यम से अपडेट करने वाले मोबाइल स्वामित्व को सौंपा गया और पुलिस अधीक्षक के द्वारा बडा खुलासा करते हुए सभी मोबाइलों को जो उनके स्वामित्व हैं उनको पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बने बहुउद्देशीय हाल में बुलाकर सौंपा गया।

### प्राचीन शिव मंदिर रास्ते की सफाई कराने की मांग

**जालौन, उरई।** तहसील परिसर में प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। तहसील परिसर की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त होने से शिवमंदिर तक पहुंचने के रास्ते की साफसफाई व मलवा शिवरात्रि से पूर्व उठवाने मांग भक्तों ने एसडीएम से की है। तहसील परिसर की पुरानी बिल्डिंग में प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। मान्यता है कि जालौन की शासिका ताई बाई इस प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना करती थीं। तहसील परिसर का नया भवन बनने के बाद पुरानी बिल्डिंग बंद कर दी गई थी। लेकिन भक्त शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते जाते रहे। इस मंदिर का जीर्णोद्धार भी पूर्व तहसीलदार बलराम गुप्ता द्वारा कराया गया था। बारिश के मौसम में पुराने तहसील भवन का एक हिस्सा गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया था। बिल्डिंग का मलवा अंदर ही रहने से शिव मंदिर तक पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया था। हालांकि भवन में मलवे में से कुछ रास्ता बनाया गया है। लेकिन भक्तों को मंदिर परिसर तक पहुंचने में परेशान होना पड़ता है।

# आग लगने से फसल नष्ट होने को लेकर सपा नेताओं ने प्रशासन को किया सचेत

संवाददाता। सेमरियावां



**क्षेत्र** में गेहूं की फसल खेतों में खड़ी है। अब फसल पकने की कगार पर है। किसान आज ही से गेहूं की फसल के बचाव हेतु चिंतित है। प्रत्येक वर्ष आग लगने घटना से गेहूं की खड़ी फसल बर्बाद हो जाती है। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं सेमरियावां क्षेत्र के जिला पंचायत प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद एक प्रतिनिधिमंडल के साथ डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रभारी जिला अधिकारी से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया।

मुहम्मद अहमद ने क्षेत्र के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के बचाव हेतु दुधारा एवं सेमरियावां में समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की। मुहम्मद अहमद ने प्रभारी डीएम को पत्रक देकर मांग किया कि गेहूं की तैयार फसल को आग की विभीषिका से बचाने हेतु दुधारा क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की गाड़ी की व्यवस्था बहुत जरूरी है। सेमरियावां ब्लॉक के अधिकांश गांव बस्ती जनपद के सीमावर्ती गांव हैं। तहसील जिला मुख्यालय से काफी दूर हैं। पिछले कई वर्षों से आग आग लगने की घटना हो रही है। जो गांव की आबादी को भी प्रभावित कर देती है। जान माल का खतरा बना रहता है। किसानों की खेत में खड़ी गेहूं की फसल देखते ही देखते बरबाद हो जाती है।

अग्निशमन वाहन व्यवस्था दूर होने के कारण पहुंचने में बहुत विलंब हो जाता है। तब तक फसल को बहुत हानि हो जाती है। मुहम्मद अहमद, सैयद फिरोज अशरफ,मो मोबीन आदि ने जिला प्रशासन से जनपद मुख्यालय से दूर क्षेत्रों एवं थाना दुधारा सेमरियावां क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की गाड़ी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। प्रभारी डीएम ने समस्या को सुना एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष सैय्यद फिरोज अशरफने ज्ञापन देकर कहा है कि टेमा सेमरियावा मार्ग स्थित सालेहापुर चौराहा से बैरियाहवा उचहरा मार्ग पिछले कई वर्षो से जर्जर अवस्था में जनहित में सड़क का निर्माण कराया जाय।

## किशोरी ने फांसी लगा मौत को गले लगाया

**जालौन, उरई।** सूने घर में 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवई कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ग्राम छानी खास में धर्मेंद्र बरार मजदूरी का काम करते हैं। सोमवार की सुबह वह पत्नी गुड्डी के साथ खेतों पर कटाई के लिए गए थे। घर पर उनकी 15 वर्षीय पुत्री राधा घर में अकेली थी। घर में अकेली राधा ने सूने घर में कमरे में पंखे के कुडे में साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर गले में डाल लिया और उस पर लटक गई। दोपहर में जब पिता धूर्मेंद्र खाना खाने आया तो पुत्री को फांसी के फंदे पर लटका देखकर उसके होश उड़ गए। पत्नी भी बेटी को फांसी के फंदे पर लटका देखकर चीख पड़ी। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब परिजनों से पूछा तो उन्होंने बताया कि बेटी कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान रहती थी। घर में सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था।

# विकास खंड कार्यालय बहादुरपुर का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने आज विकास खंड कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी विजयंत कुमार अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चल रहे सर्वेक्षण कार्य हेतु आवंटित ग्राम पंचायतों में गए हुए थे। इस पर सीडीओ ने बीडीओ बहादुरपुर को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण करने वाले प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का टूर रजिस्टर अथवा भ्रमण पंजिका में अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए। इसके अतिरिक्त, यह भी देखा गया कि कई कर्मचारियों ने अपनी मेज पर नाम पट्टिका तो लगाई थी, किंतु वे आईडी कार्ड धारण नहीं किए हुए थे। इस पर निर्देशित किया गया कि कार्यालय परिसर के भीतर सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपना आईडी कार्ड धारण करें। इसके उपरांत, मनरेगा सॉफ्ट पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायत सराय महेशा में मनरेगा के तहत चल रहे तालाब खुदाई खुसरही भाग 5 कार्य का निरीक्षण किया गया।

# चोरों ने गैस एजेंसी को बनाया निशाना लाखों की नकदी ले उड़े



**जालौन, उरई।** अज्ञात चोरों ने गैस एजेंसी को निशाना बनाकर गैस एजेंसी में रखे नौ लाख 43 हजार रुपये चोरी कर लिए। गैस एजेंसी संचालक की सूचना पर कोतवाली पुलिस समेत एसओजी टीम और फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। कोतवाली क्षेत्र में लौना रोड पर जालौन गैस एजेंसी के नाम से इंडेन गैस् एजेंसी संचालित हो रही है। रविवार को गैस एजेंसी पर सिलिंडर की बिक्री के 9,43,420 रुपये रखे थे। रविवार होने के चलते रुपये बैंक में जमा नहीं किए गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने पहले गैस एजेंसी के ऑफिस का ताला तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन जब वह इसमें सफल नहीं हुए तो चोर पीछे से ऑफिस की छत पर चढ़ गए। चोर छत के दरवाजे का कुंडा तोड़कर जीने के रास्ते नीचे आ गए और नीचे और एक ताला और सेफ के लॉकर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने लॉकर में रखे सभी रुपये चोरी कर लिए और छत के रास्ते से ही बाहर निकल गए। सीसीटीवी फुटेज में घटना रात करीब दो बजे के आसपास की है। सुबह जब आफिस खुला तो चोरी की जानकारी हुई। जिसकी सूचना गैस एजेंसी संचालक प्रभू दयाल भाटिया ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल अजीत सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। कुछ ही देर में एसओजी टीम व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई।

# जिले के 74 परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी की निगरानी में यूपी बोर्ड परीक्षायें प्रारम्भ

संवाददाता। उरई, जालौन



**सोमवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2025 के परीक्षा केन्द्र आचार्य नरेंद्र देव इण्टर कॉलेज उरई का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, छात्रों के बैठने की व्यवस्था आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र पर उपस्थित केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा परीक्षा कक्षों का दौरा कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, स्वच्छता आदि व्यवस्था सुनिश्चित मिली। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों और फ्लाइंग स्क्वॉड टीम की सक्रियता की भी जांच की, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने और हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा नकलविहीन और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाये, साथ ही नकल या अनुचित साधनों का उपयोग परीक्षा में न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, लगभग 38 हजार से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है। सभी परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, यह त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है जिससे किसी भी प्रकार की नकल न होने पाए और शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हो।उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम से प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की निगरानी की जा रही है। इसके अलावा एक उड़ाका दल भी बनाया गया है।

# बोर्ड परीक्षा के पहले दिन ही 51 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी

**जालौन, उरई।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नगर में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल की पहली पाली की परीक्षा में 818 पंजीकृत छात्रों में 27 ने परीक्षा छोड़ी, तो वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के पंजीकृत 915 छात्रों में से 24 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में नगर में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिनमें पहला छत्रसाल इंटर कॉलेज, दूसरा जालौन बालिका इंटर कॉलेज व तीसरा केंद्र एमएलबी इंटर कॉलेज को बनाया गया है। पहले दिन स्थानीय प्रशासन व केंद्र व्यवस्थापकों की कड़ी निगरानी के बीच दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी संपन्न हुई। छत्रसाल कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक डॉक्टर राकेश निरंजन ने बताया कि पहली पाली में हाईस्कूल के हिंदी प्रश्न पत्र की परीक्षा में 216 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें चार ने परीक्षा छोड़ दी और 212 छात्र उपस्थित रहे। तो वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी सामान्य व साहित्य की परीक्षा में 312 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 11 ने परीक्षा छोड़ी, 301 छात्र उपस्थित रहे। जालौन बालिका इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक डॉक्टर पूजा विश्वकर्मा ने बताया कि हाईस्कूल में 398 पंजीकृत छात्र में 14 ने परीक्षा छोड़ दी, इंटरमीडिएट में 358 छात्रों में से नौ छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी है। एमएलबी इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक हरिहर बाथम ने बताया कि उनके यहां हाईस्कूल में पजीकृत 204 परीक्षार्थियों में नौ छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिएट में 246 पंजीकृत छात्रों में से सात ने परीक्षा छोड़ दी।

# धूमधाम से मनाई गई राष्ट्रसंत संत गाडगे की 149 वीं जयंती

संवाददाता। रायबरेली



**समाज** को ऐसा महान संदेश देने वाले राष्ट्रसंत संत गाडगे की 149 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से बहुजन शक्ति संघर्ष समिति एवं एससी, एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के एक होटल में मनाई गई।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक चिंतक श्यामलाल कन्नौजिया, मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह, विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, वरिष्ठ सामाजिक चिंतक रामसजीवन, चंद्रशेखर तथा डॉ0शिवकुमार रहे। समापन सत्र के अति विशिष्ट अतिथि एडीजे अनुपम शौर्य रहे। सभी अतिथियों ने स्वच्छता अभियान के महानायक,शिक्षा की व्यक्ति के जीवन में महत्ता बताने वाले, अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों को सबसे पहले स्वयं दूर कर तथा समाज के लोगों को इनसे दूर रहने का संदेश देने वाले अनेकों शिक्षालयों, चिकित्सालयों एवं धर्मशालाओं की आधारशिला रखने वाले बाबा संत गाडगे जी को नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सदर विधायक ने कहा संत गाडगे ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए आने वाली पीढी को शिक्षित करने के लिए इतना जोर दिया तथा चंदे से पैसे से देश में इतने संस्थान बनवाए मुझे आज यहां आकर जानकारी हुई। संत किसी एक जाति के नहीं होते हैं बल्कि संपूर्ण समाज के होते हैं ऐसे राष्ट्रसंत को मैं नमन करती हूँ, जिन्होंने चंदा लगाकर मानव के कल्याण के लिए इतने संस्थान बनवाए। उन्होंने समिति के सुझाव पर संत गाडगे प्रतिमा स्थल के जल्द ही सौंदर्यीकरण का आश्वासन दिया।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने कहा कि बाबा संत गाडगे जी ने समाज की जागृति के लिए इतना महान कार्य किया है इसका हमें गर्व है साथ ही इसका भी हमें गर्व है कि मैं भी उन्हीं के समाज में पैदा हुई और इन्हीं महापुरुषों की चेतना एवं संविधान की बदौलत यहां तक पहुंची हूं।

# कड़ी निगरानी के बीच प्रारम्भ हुईं इंटर-हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षाएं

● पहले दिन हाईस्कूल व इंटर में हिंदी विषय का था प्रश्न पत्र

**संवाददाता।** फतेहपुर



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार से माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की परीक्षा जनपद के तीनों तहसीलों के सभी 114 केंद्रों पर शुरू हुई। प्रथम पाली ही स्कूल में प्रारंभिक हिंदी व इंटरमीडिएट में सैन्य विज्ञान जबकि दूसरी पाली दोपहर दो बजे से 5.15 तक सामान्य हिंदी का प्रश्न पत्र की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के पहले दिन छात्रों को केंद्रों को लेकर थोड़ा उहापोह रहा। छात्र-छात्राएं अपने अपने परीक्षा केंद्रों को खुलने से पहले ही पहुंच गए। जहां आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच छात्र-छात्राओं को तलाशी व प्रवेश पत्र एव पहचान पत्र देखने के बाद केंद्रों मे प्रवेश दिया गया। केंद्रों में परीक्षार्थियो की सुविधाओं को देखते हुए नोटिस बोर्ड पर रोल नंबर वाइज कक्षों की सख्या चस्पा की गई थी एवं कक्षो में सीटों में रोल नंबर अंकित कर सीटों को एलाट किया गया था। चाक चौबंद सीटिंग प्लान के बीच दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षार्थियों की निगरानी के लिए केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। केंद्रों के अंदर विद्यालय के आंतरिक सुरक्षा घेरा में तलाशी के बाद छात्र छात्राओं को प्रवेश दिया गया। जबकि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर आंतरिक सचल दस्तों द्वारा नियमित निगरानी की गई इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों द्वारा भी भ्रमण किया जाता रहा। परीक्षा के दौरान एसडीएम, डीआईओएस एवं बीएसए द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। बोर्ड परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिये यूपी बोर्ड द्वारा सीसीटीवी एवं ऑडियो रिकार्डिंग कैमरों से लैस विद्यालयों को ही केंद्र बनाया गया है।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्र अकबरपुर इण्टर कालेज का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** कानपुर देहात

## नकलविहीन और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के दिये निर्देश



**जिलाधिकारी** आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2025 के परीक्षा केन्द्र अकबरपुर इण्टर कालेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, छात्रों के बैठने की व्यवस्था आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने केन्द पर उपस्थित केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा परीक्षा कक्षों का दौरा कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, स्वच्छता और शांत वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों और फ्लाइंग स्क्वॉड टीम की सक्रियता की भी जांच की, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने और हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा नकलविहीन और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाये, साथ ही नकल या अनुचित साधनों का उपयोग परीक्षा में न हो,यह सुनिश्चित किया जाये। इस मौके पर केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने बाणेश्वर मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का किया अवलोकन



**कानपुर देहात।** महाशिवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा संयुक्त रूप से डेरापुर तहसील अन्तर्गत बनीपारा स्थित बाणेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, जल, प्रकाश, चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया ताकि महाशिवरात्रि का पर्व सुचारू रूप से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मन्दिर परिक्रमा परिसर, मेला परिसर, श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर में पूजा अर्चना भी की। मौके पर उप जिलाधिकारी डेरापुर भूमिका राज बहादुर, क्षेत्राधिकारी प्रिया सिंह, पुलिस अधिकारी, मन्दिर पुजारी, मेला प्रबन्धन कमेटी के सदस्य तथा अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# पत्रकार संघ ने दिखाई मानवता बेटी की शादी में की सहायता



**खागा,** फतेहपुर। सोमवार को जिला पत्रकार संघ एसोसिएशन ने एक मिसाल पेश की, जब संघ के अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया की अगुवाई में पत्रकारों ने एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में सहयोग किया।

संघ के सदस्यों ने न केवल विवाह समारोह में सम्मिलित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि आर्थिक और आवश्यक संसाधनों की मदद भी की। शादी में लाइट और टेंट की व्यवस्था संघ की ओर से कराई गई। जिससे समारोह सुचारु रूप से संपन्न हो सका। परिवार ने इस सहायता के लिए संघ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम उनके लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आया। इस अवसर पर संघ के कई वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे, जिन्होंने परिवार को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। संघ के अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया ने कहा कि पत्रकारिता सिर्फ खबरों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे नेक कार्यों में सहयोग देने का संकल्प लिया। यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है कि संकट की घड़ी में यदि सभी लोग मिलकर सहयोग करें, तो कोई भी जरूरतमंद अकेला नहीं महसूस करेगा।

इस मौके पर तहसील अध्यक्ष धीरेंद्र बाजपेई, राजीव त्रिवेदी, रोहित गुप्त, राजन राजपूत, विकास अवस्थी, धनंजय सिंह, सुशील त्रिपाठी सहित मौजूद रहे। जिला पूर्ति सुनील पुष्कर के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने परिजनों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।

## पात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की फिर उठी मांग

**फतेहपुर।** हसवा विकास खण्ड के ग्राम बेरांव में पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर अन्नदाता किसान यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष प्रीति सिंह की अगुवई में लाभार्थी कलेक्ट्रेट आए और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पात्रता सूची में सभी का नाम अंकित कराए जाने की गुहार लगाई। अन्नदाता किसान यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष प्रीति सिंह ने एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि पात्रों के पास रिहायशी पक्के आवास नहीं है। आवास पाने के लिए उन्नीस जनवरी को प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। जिस पर पात्रों ने जिला परियोजना अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी से भी गुहार लगाई थी। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी को जांच कराने का आदेश दिया था तत्पश्चात बीडीओ ने जांच टीम चार फरवरी को गठित की। दस फरवरी को जांच की गई लेकिन जांच टीम ने अभी तक जांच आख्या किसी भी अधिकारी को प्रस्तुत नहीं की।

# वकीलों की हड़ताल पर सजा आलोकतांत्रिकः जितेन्द्र चौहान

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**लोकतंत्र** में हड़ताल प्रमुख हथियार है इसके बिना मुखर और ताकतवर लोकतंत्र की परिकल्पना नहीं की जा सकती। यह बात वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने, अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन 2025 में अधिवक्ताओं की हड़ताल पर सजा का प्राविधान आदि अलोकतांत्रिक व अधिवक्ता विरोधी प्राविधानों पर जनपद न्यायालय में जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान आयोजित चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि हड़ताल ही किसी समस्या का अंतिम समाधान नहीं,किन्तु लोकतन्त्र में सबसे बड़ा हथियार है। जितेन्द्र चौहान ने कहाकि संशोधन के द्वारा यह भी प्राविधान रखा गया है कि यदि कोई मुवक्किल मुकदमा हार जाता है तो वह अपने अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा कर सकता है जो अत्यधिक आपत्तिजनक है। कहा कि देश में जो न्यायिक व्यवस्था है वह निर्णय करने वाले न्यायाधीश को निरंकुश शक्ति प्रदान करते है जिस पर टीका टिप्पणी भी अपराध और न्यायालय की अवमानना है। जिसके दुष्परिणाम यह है कि न्यायालय मनमानी निरंकुश और तमाम बार अधिकार से परे निर्णय और आदेश पारित कर रही है जिसके तमाम उदाहरण केस उनके पास मौजूद है, जिसके लिए वादकारी अपनी जीवन का गाढ़ी कमाई और जीवन का बहुमूल्य समय और जीवन की शान्ति नष्ट करने को मजबूर है किन्तु इस पर कोई अंकुश नहीं है। और जब इन्हीं सब के खिलाफ अधिवक्ता एकजुट हो अपनी आवाज बुलन्द करते है तो सरकार इस आवाज को दबाने के लिए काले दमनकारी कानून अधिवक्ताओं पर थोपने पर आमादा है,जो कतई बर्दाश्त नहीं है,और एकजुट संघर्ष ही इसका समाधान है। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा कि अधिवक्ता अधिनियम संशोधन 2025 के प्राविधान न सिर्फ अधिवक्ताओं के लिए दमनकरी है बल्कि आम वादकारी को सही स्वक्ष और निर्भीक न्याय से वंचित करने वाला है।और इसे केन्द्र सरकार ने अभी वापस नहीं लिया है बल्कि हितधारकों के साथ आम जनता से आपत्ति लेने की प्रक्रिया को वापस लिया गया है,जो छलावा है। चर्चा के अन्त अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, महामंत्री अमर सिंह भदौरिया ने कहा कि उनकी संस्था प्रस्तावित संशोधन को पूर्णतया वापस लिए जाने तक विरोध करती है और आज दिनांक 25 फरवरी को अधिवक्ता अधिनियम प्रस्तावित संशोधन 2025 ड्राफ्ट की प्रतीकात्मक प्रतियों को जनपद न्यायालय परिसर स्थित झंडा पार्क में दिन के 11.45 दहन करेंगे।

# सामूहिक विवाह में 26 जोड़े दाम्पत्त बंधन में बंधे

**संडीला, हरदोई।** अखिल भारतीय दोसर वैष्य महासभा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 26 जोड़ों का वैविक रीति रिवाज़ से विवाह संपन्न हुआ। शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में कुल्दीप-जान्हवी, अमरीश-वंदना, मोहित-मन्नू, रवि-निशा, कुल्दीप-कामिनी, पीयूष-शगुन, सूरज-उमा, दीपक-कोमल, विमल-वंदना, रवि-अर्चना, आशीष-खुश्बू, सुभाष-शिवानी, विष्णु-अर्चना, राजू-रेनू, योगेन्द्र-पूजा, आशीष-पल्लवी, नीलेश-पूनम, विजय-मान्सी, कौशल-गुड़िया, रामकिशोर-शीतल, कृष्ण-अन्नू, श्रवण-चांदनी, शिवपूजन-प्रियंका तथा वीरेन्द्र-मोहिनी ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुना। इस विवाह समारोह में गुरुप्रसाद गुप्ता, बाराबंकी से आए अवधेश शर्मा तथा नीमा सिंह ज्योति ने यह विवाह संपन्न कराया। सभी जोड़ों ने अग्नि हो साक्षी मानकर वैदिन रीति से फ़ेरे लिए। इस सामूहिक विवाह समारोह में समाजसेवी तथा वरिष्ठ भाजपा नेत्री संतोष अस्थाना ने सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनके खुशहाल दंपत्ति जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जुगल किशोर गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## खुराफ़तियों ने तिलक चढ़ाने आए लोगों की जीपों को किया छतिग्रस्त

**संडीला**(हरदोई)। एक तिलक समारोह में आए लोगों की तीन बोलैरो गाड़ियों को शरारती तत्वों ने छतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दूलानगर निवासी चन्द्रप्रकाश अपने परिजन के साथ थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम रहीमाबाद ग्रंट में तिलक लेकर गए थे। यह लोग समारोह में व्यस्त थे, इसी दौरान शरारती तत्वों ने तीनों बोलैरो के शीशे इत्यादि तोड़ दिए तथा उन्हें छतिग्रस्त कर दिया। जब कार्यक्रम संपन्न कराने के बाद यह लोग वापस लौटे तो उन्होनें अपनी छतिग्रस्त गाड़ियों को देखा तो वे हैरत में पड़ गए। पहले गांव में इस मामले की छानबीन की गयी, लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो इस मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## औद्योगिक क्षेत्र में क्षेत्रीय बेरोजगारों की उपेक्षा से आक्रोश

**संडीला**(हरदोई)। वरिष्ठ सपा नेता एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक दीक्षित एडवोकेट ने संडीला के औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय बेरोजगारों को न के बराबर रोज़गार दिए जाने को लेकर नाराज़गी व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है। संडीला से लगभग 3 कि.मी. आगे हरदोई रोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में पेपस्किो समेत कई औद्योगिक इकाइयां कार्य कर रही हैं। इन औद्योगिक इकाईयों में स्थानीय अथवा क्षेत्रीय बेरोज़गारों का प्रतिनिधित्व लगभग न के बराबर है। इसको लेकर सपा नेता एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक दीक्षित एडवोकेट ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री, श्रम एवं सेवायोजक मंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाईयां संसाधन तो हमारे क्षेत्र का प्रयोग कर रही हैं, लेकिन रोज़गार बाहरी लोगों को दिया जा रहा है। इनमें से बड़ी संख्या में लोग दूसरे प्रांतों के भी हैं जबकि इन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के समय बराबर यह घोषणाएं की जाती रही हैं कि इनमें स्थानीय बेरोज़गारों को राज़गार देने में प्रमुखता दी जाएगी लेकिन ऐसा धरातल पर होता हुआ नहीं दिख रहा है। श्री दीक्षित ने पत्र में आगे कहा कि इन इकाईयों के कर्ता धर्ताओं की इस प्रकार की नीति से स्थानीय बेरोजगारों में आक्रोश उत्पन्न होना स्वाभाविक है। उन्होनें मांग की है कि इन औद्योगिक इकाईयों में क्षेत्रीय बेराज़गारों को कम से कम 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया जाए।

## चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी किया लाखों का माल



**गुरसहायगंज,** कन्नौज। अभी हाल ही में व्यापारी के घर हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश कोतवाली पुलिस कर भी नहीं सकी थी कि चोरों ने एक दूसरी घटना को अंजाम दे दिया। बीती रात एक दुकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान लेकर चोर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात इस्माईपुर स्थित केएस मोटर्स की दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। दुकान के संचालक रहसूद्दीन उर्फ साहब आलम पुत्र कैसर अली निवासी इस्माइलपुर ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी दुकान का तारा तोड़कर 50 पेटी इंजन ऑयल, हाइड्रोलिक आयल, इनवर्टर बैट्री, ट्रैक्टर का लोहे का अन्य सामान सहित करीब चार लाख रुपयों के सामान की चोरी को अंजाम दिया। सुबह जब लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर बताया कि चोरी की घटना को आर्टिका सफेद रंग की गाड़ी पर सवार नकाबपोश चोरों द्वारा अंजाम दिया गया है। जल्दी घटना को अंजाम देने वाले चोर सलाखों के पीछे होंगे। उधर मौके पर पहुंचे भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, जिला सचिव मो. शहराज अहमद आदि ने कहा कि कोतवाली पुलिस घटना को अंजाम देने वाले चोरों की तलाश शीघ्र से शीघ्र करें। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

## वृद्धाश्रम के वृद्धजन महाकुंभ के लिए रवाना

**फतेहपुर।** समाज कल्याण विभाग के संचालित मवईया स्थित वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजन प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के लिए बस द्वारा रवाना हुए। समाज कल्याण विभाग एवं गंगा बचाओ सेवा समिति के आयोजित महाकुंभ यात्रा को समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव एवं समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल ने हरी झंडी देकर बस को रवाना किया। महाकुंभ यात्रा में बुजुर्गों ने गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए भजन कीर्तन के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की। वृद्धाश्रम की प्रबंधक नीतू वर्मा एवं गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल ने पदाधिकारियों के साथ यात्रा में शामिल सभी वृद्धजनों को माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव ने कहा कि दिव्य एवं भव्य महाकुंभ में वृद्धाश्रम में रहने वाले इच्छुक वृद्धजनों को स्नान करने हेतु प्रयागराज भेजा गया है जिससे कि वह भी पुण्य के भागीदार बन सके।

# विद्यालय का मनाया वार्षिकोत्सव शिक्षा के प्रति किया जागरूक



**फतेहपुर।** बिंदकी क्षेत्र के गोंधैया स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक राजेश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित कई बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। वहीं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से शिक्षा का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक भी किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन रिफॉर्म्स ऑर्गनाइजेशन (आईआरओ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं युवा नेता गगन यादव व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी, उत्तराखंड प्रभारी पारुल सिंह, प्रयागराज मण्डल चेयरमैन (सलाहकार समिति) इसरार अहमद मुमताज, जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, जिला महासचिव शारिब क़मर अज़्मी, जिला उपाध्यक्ष सोनू वर्मा, जिला सचिव धीर सिंह यादव, सदस्य पंकज सक्सेना तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश यादव सहित कई अन्य लोग बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुए।

## हसवा ब्लाक में चिकनपॉक्स से बचाव का चलाया अभियान

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने हसवा ब्लॉक में चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चलाया। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम डॉ अनुराग ने हसवा ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय हसवा के 248 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होम्योपैथिक औषधि प्रदान की। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया तत्पश्चात हसवा ब्लॉक के 148 विद्यालयों के सभी 17426 कुल 17674 बच्चों के लिए उनके प्रधानाचार्यो को चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने में व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि खंड शिक्षा अधिकारी जय सिंह को प्रदान की।

# प्रभारी निरीक्षक ने कोतवाली में दलालों के प्रवेश पर लगाई रोक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली परिसर में शिकायत लेकर आने वाले पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने एक सख्त कदम उठाते हुये थाने में दलालों के प्रवेश को पूर्ण रूप से वर्जित कर दिया है और इसके लिए विशेष होर्डिंगें लगवाई है। जिससे जनता को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि अब किसी भी प्रकार के बिचौलियों की भूमिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के आदेश पर कोतवाली परिसर एवं बाहर गेट पर लगवाई गई विशेष होर्डिंगों में उन्होनें जनता से अपील की है कि वे अपनी समस्याएं सीधे उनसे या दिवसाधिकारी पुलिस से साझा करें और किसी भी दलाल के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में दलाल अनावश्यक रूप से पीड़ितों से पैसे बसूलते हैं और समाधान के नाम पर गुमराह करते हैं। अब पीड़ितों को बिना किसी बिचौलिये के न्याय मिलेगा। उन्होंने थाना परिसर में सूचना बोर्ड और होर्डिंग्स लगवाकर यह निर्देश जारी किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति शिकायत लेकर आता है तो उसे प्रभारी निरीक्षक या दिवसाधिकारी से सीधे मुलाकात करने का अधिकार है। साथ ही, यदि किसी व्यक्ति को थाने के किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति द्वारा परेशान किया जाता है तो वह इसकी शिकायत तुरंत उच्चाधिकारियों से कर सकता है। वहीं दलाली करते पाये जाने पर आरोपी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक के इस कदम से कोतवाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और पीड़ितों को जल्द न्याय मिलेगा। उन्होनें सभी पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे जनता के साथ संवेदनशीलता और ईमानदारी से पेश आएं और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें।

# अंजुम एंड संस का चेयरमैन ने किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** अंजुम एंड संस का नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने प्रतिष्ठान के सभी प्रोडक्टों का अवलोकन कर डिजाइनों एव क्वालिटी की सराहना की।

सोमवार को शहर के चौक स्टेशन रोड पनी मोहल्ला स्थित अंजुम एंड संस का मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्या द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। नगर पालिका चेयरमैन द्वारा प्रतिष्ठान में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर की नई डिजाइनों का अवलोकन कर जमकर सराहना की। प्रोपाइटर शाह अंजुम उर्फ अन्नू ने बताया कि पनी स्थित उनका दूसरा प्रतिष्ठान है। जहां इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एसी, कूलर, पंखा, माइक्रोवेव, प्रेस, हीटर, आरओ समेत गीजर व अन्य घरेलू उपकरण, फर्नीचर संबंधित बेड, ड्रेसिंग टेबल, सोफा, सेंटर टेबल, डायनिग टेबल, चेयर, कबर्ड, शू रैक, कम्प्यूटर टेबल, काउंटर आदि उपलब्ध होंगे। बताया कि तीस वर्षो से ग्राहकों की सेवा में देने के बाद उनकी यह दूसरी ब्रांच है। जहां लोगों को इलेक्ट्रॉनिक चीज़ों के साथ-साथ फर्नीचर की वस्तुएं उपलब्ध रहेगी। साथ ही बताया कि सभी वस्तुओं पर फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है।

# डीएम ने पांच परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

● 2 प्रिंसिपल, एक सचिव, एक आंगनवाड़ी वर्कर का स्पष्टीकरण तलब

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

## शिक्षक बनीं डीएमः बच्चों से हल कराए गणित के सवाल, परखी शिक्षा की गुणवत्ता



**सोमवार** को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र बेहजम के अंतर्गत यूपीएस गौरिया, पीएस और यूपीएस अल्लीपुर, पीएस लखनापुर और यूपीएस बरतेर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ बेहजम देवेश राय, बीडीओ नीरज दुबे मौजूद रहे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय गोरिया पहुंचकर शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बनाए गए खेल मैदान का भी अवलोकन किया। बच्चों से खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर जाना कि खेल मैदान के निर्माण से वह खुश हैं। निरीक्षण के दौरान रसोईया विमला, पुष्पा द्वारा निर्धारित मोनू के अनुसार आलू गोभी, मटर टमाटर की सब्जी रोटी तैयार की जा रही थी, इस दौरान डीएम ने सब्जी की गुणवत्ता भी परखी। निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय में नामांकित 295 बच्चों के सापेक्ष 141 बच्चे उपस्थित मिले।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय लखनापुर में कक्षा तीन और चार की क्लास में जाकर शैक्षिक गुणवत्ता जांची। बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर उनकी रीडिंग स्किल भी चेक की। रीडिंग स्किल बेहतर मिलने पर उन्होंने बच्चों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकित 70 बच्चों के सापेक्ष 37 बच्चे उपस्थित मिले। स्कूल कैंपस में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बिना भोजन कराए बच्चों को घर भेजने की बात पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई।

डीपीओ भारत प्रसाद से आंगनबाड़ी वर्कर शशि बाला का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मोबाइल से पोषण ट्रैकर एप में आज के फीड की गई फोटो भी देखी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लीपुर में निरीक्षण किया। पीएस अल्लीपुर में निरीक्षण में गैस सिलेंडर और बर्नर/चूल्हा मौजूद होने के बावजूद रसोईया द्वारा लकड़ी से चूल्हे पर खाना तैयार किया जाता मिला और खेल सामग्री का समुचित उपयोग न किए जाने की बात सामने आई। इसपर डीएम ने गहरा असंतोष जताते हुए प्रधानाध्यापिका से स्पष्टीकरण प्राप्त करने और कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने बच्चों से उनकी किताब हाथों में ली। कई सवाल पूछे और रीडिंग स्किल को भी परखते हुए उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का भी आकलन किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लीपुर में उपस्थिति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा समस्त छात्रों को यूनिफॉर्म पहन कर आने को कहा गया। प्रधानाध्यापक को शैक्षिणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे हुए

## विदेशी नेता कीव पहुंचे

भाषा। कीव



**रूस-यूक्रेन** युद्ध के तीन वर्ष पूरे होने के बीच सोमवार को यूरोप और कनाडा के कई नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। इस दौरे से युद्धरत राष्ट्र के कुछ सबसे महत्वपूर्ण समर्थकों द्वारा कीव के प्रति समर्थन प्रदर्शित किया गया।यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो उन विदेशी आगंतुकों में शामिल थे जिनका रेलवे स्टेशन पर यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा और राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ आंद्रेई यरमक ने स्वागत किया।वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा,यूरोप कीव में है क्योंकि यूक्रेन यूरोप में है।उन्होंने लिखा, अस्तित्व की इस लड़ाई में, केवल यूक्रेन का ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप का भविष्य दांव पर लगा है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, उत्तरी यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों सहित कई नेता युद्ध की वर्षगांठ से जुड़ी बैठकों में भाग लेने और अमेरिकी राष्ट्रपति की नई नीतियों के बीच यूक्रेन का समर्थन देने पर चर्चा करने वाले हैं।कोस्टा ने रविवार को घोषणा की कि वह छह मार्च को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के 27 नेताओं की एक आपातकालीन बैठक बुलाएंगे जिसमें यूक्रेन बातचीत के एजेंडे पर शीर्ष में होगा।यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्वाई के तीन साल पूरे होने पर कीव के लिए यह एक संवेदनशील समय है, क्योंकि राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की युद्ध के प्रति अमेरिकी नजरिए में नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा किए गए बदलावों के कारण तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल को देख रहे हैं।अमेरिकी नेता ट्रम्प ने युद्ध को जल्दी खत्म करने के अपने चुनावी वादों को पूरा करने की कोशिश की है, हालांकि ऐसा करने के उनके तरीकों ने यूक्रेन और यूरोप में कई लोगों को चिंतित कर दिया है, जो मानते हैं कि उनका दृष्टिकोण रूस और उसके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति बहुत अधिक समझौतावादी है।

### यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के रूस के प्रयासों से चीन खुश : शी ने पुतिन से कहा

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रूस के अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से सोमवार को फोन पर बात की और कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत शुरू करने के मॉस्को के प्रयासों से खुश है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की खबर के मुताबिक, पुतिन ने शी को अमेरिका के साथ हाल-फिलहाल में हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। खबर के अनुसार, शी ने कहा कि चीन इस बात से खुश है कि रूस और संबंधित पक्ष संकट के समाधान निकालने के लिए सकारात्मक प्रयास किए। क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, चीनी पक्ष ने रूस और अमेरिका के बीच बातचीत के प्रति समर्थन जताया और कहा कि वह संघर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने में मदद देने के लिए तैयार है।

## अमेरिका ने यूक्रेन पर रूसी सेना की वापसी की मांग संबंधी संरा प्रस्ताव को वापस लेने का दबाव बनाया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र




**अमेरिका ने** यूक्रेन पर दबाव डाला है कि वह संयुक्त राष्ट्र में पेश यूरोपीय देशों के समर्थन वाले अपने उस प्रस्ताव को वापस ले जिसमें यूक्रेन से रूसी सेना को तत्काल वापस बुलाने की मांग की गई है। एक अमेरिकी अधिकारी और एक राजनयिक ने रविवार को यह जानकारी दी। दो राजनयिकों ने बताया कि यूक्रेन ने अपने मसौदा प्रस्ताव को वापस लेने से इनकार कर दिया है और संयुक्त राष्ट्र महासभा इस पर सोमवार को मतदान करेगी। राजनयिकों और अमेरिकी अधिकारी के अनुसार इसके बाद 193 देशों वाली महासभा में अमेरिकी मसौदा प्रस्ताव पर मतदान किए जाने की संभावना है। अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। अमेरिकी मसौदा प्रस्ताव में रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान हुई दुखद जनहानि को स्वीकार किया गया है और संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने की अपील की गई है तथा यूक्रेन और रूस के बीच स्थाई शांति की अपील की गई है लेकिन इसमें रूस के आक्रमण का कभी उल्लेख नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी अपने प्रस्ताव पर मतदान की मांग कर रहा है। सुरक्षा परिषद में यूक्रेन के संबंध में सोमवार दोपहर को बैठक होनी है। यूरोपीय देश के एक राजनयिक ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी प्रस्तावों को लेकर गुटबाजी जारी है। अमेरिका, यूक्रेन और यूरोपीय देशों को मसौदा प्रस्ताव से पीछे हटने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन के प्रस्ताव को 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने समर्थन दिया है। इसमें रूसी संघ द्वारा यूक्रेन पर व्यापक पैमाने पर आक्रमण का उल्लेख है। संयुक्त राष्ट्र के लिए रूस के राजदूत वसीली नेबेन्ज़िया ने पिछले सप्ताह संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी प्रस्ताव एक अच्छा कदम है।

## रामास्वामी ओहायो के गवर्नर पद की दौड़ में शामिल होने के लिए तैयार

भाषा। कोलंबस (अमेरिका)

**अमेरिका में** भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी के सोमवार को ओहायो के गवर्नर पद की दावेदारी पेश करने की उम्मीद है। सिनसिनाटी में जन्मे बायोटेक उद्यमी रामास्वामी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के पहले दिन ही सरकारी दक्षता विभाग की पहल छोड़ दी थी। रामास्वामी (39) सिनसिनाटी में अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। वहरिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी के चुनाव में शामिल होंगे। रामास्वामी 2024 में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल थे, लेकिन बाद में उन्होंने ट्रंप का समर्थन किया जिन्होंने बाद में उन्हें अरबपति एलन मस्क के साथ दक्षता पहल की सह-अध्यक्षता करने के लिए चुना। रामास्वामी रिपब्लिकन पार्टी के गवर्नर एवं एक अनुभवी मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी माइक डेविन (78) का स्थान लेने के लिए प्रतिस्पर्धी रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी के चुनाव में शामिल हुए हैं। ओहायो के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने जनवरी में सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की और अप्पालाचिया के एक अश्वेत उद्यमी हीथर हिल भी इस दौड़ में शामिल हैं। वहीं, कोविड-19 महामारी के शुरुआती दिनों में ओहायो का नेतृत्व करने में मदद करने वाले पूर्व राज्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एमी एक्टन डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

## 100 से अधिक हिंदू तीर्थयात्री कटास राज मंदिर में पहुंचे

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे श्री कटास राज मंदिर मे धार्मिक उत्सव मे भाग लेने के लिए भारत से 100 से अधिक हिंदू तीर्थयात्री सोमवार को लाहौर पहुंचे। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहयुद्दीन ने पीटीआई से कहा, महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री कटास राज मे धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए भारत से 109 हिंदू तीर्थयात्रियो का एक समूह वाघा बॉर्डर के रास्ते लाहौर पहुंचा। उन्होने कहा कि त्रिलोक चंद और रघुकांत के नेतृत्व मे आए तीर्थयात्रियों का ईटीपीबी के अतिरिक्त सचिव (श्राइन) सैफुल्ला खोखर, उप सचिव उमर जावेद अवान, पाकिस्तान हिंदू मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यो, वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय हिंदू नेताओं ने सीमा पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## अमेजन सभी विशिष्टों को देगा तेजी का लाभ

नोएडा। 2024 में, प्राइम सदस्यों को अब तक की सबसे तेज डिलीवरी मिली और उन्होंने पहले से कहीं अधिक बचत की। तेज डिलीवरी और बड़ी बचत 2024 में अमेजन इंडिया ने प्राइम सदस्यों के लिए अब तक की सबसे तेज डिलीवरी की और 41 करोड़ से ज्यादा आइटम उसी दिन या अगले दिन पहुंचाए, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरत का सामान समय पर मिला। सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर पिछले साल औसतन 3300 रुपये से अधिक की बचत भी की है, जो वार्षिक प्राइम सदस्यता शुल्क से दोगुनी से भी ज्यादा है। दुनियाभर में, अमेजन प्राइम ने पिछले साल 9 अरब से ज्यादा उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए और प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर करीब 95 अरब डॉलर की बचत की है। अमेजन प्राइम, स्पीड एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, इंडिया के डायरेक्टर एंड हेड अक्षय साही ने कहा हमारे ग्राहक ही हमारे हर पहल का केंद्र हैं, और यह जानकर हमें बेहद गर्व और खुशी होती है कि हमने न सिर्फ अमेजन पर उनकी खरीदारी को तेज डिलीवरी स्पीड के साथ बेहतर बनाया, बल्कि उन्हें बचत करने में भी मदद की है।

## मार्सेई में रूसी वाणिज्य दूतावास के बाहर विस्फोट, संदिग्ध व्यक्ति फरार

पेरिस। फ्रांस के मार्सेई शहर में स्थित रूसी वाणिज्य दूतावास के बाहर सोमवार तड़के आग लगाने के काम में इस्तेमाल होने वाले एक उपकरण में विस्फोट हो गया। यूक्रेन पर रूसी हमले की तीसरी वर्षगांठ पर हुए इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। इस दौरान दूसरा उपकरण भी फेंका गया, लेकिन वह नही फटा तथा बम निरोधक विशेषज्ञ को घटनास्थल पर बुलाया गया। एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि घटना के बाद संदिग्ध व्यक्ति भाग गया और जांच शुरू की गई है। अधिकारियों ने संदिग्ध या मकसद के बारे में अभी कोई ब्योरा नही दिया है। मार्सेई फ्रांस का दूसरा सबसे बड़ा शहर और एक प्रमुख भूमध्यसागरीय बंदरगाह है। इस शहर में विभिन्न समुदाय के लोग रहते है, लेकिन यहां रूसी समुदाय के अधिक लोग नही रहते है।

## विश्व युद्ध की त्रासदी से नई पीढ़ी को अवगत कराने पर जोर दिया

तोक्यो। जापान के सम्राट नारुहितो ने रविवार को अपने 65वें जन्मदिन के अवसर पर द्वितीय विश्व युद्ध की त्रासदी की जानकारी नई पीढ़ी तक पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इतिहास की समझ और शांति के संकल्प को बढ़ावा देने के प्रयासों में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई। नारुहितो ने कहा,आज जब युद्ध की स्मृतियां धुंधली हो रही है, यह महत्वपूर्ण है कि उन भयावह अनुभवों और इतिहास को नई पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए।उन्होने कहा कि युद्ध और उसके बाद के संघर्षों को झेलने वाले लोग अब वृद्ध हो चुके है और युवा पीढ़ी के लिए उनके प्रत्यक्ष अनुभवों को सुनना कठिन हो गया है।

# ट्रंप प्रशासन ने यूएसएड कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा

## कम से कम 1600 को नौकरी से निकाला

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने रविवार को कहा कि वह दुनिया भर में मौजूद अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) के कुछ कर्मचारियों को छोड़कर शेष को छुट्टी पर भेज रहा है तथा अमेरिका में इससे जुड़ी कम से कम 1,600 नौकरियों को समाप्त कर रहा है।यह, राष्ट्रपति ट्रंप और सरकारी दक्षता विभाग के उनके सहयोगी एलन मस्क की ओर से संघीय सरकार के आकार को कम करने की दिशा में उठाया गया नवीनतम और सबसे बड़ा कदम है।दरअसल शुक्रवार को एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को अमेरिका और दुनिया भर में हजारों यूएसएड कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की उनकी योजना पर आगे बढ़ने की अनुमति दी थी जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।अमेरिकी जिला न्यायाधीश कार्ल निकोल्स ने कर्मचारियों के उस वाद को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने सरकार की योजना पर अस्थाई रूप से रोक लगाने का अनुरोध किया था।ट्रंप प्रशासन की ओर से यूएसएड कर्मचारियों को कल रात करीब 12 बजे संदेश भेजा गया कि उन्हें छुट्टी पर भेजा जा रहा है।कर्मचारियों को भेजे गए नोटिस में साथ ही कहा गया कि कर्मचारियों की संख्या में कटौती शुरू की जा रही है, जिससे अमेरिका में 2,000 नौकरियां खत्म हो जाएंगी। बाद में यूएसएड की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए नोटिस में समाप्त किए जाने वाले पदों की संख्या कम करके 1,600 बताई गई।प्रशासन ने इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया। यूएसएड और विदेश मंत्रालय ने भी इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है।यूएसएड के उप प्रशासक पीट मारको ने संकेत दिया है उनकी योजना लगभग 600 कर्मचारियों को नौकरी पर रखने की है, जिनमें से अधिकतर अमेरिका में रहते हैं।

### ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का स्वागत किया। मैक्रों की यात्रा अटलांटिक पार संबंधों के भविष्य के बारे में गहरी अनिश्चितता के दौर में हो रही है। ट्रंप ने अमेरिकी विदेश नीति में बदलाव किया है और वह यूक्रेन में रूस के युद्ध को जल्दी से समाप्त करना चाहते हैं। दोनों नेताओं ने युद्ध पर चर्चा करने के लिए जी7 अर्थव्यवस्थाओं के साथी नेताओं के साथ एक वर्चुअल बैठक में भाग लेने के साथ दिन की शुरुआत की। ट्रंप ने ग्रीनलैंड, कनाडा, गाजा और पनामा नहर क्षेत्रों के साथ-साथ यूक्रेन से कीमती दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की भी मांग की है।

## चीन में दूरसंचार घोटालों में शामिल चार लोगों को उम्रकैद की सजा

**बीजिंग।** स्थानीय लोगों एवं विदेशियों को म्यांमा के घोटाला केंद्रों में काम करने के लिए प्रलोभन देने में जुटे गिरोहों के खिलाफ चीन के कार्वाई तेज करने के बीच वहां की एक अदालत ने सोमवार को सीमापार दूरसंचार धोखाधड़ी मामलों में शामिल चार बड़े लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट (एसपीसी) ने कहा कि चारों आरोपी दूरसंचार धोखाधड़ी संगठन बनाने के लिए चीन से चले गए थे, जिनमें से यू उपनाम वाले एक व्यक्ति ने कई लोगों को इस अपराध के वास्ते विदेश जाने के लिए एकजुट किया। एसपीसी ने हाल में चीनी अदालतों द्वारा निपटाए गए मामलों का विवरण जारी करते हुए कहा कि एक अन्य मामले में आरोपी यांग को उसी अपराध में दोबारा शामिल होने के लिए कड़ी सजा सुनाई गई। उसे पहले भी दूरसंचार धोखाधड़ी में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया गया था। शिन्हुआ ने खबर दी कि एक अन्य मामले में पाया गया कि दो अभियुक्तों ने दूरसंचार घोटालों के वास्ते नाबालिगों की भर्ती की।

## ईयू ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में मदद के लिए सीरिया पर प्रतिबंधों में ढील देना शुरू किया

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ ने सोमवार को सीरिया के खिलाफ ऊर्जा और परिवहन प्रतिबंधों तथा बैंकिंग प्रतिबंधों में ढील देना शुरू कर दिया, जिसका उद्देश्य संघर्ष-ग्रस्त देश की अर्थव्यवस्था में जान फूंकना है।यूरोपीय संघ ने 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति बशर असद द्वारा प्रदर्शनकारियो पर की गई कार्वाई के जवाब में सीरियाई अधिकारियों, बैंकों, एजेंसियो और अन्य संगठनों की संपत्ति जब्त करने तथा उन पर यात्रा प्रतिबंध लगाना शुरू किया, जो गृहयुद्ध में बदल गया।लेकिन दिसंबर में असद को विद्रोहियो द्वारा अपदस्थ किए जाने के बाद, इस समय सीरिया के नियंत्रण वाले मुख्य पूर्व विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने एक अंतरिम प्रशासन की स्थापना की, जिसमें कहा गया कि मार्च तक एक समावेशी प्रक्रिया के माध्यम से एक नई सरकार बनाई जाएगी।नए नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए उत्सुक, यूरोपीय संघ ने कहा कि वह तेल, गैस और बिजली के साथ-साथ परिवहन और विशेष रूप से विमानन क्षेत्र को लक्षित करने वाले कदमों को रोक रहा है। पांच बैंकों को वित्तपोषित करने और कुछ आर्थिक संसाधन प्रदान करने की संभावना को फिर से बहाल किया जाएगा। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने कहा है कि एक मार्च तक नई समावेशी सरकार का गठन यह निर्धारित करने में मदद कर सकता है कि पश्चिमी प्रतिबंध हटाए गए है या नही।

## इलेक्रामा ने भारत को वैश्विक निर्यातक बनाने की ओर बढ़ाया बड़ा कदम

नोएडा। इलेक्रामा 2025 भारत के ऊर्जा और विद्युत क्षेत्र के भविष्य को दिशा देने वाला प्रमुख मंच बना हुआ है। यहां उद्योग जगत, नीति निर्धारकों और विशेषज्ञों के बीच रणनीतिक चर्चाएं हो रही हैं, जिससे नई नीतियों और नवाचारों का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इस मंच पर उद्योग सहयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर सके। इलेक्रामा 2025 के पहले दिन आयोजित सीईओ राउंडटेबल ने ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य पर एक महत्वपूर्ण संवाद की नींव रखी। इस सत्र में 120 से अधिक उद्योग जगत के दिग्गजों, नीति निर्धारकों और वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया और ऊर्जा रूपांतरण, स्मार्ट ग्रिड, स्वच्छ गतिशीलता और एआई-संचालित विद्युत प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की।इन चर्चाओं ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत अपनी ऊर्जा अवसंरचना को मजबूत करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और नेट-जीरो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उद्योग और सरकार के बीच रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ा रहा है। इसी गति को बनाए रखते हुए, इलेक्रामा 2025 के दूसरे दिन मंच पर पंकज अग्रवाल, सचिव, विद्युत मंत्रालय, और गुरदीप सिंह, सीएमडी, एनटीपीसी की उपस्थिति रही। इससे यह स्पष्ट हुआ कि सरकार भारत की ऊर्जा क्रांति को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।पंकज अग्रवाल, सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, ने इलेक्रामा 2025 में उच्चस्तरीय चर्चाओं में भाग लिया। उन्होंने सीईओ राउंडटेबल में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्होंने तकनीक-संचालित, सशक्त और सतत ऊर्जा क्षेत्र के लिए सरकार की दूरदृष्टि पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

## जापान के सुगात्सुने का नवाचार पर जोर

**मुंबई।** प्रीमियम हार्डवेयर सॉल्यूशंस में वैश्विक अग्रणी सुगात्सुने ने स्विवेल टॉर्क हिंज एचजी.एस पेश किया है। जो उत्कृष्ट डिज़ाइन और अत्याधुनिक इंजीनियरिंग का एक अनूठा मिश्रण है। विचारशील डिजाइन 360 डिग्री घूर्णन गति और प्रतिरोध प्रदान करता है। पारंपरिक हिंज के विपरीत जो पैनल्स को स्वतंत्र रूप से स्विंग करने की अनुमति देता है, स्विवेल टॉर्क हिंज एचजी.एस एक विशेष मैकेनिज़्म से लैस है, जो टॉर्क उत्पन्न करता है, जिससे लिड या पैनल एक निश्चित स्थिति में बना रहता है। स्विवेल टॉर्क हिंज एचजी.एस एक विशेष डिज़ाइन स्मूथ और नियंत्रित मूवमेंट सुनिश्चित करता है, जिससे लिड को विभिन्न कोणों पर रोका जा सकता है। मोशन डिज़ाइन तकनीक से लैस यह हिंज उन्नत फ्री.स्टॉपमोशन सपोर्ट करता है। इसमें एक केंद्रीय छेद भी है जिससे केबल प्रबंधन आसान हो जाता है। उल्लेखनीय रूप से इसने 20,000 ओपन या क्लोज प्राइवेट साइकिल टेस्ट पास किया है जो लंबे समय तक चलने वाला स्थायित्व और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है। सुगात्सुने स्विवेल टॉर्क हिंज एचजी.एस का उपयोग भारी मशीनरी और औद्योगिक उपकरणों में किया जाता है ताकि एक्सेस लिड्स और पैनल्स को मेंटेनेंस के दौरान वांछित कोण पर स्थिर रखा जा सके। यह निर्माण संयंत्रों में बड़े कंट्रोल पैनल्स को स्थिरता और सुगमता प्रदान करता है। इसे मशीनरीए एचएमआई यूनिट्सए और इलेक्ट्रिकल एनक्लोजर्स में भी उपयोग किया जाता हैए जिससे लिड को नियंत्रित तरीके से खोला और बंद किया जा सकता हैए और यह अनावश्यक झटकों या स्वत: बंद होने को रोकता है। सुगात्सुने इंडिया के प्रबंध निदेशक अनिल राणा ने कहा कि सुगात्सुने में हम नवाचार और डिजाइन कीसीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्विवेल टॉर्क हिंज एचजी.एस उन उत्पादों को बनाने के लिएहमारे समर्पण का प्रतीक है जो न केवल कार्यात्मक समाधान प्रदान करते हैं बल्कि समग्र उपयोगकर्ताओं के अनुभव को भी बेहतर बनाता है।

# पोप 10 दिन से अस्पताल में भर्ती

## गुर्दे में खराबी के शुरुआती लक्षण दिखे

भाषा। रोम



**रोम के अस्पताल में** भर्ती पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार हो रहा है और उन्होंने रात में अच्छी नींद ली तथा सोमवार की सुबह उन्होंने आराम किया। वेटिकन ने यह जानकारी दी। पोप फ्रांसिस 10 दिन से रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती हैं। वह फेफड़े के जटिल संक्रमण से पीड़ित हैं जिसके कारण उनके गुर्दे में खराबी के शुरुआती चरण के लक्षण दिखने लगे हैं। वेटिकन ने बयान में कहा, रात अच्छे से गुजरी, पोप ने अच्छी नींद ली और वह आराम कर रहे हैं। सोमवार को पोप के स्वास्थ्य के बारे में मेडिकल बुलेटिन जारी होने की संभावना है। वेटिकन ने कहा कि उन्होंने भोजन खुद किया और उन्होंने कृत्रिम तरीके से या तरल के बजाय ठोस भोजन लिया। रविवार देर रात चिकित्सकों ने बताया कि खून की जांच से पता चला है कि गुर्दे में खराबी के शुरुआती लक्षण दिख रहे हैं, लेकिन फिर भी स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस की हालत नाजुक बनी हुई है, लेकिन शनिवार से उन्हें सांस लेने में कोई दिक्कत नहीं हुई है। उन्हें ऑक्सीजन दी जा रही थी और रविवार को उन्होंने लोगों से बात भी की तथा उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया। चिकित्सकों ने कहा कि फ्रांसिस की बढ़ती उम्र, स्थिति की गंभीरता और पहले से फेफड़े के रोग से पीड़ित होने के कारण उनके स्वास्थ्य की स्थिति खतरनाक बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि फ्रांसिस के सामने मुख्य खतरा सेप्सिस है, जो रक्त का एक गंभीर संक्रमण है। वेटिकन द्वारा उपलब्ध कराई गई अब तक की चिकित्सा जानकारी में सेप्सिस की शुरुआत का कोई जिक्र नहीं किया गया है। इससे पहले, 2021 में वह रोम के इसी जेमेली अस्पताल में 10 दिन तक भर्ती थे, जब उनके मलाशय का 33 सेंटीमीटर हिस्सा निकाला गया था। न्यूयॉर्क में धार्मिक नेता कार्डिनल टिमोथी डोलन ने कहा कि ईसाई धर्म के कैथोलिक संप्रदाय के लोग पोप फ्रांसिस की नाजुक हालत के बीच एकजुट हैं। हालांकि रोम में धार्मिक गुरु सार्वजनिक रूप से ऐसा कहने से बचते दिखे।

## सितारों ने बताईं महाशिवरात्रि की रस्में

मुंबई। हमारे देश में महाशिवरात्रि सबसे पवित्र और शुभ त्यौहारों में एक है। महाशिवरात्रि् यानी भगवान शिव की महारात्रि जो स्वयं के जागरण, शक्ति और परिवर्तन का प्रतीक मानी जाती है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैंए पूरी रात जागकर शिव की आराधना करते हैं और शिवलिंग का अभिषेक दूध, जल और बेलपत्र से करते हैं। माना जाता है कि इस विशेष रात पर की गई सच्ची भक्ति से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और मन को शांति मिलती है। इस पावन पर्व पर ज़ी टीवी के कई पॉपुलर सितारों ने अपने विचार साझा किए। जमाई नं.1 के अभिषेक मलिकए जाने अनजाने हम मिले की आयुषी खुरानाए भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरेए जागृति, एक नई सुबह के विजयेंद्र कुमेरिया, कुमकुम भाग्य के अक्षय देव बिंद्रा, कैसे मुझे तुम मिल गए की किशोरी शहाणे और वसुधा की प्रिया ठाकुर ने बताया कि उनके लिए महाशिवरात्रि सिर्फ़एक परंपरा नहींए बल्कि एक आध्यात्मिक सफ़र है। यह पर्व उनके लिए आस्थाए आत्मचिंतन और आभार से जुड़ा हुआ हैए जो उन्हें भगवान शिव के धैर्य और भक्ति के गुणों से जोड़ता है। नील का किरदार निभा रहे अभिषेक मलिक ने कहा कि महाशिवरात्रि मेरे लिए सिर्फएक त्यौहार नहीं बल्कि भगवान शिव से जुड़ने का खास दिन है। मैं हमेशा से शिव भक्त रहा हूं। उनकी शांतिए शक्ति और धैर्य की सीख ने मुझे ज़िंदगी के हर मोड़ पर संभाला है। आयुषी खुराना ने कहाए ष्महाशिवरात्रि मेरे लिए आस्था और भगवान शिव से जुड़ने का खास दिन है। हर साल मैं इस दिन व्रत रखती हूंए लेकिन सिर्फपरंपरा के लिए नहीं बल्कि खुद को अनुशासित करने और भगवान की स्तुति के लिए। भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा कि महाशिवरात्रि मेरे लिए हमेशा खास रही है क्योंकि यह मेरी बचपन की खूबसूरत यादें ताजा कर देती है। जागृति एक नई सुबह में सूरज का किरदार निभा रहे विजयेन्द्र कुमेरिया ने कहाए ष्एक्टर होने के नाते हर किरदार कुछ नया सिखाता हैए लेकिन भगवान शिव की कहानी हमेशा मेरे दिल के करीब रही है। महाशिवरात्रि मेरे लिए सिर्फएक त्यौहार नहीं,बल्कि खुद से जुड़ने और आत्मचिंतन करने की रात होती है। कुमकुम भाग्य में रौनक का किरदार निभा रहे अक्षय देव बिंद्रा ने कहा कि महाशिवरात्रि मेरे लिए भक्ति और आत्मचिंतन की रात रही है।

## पाकिस्तानः पीटीआई नेताओं के घरों और दफ्तरों पर पंजाब पुलिस की छापेमारी, 12 कार्यकर्ता गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेताओ के कार्यालयो और आवासो पर छापेमारी करके इसके 12 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पार्टी की ओर से राजनीतिक गतिविधियो को फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद यह कार्वाई की गई। यह जानकारी सोमवार को मिली। पंजाब के वरिष्ठ पीटीआई नेता शौकत बसरा ने कहा कि पंजाब पुलिस ने रावलपिंडी और प्रांत के अन्य जिलों मे कार्यकर्ता सम्मेलनों के आयोजन की व्यवस्था करने मे जुटे 12 से अधिक पीटीआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। बसरा ने कहा, पीटीआई सांसदो के घरो की पवित्रता का उल्लंघन उन लोगो द्वारा किया गया है जिन्होने उन पर धावा बोला और तोड़फोड़ की। फासीवादी शासन के पदाधिकारी यह कहकर अपनी कार्वाई को उचित ठहराते है कि वे सेना के आदेश पर ऐसा कर रहे है। बसरा ने कहा कि मुर्री जिला महासचिव सफ्दर जमान सत्ती सहित 12 से अधिक पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। बसरा और पीटीआई की पंजाब मे प्रमुख संगठनकर्ता आलिया हमजा ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा किए है जिनमे पुलिस की मनमानी साफ दिखाई दे रही है।

## महाशिवरात्रि पर पर्यटकों के स्वागत के लिए नेपाल तैयार

काठमांडू। महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाल और भारत से बुधवार को करीब दस लाख श्रद्धालुओं के यहां पशुपतिनाथ मंदिर मे दर्शन करने आने की उम्मीद है। मंदिर का प्रबंधन करने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि करीब 4,000 साधु और हजारों की संख्या में श्रद्धालु बागमती नदी के तट पर स्थित पांचवी शताब्दी के इस मंदिर मे पूजा-अर्चना करने के लिए काठमांडू पहुंच रहे हैं। महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म के दिन के रूप में जाना जाता है। पशुपति ट्रस्ट की प्रवक्ता रेवती अधिकारी ने बताया कि इस भव्य अवसर के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होने बताया कि इस दिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कुल 10,000 सुरक्षाकर्मी और 5,000 स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे। उन्होने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर महाशिवरात्रि को तड़के दो बज कर 15 मिनट पर खुलेगा और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के चारों द्वारों से शिवलिंग के दर्शन की व्यवस्था की गई है।

## अमेरिकन एयरलाइंस की न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद रोम भेजा गया

भाषा। न्यूयॉर्क

**न्यूयॉर्क से** दिल्ली जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के विमान को रविवार शाम बम की संदिग्ध धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर रोम की ओर भेज दिया गया और जांच के बाद इसे फिर से उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई। अधिकारियों के मुताबिक इस विमान में 199 यात्री और चालक दल के 15 सदस्य सवार थे। संघीय विमानन प्रशासन नेबताया कि चालक दल द्वारा सूचना दिए जाने के बाद अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान एए292 का मार्ग परिवर्तित किया गया और उसे रोम की ओर भेज दिया गया। एफएए ने बताया कि विमान को स्थानीय समयानुसार शाम करीब साढ़े पांच बजे रोम के लियोनार्डो दा विंची अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतारा गया। अमेरिकन एयरलाइंस ने कहा कि उड़ान संख्या 292 का संभावित सुरक्षा कारणों से मार्ग परिवर्तित किया गया और उसे रोम की ओर भेजा गया।

# जर्मनी में दक्षिणपंथी नेता ने चुनाव जीता



भाषा। बर्लिन

**जर्मनी में** रूढ़िवादी विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज ने रविवार को राष्ट्रीय चुनाव में जीत हासिल की। चुनाव संबंधी अनुमानों से पता चलता है कि अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) का समर्थन बढ़कर दोगुना हो गया है जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी घोर दक्षिणपंथी विचारधारा वाली पार्टी का सबसे मजबूत प्रदर्शन है। चांसलर ओलाफ शोल्ज ने अपनी मध्यमार्गी वामपंथी विचारधारा वाली सोशल डेमोक्रेट्स की हार स्वीकार कर ली है। ओलाफ शोल्ज ने इसे कड़वा चुनाव परिणाम बताया। सार्वजनिक टेलीविजन प्रसारक एआरडी और जेडडीएफ के अनुमानों के अनुसार, शोल्ज की पार्टी राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में सबसे खराब परिणाम के साथ तीसरे स्थान पर रही। मर्ज ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह ईस्टर तक गठबंधन सरकार बना लेंगे, लेकिन यह चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है। नवंबर में शोल्ज के गठबंधन के टूटने के बाद चुनाव मूल रूप से तय समय से सात महीने पहले हुए। शोल्ज का तीन साल का कार्यकाल अंदरूनी कलह से भरा रहा, जिसमें व्यापक असंतोष था और किसी भी उम्मीदवार के लिए कोई खास उत्साह नहीं दिखता था। इस चुनाव अभियान में यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वर्षों से व्याप्त स्थिरता और प्रवासन पर अंकुश लगाने के दबाव की चिंता हावी थी। हाल के सप्ताह में अपने चुनाव प्रचार अभियान में मर्ज ने इन मुद्दों को जोर शोर से उठाया और उस पर कड़ा रुख अपनाने पर जोर दिया। यह चुनाव यूक्रेन के भविष्य और अमेरिका के साथ यूरोप के गठबंधन को लेकर बढ़ती अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में हुआ है। जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का एक प्रमुख सदस्य है। यह अमेरिका के बाद यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है।

### इराक की जनसंख्या 4.61 करोड़ हुईः जनगणना

**बगदाद।** लगभग 40 वर्ष मे इराक की पहली जनगणना के सोमवार को जारी अंतिम परिणाम बताते है कि देश की आबादी 4.61 करोड़ तक पहुंच गई है।साल 2009 में, एक अनौपचारिक गणना मे देश की आबादी 3.16 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया था।इराकी अधिकारियो ने इस जनगणना को एक मील का पत्थर बताया है और कहा है कि यह भविष्य की योजना और संसाधन वितरण के लिए आवश्यक डेटा प्रदान करेगा।परिणामों की घोषणा करने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन मे इराकी योजना मंत्री मोहम्मद तमीम ने कहा कि जनगणना देश में स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करती है।

## सूडान की सेना ने महत्वपूर्ण शहर ओबैद से अर्धसैनिक समूह का कब्जा खत्म किया

**काहिरा।** सूडान के महत्वपूर्ण शहर ओबैद पर एक वर्ष से अधिक समय से कुख्यात अर्धसैनिक समूह रेपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने कब्जा कर रखा था जिसे खत्म कर सेना ने वहां अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है।अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सेना की इस कार्वाई से दक्षिण-मध्य क्षेत्र में एक रणनीतिक इलाके तक उनका कब्जा बहाल हो गया है। सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नबील अब्दुल्ला ने एक बयान में कहा कि सेना ने रविवार को व्हाइट नाइल प्रांत में आरएसएफ को उसके अंतिम गढ़ से भी खदेड़ दिया।पिछले वर्ष अप्रैल में सूडान में सेना और आरएसएफ के बीच बढ़ते तनाव के बाद पूरे देश में युद्ध शुरू हो गया था और इसके साथ ही वहां अराजकता फैल गई थी।संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूहों के अनुसार, राजधानी खार्तूम और अन्य शहरी क्षेत्रों में हुए युद्ध में सामूहिक दुष्कर्म और नस्ली हत्याओं सहित कई तरह के अत्याचार हुए हैं।

